पौष शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080
लखनऊ, गुरुवार, 18 जनवरी 2024
वर्ष 33, अंक 348, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



तारों के निर्माण की नई जानकारी सामने आई 16
इंशाअल्लाह में शाहरुख खान की एंट्री 15

## हवा में उड़ रहे जहाज के शौचालय में फंसा यात्री

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ टिकट के पैसे वापस करेगी स्पाइस जेट एयरलाइंस

स्पाइसजेट का एक यात्री दरवाजे का लॉक खराब होने के कारण विमान के शौचालय में करीब एक घंटे तक फंसा रहा। घटना के समय विमान हवा में था। स्पाइसजेट के प्रवक्ता के अनुसार, यह घटना मंगलवार को मुंबई से बेंगलुरु जा रही उड़ान में हुई और एयरलाइन यात्री को टिकट के पूरे पैसे वापस कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) इस घटना की जांच कर रहा है।

एयरलाइन ने यात्री को हुई असुविधा के लिए माफी भी मांगी है। विमान के बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद एक इंजीनियर ने शौचालय का दरवाजा खोला और तब जाकर यात्री बाहर आ पाया। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, '16 जनवरी को मुंबई से बेंगलुरु जा रही स्पाइसजेट की उड़ान में दरवाजे के लॉक में खराबी के कारण एक यात्री दुर्भाग्य से लगभग एक घंटे तक शौचालय के अंदर फंसा रहा। यात्री को टिकट का पूरा पैसा वापस किया जा रहा है।'

### भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामसेवकपुरम से जन्मभूमि में लाया गया विग्रह

## मंदिर पहुंचे रामलला, आज सिंहासन पर होंगे विराजमान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार रात रामलला का नूतन विग्रह राम जन्मभूमि परिसर में पहुंच गया, जिसे गुरुवार को गर्भगृह में सिंहासन पर स्थापित कराया जाएगा। रामसेवकपुरम से बंद डीसीएम में विग्रह को रखकर राम जन्मभूमि परिसर के गेट नंबर दो से प्रवेश कराया गया। मूर्तिकार अरुण योगीराज के द्वारा तराशी गई 51 इंच की प्रतिमा श्याम रंग की है। दो टन वजन वाली प्रतिमा फिलहाल अभी ढकी हुई है।

रामसेवकपुरम से पहले विवेक सृष्टि से प्रतिमा लेकर बुधवार शाम कड़ी सुरक्षा के बीच निकला डीसीएम धर्म पथ, रामपथ और भक्ति पथ से होता हुआ हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचा। इसके बाद दशरथ महल के रास्ते रंगमहल से होते हुए जन्मभूमि परिसर के गेट पर पहुंचा। जगह-जगह पर श्रद्धालु स्वागत में जय श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय सहित वैदिक आचार्य की टीम शामिल रही। इस दौरान सुरक्षा के लिए एटीएस, पीएससी, सिविल पुलिस के साथ बख्तर बंद वाहन भी शामिल रहे। विग्रह के परिसर में पहुंचने से पहले ड्रोन से निगरानी कराई गई और जिन-जिन मार्गों से होकर विग्रह गुजरा, उनको पूरी तरह खाली करा दिया गया।

**हवन मंडप में स्थापित होगा जल :** यजमान डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि दूसरे दिन की पूजा संपन्न हुई। मां सरयू की पूजा-अर्चना की गई। कलश की पूजा अर्चना हुई है। अनुष्ठान संपन्न करा रहे काशी के विद्वान जय कृष्ण दीक्षित ने बताया कि अनुष्ठान में कलश यात्रा का कार्यक्रम था, लेकिन सुरक्षा कारणों और राम भक्तों की सुविधा को देखते हुए यह आयोजन भव्य रूप से न होकर सूक्ष्म किया गया। कलश पूजन और मां सरयू के पूजन के साथ यह जल ले जाकर हवन मंडप में स्थापित किया जाएगा। 18 जनवरी से आगे के सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।

### रजत प्रतिमा का कराया भ्रमण, सिंहासन पूजा भी हुई

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत श्रीराम की रजत प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने जन्मभूमि परिसर का भ्रमण कराया। काशी से आई विद्वत मंडली के सदस्य वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए साथ चलते रहे। इस दौरान रजत प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की गई। पूरे परिसर में जगह-जगह पर सुंदर सजावट भी की गई थी। गर्भगृह में सिंहासन पूजन भी किया गया।

### कलश लेकर पहुंचे मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा

महोत्सव के अंतर्गत चल रहे अनुष्ठान में दूसरे दिन बुधवार को सबसे पहले ट्रस्ट के सदस्य और मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने अपनी पत्नी के साथ सरयू तट के किनारे मां सरयू का पूजन-अर्चन किया। उसके बाद कलश लेकर अनिल मिश्रा सभी वैदिक विद्वानों के साथ राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे।

## सच यह है कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से मैं संन्यासी हूं: योगी

### मुख्यमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर विपक्षी दलों के आरोपों को किया सिरे से खारिज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का श्रेय लेने के प्रयास के विपक्षी दलों के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से वह संन्यासी हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर में जो भी सेवक बन कर आएगा, उसका स्वागत किया जाएगा। इस प्रतिक्रिया के साथ योगी ने तर्क भी दिया कि अगर वह मुख्यमंत्री नहीं होते तो भी राम मंदिर आंदोलन में जुड़े होते और सबसे पीछे की कुर्सी पर बैठकर भी गौरवान्वित होते। यह समय श्रेय लेने का नहीं है, राम तो हमारे परम पिता परमेश्वर हैं।

राजधानी के एक होटल में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'मंदिर का आमंत्रण कांग्रेस, सपा समेत सभी दलों को मिला है। उन्हें राम मंदिर में आने से किसी ने रोका नहीं है। वे राम के सेवक बनकर आएं, जो राम का सेवक बनकर आएगा, उसका स्वागत है। राम मंदिर आंदोलन में हम सब बहुत पहले से जुड़े हैं। सच तो यह है कि राम मंदिर आंदोलन की वजह से मैं संन्यासी हूं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उनके गुरुदेव राम मंदिर के आंदोलन के अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं में से एक थे। उस कालखंड में भी उनके मन में इस आंदोलन का नेतृत्व था और गोरखपीठ उनके साथ थी।

### गुरु, आरएसएस और विहिप के नेतृत्व में आंदोलन आगे बढ़ा

योगी के मुताबिक, उनके गुरु, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में ये आंदोलन आगे बढ़ा था। अब रामलला प्रकट हो रहे हैं, इससे ज्यादा उत्साह की बात और क्या हो सकती है। योगी ने कहा, हम लोग रामभक्त और राम के सेवक के रूप में मंदिर में मौजूद रहेंगे। हमें सौभाग्य मिला है कि हम रामकाज में सहभागी बन गए हैं। जिस काम को दर्जनों पीढ़ियां नहीं देख पाईं, वो समय 500 साल बाद आया है।

▸▸ योगी बोले- मंदिर में जो भी सेवक बन कर आएगा, उसका स्वागत किया जाएगा

### मोदी सरकार के बिना असंभव था राम मंदिर का निर्माण

राम मंदिर के लिए तीन लाख से ज्यादा लोग शहीद हुए और 76 से ज्यादा बार संघर्ष हुआ। राम मंदिर आंदोलन से जुड़े लोग गोरखपीठ आते रहते थे। मेरे गुरु और दादा गुरु इस आंदोलन में शामिल रहे। अब मैं इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनूंगा, ये मेरा सौभाग्य है। अगर केंद्र में मोदी सरकार नहीं होती तो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य असंभव था। हम सब उस अभियान के हिस्से हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और अन्य पार्टियों के चरित्र को जनता जानती है।

### खुलासा — एक प्रवक्ता, दो संस्थान और दो वेतनमान

## डिग्री कॉलेज व परिषदीय स्कूल में रही तैनाती, दोनों जगहों से उठाया वेतन

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रवक्ता एक, संस्थान दो, जुगाड़ के बल पर दोनों जगहों से वेतनमान लेते रहे। सरकारी सिस्टम का यह गजब खेल उस समय सामने आया, जब आरटीआई से मिले एक जवाब में शिक्षकों ने एक ही समयांतराल के दौरान उच्च और बेसिक शिक्षा दोनों विभागों में ही नौकरी कर डाली। बाकायदा लाखों रुपये वेतन दोनों जगहों से लिया। हड़कंप तब मचा, जब एक शिकायतकर्ता आरटीआई सहित अन्य साक्ष्यों से जुड़े दस्तावेज लेकर खुद संसदीय एवं सद्भावना समिति के सभापति के पास पहुंच गया।

सपा सरकार में हुए इस मामले को देखते हुए सभापति ने उच्च शिक्षा निदेशक को जांच के आदेश दिए। इस मामले में निदेशक द्वारा टीम गठित की गई। शिकायतकर्ता के बयान दर्ज कर दोनों जिलों मैनपुरी और कानपुर के बीएसए से आख्या मांगी गई है।

मामला वर्ष 2006-2014 के बीच नौ बीएड कॉलेजों (स्ववित्त पोषित) से जुड़ा हुआ है। तत्कालीन सपा सरकार द्वारा शिक्षक हित का हवाला देते हुए बीएड पाठ्यक्रम में कार्यरत अर्ह प्रवक्ताओं को वेतन संदाय खाते से भुगतान का निर्णय लिया गया। इस पर ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ हमीरपुर के बीएड प्रवक्ता सलिल कुमार तिवारी ने आरटीआई डाली। जब उत्तर मिला तो घालमेल साफ नजर आया। शासकीय नियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति दो पदों पर कार्य करते हुए दोनों विभागों से वेतन नहीं प्राप्त कर सकता है, लेकिन 14 प्रवक्ताओं पर उंगली उठी। इसी को लेकर बीते दिन प्रवक्ता सलिल कुमार तिवारी व उनके साथी संसदीय एवं सद्भावना समिति के सभापति आशुतोष सिन्हा से मिले। आरटीआई व अन्य माध्यमों का हवाला दिया। तूल पकड़ते प्रकरण में उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर ब्रह्मदेव ने जांच कमेटी गठित की।

सलिल तिवारी
शिकायतकर्ता

▸▸ संसदीय एवं सद्भावना समिति के सभापति के पास पहुंचा मामला

### इस तरह हुआ सरकारी खजाने का दुरुपयोग

शिकायत के बाद सपा कार्यकाल की नियुक्ति और उससे जुड़ा मैनपुरी जनपद फिलहाल चर्चा में है। आरोप है कि डॉ. विकास मिश्रा की बेसिक शिक्षा विभाग में नियुक्ति वर्ष 2003 में मैनपुरी जनपद में हुई थी। शिकायतकर्ता द्वारा प्राप्त की गई आरटीआई और ई सर्विस बुक (मानव संपदा) के रिकार्डों और आरोपों को मानें तो 1 मई वर्ष 2014 से 31 अगस्त 2014 तक डॉ. विकास द्वारा वेतन एरियर के रूप में प्राप्त किया गया। वहीं इन्हीं के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग मैनपुरी से 1 मई 2014 से 31 अगस्त 2014 का भी वेतन लिया गया। ऐसे में सरकारी खजाने से उच्च शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग के कोष से अकेले लगभग 10 लाख की धनराशि का आहरण हुआ। कुछ इसी तरह के आरोप डॉ. अभिनव सिंह पर लगे हैं। इनकी नियुक्ति कानपुर नगर के एक प्राइमरी विद्यालय में हुई थी। इसी अवधि में दो विभागों के कोषों से धन आहरण होने का दावा किया गया है।

### एक नजर

#### ईडी अधिकारियों पर हमलों की जांच के लिए एसआईटी गठित

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में 5 जनवरी को टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर के सामने ईडी के अधिकारियों और केंद्रीय बलों पर हमले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। ईडी अधिकारियों और केंद्रीय बलों पर उस समय हमला किया गया, जब वे पश्चिम बंगाल में राशन घोटाले मामले में छापा मारने गए थे।

#### महाराष्ट्रः विस अध्यक्ष के फैसले पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को असली राजनीतिक दल घोषित करने के विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुनवाई 22 जनवरी तक के लिए टाल दी। ठाकरे गुट की ओर से सोमवार को दायर की गई याचिका शीर्ष अदालत रजिस्ट्री द्वारा प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष 19 जनवरी के लिए सूचीबद्ध की गई थी। ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि सुनवाई इस शुक्रवार के बजाय अगले सप्ताह सोमवार को की जाए।

#### सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का लाइसेंस निरस्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने नियमों के कथित उल्लंघन के लिए प्रमुख थिंक टैंक 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण रद कर दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा यह कदम एफसीआरए के तहत गैर-लाभकारी संस्था (एनजीओ) के पंजीकरण को निलंबित करने के लगभग एक साल बाद उठाया गया है। आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी के बाद से थिंक-टैंक जांच के दायरे में है।

## आईएसआईएस आतंकी फैजान को एटीएस ने अलीगढ़ से दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 25 हजार का था इनाम, अलीगढ़ मुस्लिम विवि से कर रहा था एमएसडब्ल्यू

**अमृत विचारः** आईएसआईएस के फरार आतंकी फैजान बख्तेयार को यूपी एटीएस ने बुधवार को अलीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एटीएस उसे रिमांड पर लेकर उसके बारे में व पूर्व में गिरफ्तार साथियों के अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी हासिल करेगी। अब्दुल्ला अर्सलान, माज बिन तारिक और वजीहुद्दीन समेत अब तक कुल आठ को एटीएस गिरफ्तार कर चुकी है। 25 हजार का इनामी अब्दुल समद मलिक ने बीते दिनों अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था।

प्रयागराज के मूल निवासी फैजान बख्तेयार अलीगढ़ के वीएम (वकार उल मुल्क) हॉल, रूम नंबर एम 9 में रहता था। वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से एमएसडब्ल्यू (मास्टर इन सोशल वर्क) कर रहा था। एटीएस के मुताबिक, फैजान ने पूछताछ में बताया कि उसने प्रयागराज के रहने वाले रिजवान अशरफ से आईएसआईएस की शपथ ली थी। पूर्व में गिरफ्तार अपने साथियों के साथ मिलकर वह अलीगढ़ में आईएसआईएस का मॉड्यूल तैयार कर अन्य लोगों को भी इसमें जोड़ रहा था। एटीएस के अनुसार अलीगढ़ आईएसआईएस मॉड्यूल का नेटवर्क कई जनपदों में फैला हुआ था। ये सभी कोई बड़ी आतंकी घटना करने की फिराक में थे। आईएसआईएस के अलीगढ़ मॉड्यूल के ध्वस्त होने के बाद से फैजान छिपकर रह रहा था।

## आयुष्मान भारत योजना में बीमा कवर होगा दोगुना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार अपनी महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के तहत बीमा कवर को दोगुना कर 10 लाख रुपये करने के प्रस्ताव पर काम कर रही है। इससे कैंसर और अंग प्रत्यारोपण जैसे महंगे इलाज में मरीजों की अधिक मदद की जा सकेगी।

सूत्रों ने बताया कि इसकी घोषणा 1 फरवरी को अंतरिम बजट भाषण में की जा सकती है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वालों, निर्माण कामगारों और आशा कार्यकर्ताओं को अगले तीन साल में जोड़कर लाभार्थियों की संख्या 100 करोड़ करने की योजना बना रहा है।

## शेयर बाजार धराशायी : सेंसेक्स 1,628 अंक लुढ़का, निवेशकों के 4.59 लाख करोड़ डूबे

मुंबई, एजेंसी

▸▸ 18 महीने की सबसे बड़ी गिरावट, निफ्टी भी 21,600 से फिसला

लगातार रिकॉर्ड छलांग लगा रहा शेयर बाजार बुधवार को धड़ाम हो गया। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी दो-दो प्रतिशत से ज्यादा फिसल गए। भारी बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुख के बीच सेंसेक्स 1,628.01 अंकों यानी 2.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,500.76 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 473.35 अंकों यानी 2.15 प्रतिशत प्रतिशत फिसलकर 21,558.95 के लेवल पर बंद हुआ। शेयर बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों को 4.59 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी।

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,59,327.64 करोड़ रुपये घटकर 3,70,35,933.18 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में दो दिनों की गिरावट में निवेशकों की संपत्ति 5,73,576.83 करोड़ रुपये घट गई है। बुधवार को बाजार में बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में भारी बिकवाली दिखी।

प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में यह प्रतिशत के संदर्भ में 13 जून, 2022 के बाद एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। हाल में शेयर बाजार में तेजी के बाद यह भारी गिरावट आई है। बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को अब तक के उच्चतम स्तर 73,427.59 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 22,124.15 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक आठ प्रतिशत से अधिक नीचे आ गया। तिमाही परिणाम बाजार की उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने के बाद कंपनी का शेयर नीचे आया है। इसके साथ कंपनी का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये से अधिक नीचे आ गया। बैंकों में कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और इंडसइंड बैंक नुकसान में रहे। अन्य शेयर जो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे, उनमें टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स शामिल हैं।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, दो जवानों की मौत

इंफाल, एजेंसी

▸▸ उपद्रवियों ने पुलिस चौकी पर बम फेंके, राज्य सरकार ने केंद्र से हेलीकॉप्टर मांगे

मोरेह इलाके में बुधवार की सुबह उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया। इसमें दो जवानों की मौत हो गई। इसके अलावा एक कुकी समुदाय की महिला की जान चली गई। हमलावर कुकी समुदाय के ही बताए जा रहे हैं। हमले में तीन जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। उपद्रवियों ने एसबीआई मोरेह में सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो पोस्ट पर भी गोले दागे, जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। फिलहाल तेंगनौपाल जिले में कर्फ्यू लगा है।

इस बीच मणिपुर सरकार ने मोरेह में कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर आपातकालीन जरूरतों को देखते हुए गृह मंत्रालय से हेलीकॉप्टर की मांग की है। मणिपुर सरकार ने गृह मंत्रालय से कम से कम सात दिनों के लिए हेलीकॉप्टर मांगे हैं।

## महुआ को सरकारी बंगला तत्काल खाली करने का आदेश

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की निष्कासित सांसद महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला खाली करने का आदेश दिया गया है। निष्कासन के बाद संपत्ति निदेशालय की ओर से उन्हें तीसरी बार सरकारी घर छोड़ने को कहा गया है। मोइत्रा को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है।

एक सूत्र ने कहा, 'चूंकि मोइत्रा को मंगलवार को घर खाली करने का नोटिस जारी किया गया तो अब सपंत्ति निदेशालय के अधिकारियों की एक टीम यह सुनिश्चित करने के लिए भेजी जाएगी कि सरकारी बंगला जल्द से जल्द खाली हो जाए।' महुआ को पिछले साल 8 दिसंबर को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

### गौरव के क्षण — उज्जैन के महाराजा विक्रमादित्य ने खंडहर बन चुकी अयोध्या का पांच कोस में किया था पुनरुद्धार, बनवाए थे 360 मंदिर

## विक्रमादित्य से 17 गुना अधिक क्षेत्र में सज रही नव्य अयोध्या

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** महाराज विक्रमादित्य के शासनकाल (57 ईसापूर्व-19ई) के बाद से अब सत्रह गुना अधिक क्षेत्र में सज रही मूल अयोध्या, नव्य अयोध्या और 84 कोसी आध्यात्मिक क्षेत्र के रामायणकालीन सवा तीन सौ स्थलों और ऋषि-मुनियों के आश्रम पूरे विश्व को आधुनिक भारत की सांस्कृतिक राजधानी का संदेश दे रहे हैं। ऐसे अवसर पर अयोध्यावासी त्रेतायुग के बाद फिर असीम काल तक होने वाले गौरव की अनुभूति से आह्लादित और भविष्य की जिम्मेदारी भी समझ रहे हैं।

एक समय था, जब खंडहर बन चुकी त्रेतायुग की अयोध्या को उज्जैन के महाराजा विक्रमादित्य ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर सहित पांच कोस में 360 मंदिरों का पुनरुद्धार करके जीवंत किया। पांच सौ साल के संघर्ष व प्रतीक्षा के बाद आज से ठीक पांचवें दिन श्रीराम जन्मभूमि पर बने नव्य मंदिर में रामलला विराजेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साधना से अयोध्या में चल रहे विकास के महायज्ञ को देख पूरा विश्व चौंधियाया हुआ है। अब मूल अयोध्या की पौराणिकता सजाने के लिए रामकोट स्थित श्रीराम जन्मभूमि से दो किलोमीटर की परिधि में पौने दो सौ जर्जर होकर ढह रहे पौराणिक स्थलों के पुनरुद्धार का जिम्मा केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय समेत प्रदेश के संबंधित विभाग के पास है।

ठुमुक-ठुमुक प्रभु चलई पराई.. की मनोहारी अनुभूति कराने वाले दशरथ महल को करीब तीन करोड़ रुपये खर्च करके सजाया जा रहा है। 40 हजार करोड़ की योजनाओं में पौराणिक नामों से फोर लेन पथ, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, नगर व उपनगर सज रहे हैं।

### श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद में आएगा 138 गुना क्षेत्र

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद का गठन किया है। इसके गठन से विकास की असीम संभावनाओं के केंद्र में अयोध्या विकास प्राधिकरण की 6325 .24 हेक्टेयर में बसी कुल 3 लाख 31 हजार 162 की आबादी को बढ़ाकर अब 87 हजार 261 हेक्टेयर में बसी 8 लाख 73 हजार 373 आबादी को जोड़ा जा रहा है। यह प्रस्ताव पहले अयोध्या विकास प्राधिकरण के विस्तार का था, लेकिन तीन जिले की कई कानूनी अड़चनों से अब तीर्थ विकास परिषद के जरिए समन्वित कार्य होगा। इससे सरयू के दोनों तट का सीमाई विस्तार होगा।

### अयोध्या से जुड़ेगी स्वामीनारायण की जन्मस्थली

गुजरात में सर्वाधिक पूजनीय भगवान स्वामीनारायण की जन्मस्थली अयोध्या से करीब 40 किमी दूर गोंडा जिले के छपिया में है। अयोध्या उनकी रमण भूमि रही है। गुजरात के श्रद्धालु पहले अयोध्या आकर सरयू स्नान और दर्शन-पूजन करते हैं। फिर स्वामीनारायण का दर्शन पूर्ण माना जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए गोंडा के नवाबगंज नगरपालिका समेत 62 गांवों को तीर्थ विकास परिषद में शामिल करके छपिया से अयोध्या तक कारीडोर बनाने के साथ भक्तों की सुख सुविधाएं और रिहायशी कालोनियां विकसित करने की योजना है। यहां उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी निवेश की इच्छा जता चुके हैं।

# कुपोषण से लड़ना संभव, तंदुरुस्त हुए 1.33 लाख बच्चे

## पिछले वर्ष जून माह में बेस लाइन सर्वे में चिह्नित हुए थे 2,48,531 अति कुपोषित बच्चे

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 'सम्भव अभियान' से पिछले वर्ष जून में चयनित 2,48,531 अतिकुपोषित (सैम) बच्चों में 1,33,811 स्वस्थ होकर सामान्य श्रेणी में आए हैं। इस अभियान से अक्टूबर तक चले उपचार और फॉलोअप से 63 प्रतिशत बच्चों में तेजी से सुधार आया है। इससे बाल विकास पुष्टाहार विभाग को कुपोषण की लड़ाई में बल मिला है। इतना ही नहीं अतिकुपोषित 33,820 बच्चे कुपोषण श्रेणी में आए हैं और सामान्य के करीब हैं। जबकि कुछ जगह अभियान सफल न होने पर 34,059 बच्चों में कोई सुधार नहीं हुआ है तो 9,828 बच्चे फॉलोअप न होने के कारण कुपोषण की जंग से छूट गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के साथ इन्हें कुपोषण से बाहर लाने का प्रयास जारी है।

**विशेष**

▸▸ 63 प्रतिशत सामान्य श्रेणी में आए बच्चे, 9828 अभियान से छूटे

**ये था अतिकुपोषित बच्चों का प्रतिशत**

| | |
|---|---|
| लड़के | 58 |
| लड़कियां | 42 |
| पांच माह तक के बच्चे | 11 |
| छह से 23 माह तक के बच्चे | 41 |
| 24 से 59 माह तक | 48 |

**वजन, लंबाई और उम्र के आधार पर हुआ चयन**

दरअसल, इस अभियान में बच्चों का चयन उम्र, लंबाई और वजन नाप कर किया गया। 100 प्रतिशत बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने का लक्ष्य देकर एनआरसी वार्ड में भर्ती कराया गया। वार्ड में जांच, दवा व नपा-तुला खाना देकर बच्चों की देखरेख की गई और डिस्चार्ज के बाद 14 के तीन फॉलोअप कर रिपोर्ट ली गई। जबकि इससे पहले उम्र और वजन के आधार पर चयन होता था। जबकि इससे पहले इन मानकों का पालन मनमाने तरीके से होता था।

> सम्भव अभियान पर जोर देकर विभाग काम कर रहा है। इससे कुपोषित बच्चों में निरंतर सुधार आया है। उपचार के साथ फालोअप जारी है। इससे अन्य बच्चे सामान्य श्रेणी में आएंगे।
> – सरनीत कौर ब्रोका, निदेशक, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग

**1.94 लाख बच्चे और बढ़े**

इधर, निरंतर प्रक्रिया में जुलाई से अक्टूबर तक प्रदेश में 1,94,609 अति कुपोषित बच्चे बढ़े हैं। इन बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए चिकित्सीय प्रबंधन, सामुदायिक व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए दोनों विभाग अभियान चला रहे हैं।

# अब 20 तक त्रुटियां हो सकेंगी संशोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिपाही के 60 हजार से अधिक पदों पर भर्ती को लेकर हुए आवेदन की त्रुटि में सुधार और शुल्क समायोजन की तारीख बढ़ गई है।

बोर्ड की ओर से कहा गया है कि किसी अभ्यर्थी के आवेदन में अगर कोई त्रुटि हो गई है तो उसे दुरुस्त करने और शुल्क समोजन के लिए 17 से 20 जनवरी तक मौका दिया जाएगा। साथ ही अगर किसी अभ्यर्थी ने अभी तक अपने अभिलेख डिजिलॉकर माध्यम से अपलोड नहीं किया है, वह भी इस तारीख तक कर सकते हैं। पहले इसके लिए 17 और 18 जनवरी की तारीख निर्धारित थी।

**सिपाही भर्ती आवेदन**

▸▸ वेबसाइट पर ही ऑनलाइन खुद करना होगा संशोधित

▸▸ ई-मेल या पत्र से संशोधन स्वीकार्य नहीं करेगा बोर्ड

पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कहा है कि उन त्रुटियों को ऑनलाइन ही दुरुस्त किया जा सकेगा। यह कार्य खुद अभ्यर्थी को ही करना होगा। ईमेल, पत्र या अन्य किसी माध्यम से संशोधन को बोर्ड स्वीकार्य नहीं करेगा। सिपाही के बहुप्रतीक्षित 60,244 पदों पर भर्ती के लिए 23 दिसम्बर को नोटिफिशन जारी किया गया था। इसके तहत 24,102 पद सामान्य वर्ग के लिए, जबकि ईडब्ल्यूएस के लिए 6,024, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 16,264, अनुसूचित जाति के लिए 12,650 तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 1,204 पद आरक्षित हैं। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। 27 दिसम्बर से ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा किए जाने की तारीख तय की गई। अंतिम तिथि 16 जनवरी 2024 तथा शुल्क समायोजन और आवेदन में संशोधन के लिए 17-18 जनवरी अंतिम तिथि घोषित की गई थी।

**एक नजर**

### 75 फीसदी ग्रामीणों तक पहुंचा नल से जल

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. में ग्रामीणों को शुद्ध पानी मुहैया कराने में जल जीवन मिशन ने लंबी छलांग लगाई है। राज्य के 75 प्रतिशत ग्रामीणों तक नल से शुद्ध जल की आपूर्ति से जोड़ दिया गया है। बुधवार को भारत सरकार की रेटिंग में उप्र 75 प्रतिशत नल कनेक्शन देने वाले राज्यों की सूची में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि को हासिल करने पर कई केंद्रीय मंत्रियों ने भी बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की तरफ से जल जीवन मिशन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स पर जल्द से जल्द बाकी गांवों को नल कनेक्शन से जोड़ने का आह्वान किया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इसे उप्र. की बड़ी उपलब्धि बताते हुए बधाई दी है।

### 24 तक जमा करें नर्सिंग सीट वृद्धि के आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग व पैरामेडिकल की सीट वृद्धि का ऑनलाइन आवेदन करने वाले संस्थानों को हार्ड कॉपी की प्रतियां उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ में जमा करानी है। कई आवेदक संस्थानों की प्रतियां न मिलने की वजह से फैकल्टी ने संस्थानों की सुविधा के लिए जमा करनी की अंतिम तिथि 24 जनवरी तक बढ़ा दी है।

# मुगलों के पतन का कारण बना खालसा पंथ

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा नाका हिंडोला द्वारा डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कि गुरु गोविंद सिंह एक दिव्य महापुरुष थे। इस धरा पर एक निश्चित प्रयोजन से उनका आगमन हुआ। उन्होंने कहा कि खालसा पंथ की स्थापना मुगल साम्राज्य के पतन का कारण बना। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता हैं। गुरु तेग बहादुर ने सत्य और न्याय की स्थापना के लिए शहादत की जो श्रंखला शुरू की थी, उसको गुरु गोविंद सिंह ने आगे बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने देश और धर्म के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने जो बलिदान दिया, वह आज भी हम सबके लिए प्रेरक है। उन्होंने कहा कि इतिहास में ऐसा उदाहरण बड़ी मुश्किल से मिलता है, जिसमें कई पीढ़ियां देश और धर्म की रक्षा के लिए खुद को बलिदान कर दें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आवास में साहिबजादों का बलिदान दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2022 से राष्ट्रीय स्तर पर वीर बाल दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर खालसा इंटर कॉलेज के छह विद्यार्थियों को नेशनल गेम्स में स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परमिंदर सिंह, सतपाल सिंह मीत ने अन्य पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह और सिरोपा देकर सम्मानित किया।

गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते सिख समाज के लोग।

### 'उत्तर प्रदेश समृद्ध सांस्कृतिक विरासत' की थीम पर मनाया जाएगा यूपी दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी दिवस के अवसर सभी जिलों में 24 से 26 जनवरी तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। यूपी दिवस की थीम 'उत्तर प्रदेश समृद्ध सांस्कृतिक विरासत' है। इसलिए थीम के अनुरूप ही प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित होनी चाहिए। मुख्य कार्यक्रम लखनऊ, नोएडा एवं नई दिल्ली में आयोजित होंगे। आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिये।

यह निर्देश बुधवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने उत्तर प्रदेश दिवस-2024 आयोजन संबन्धित अधिकारियों और जिलाधिकारियों की बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि एक जनपद एक उत्पादक के तहत प्रदर्शनी तथा ओडीओपी एवं विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित लाभार्थियों को टूल किट का वितरण कराया जाये। नवीन कृषि तकनीक पर विशेष सत्र का आयोजित हो, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कराया जाये। विवेकानन्द पुरस्कार एवं अन्य पुरस्कार का वितरण कराया जाये। समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के साथ छात्रवृत्ति एवं पुरस्कारों का वितरण एवं जनजातीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगवायी जाये।

# साध्वी निरंजन ज्योति की कार लेकर भागने का प्रयास

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर

▸▸ बंथरा थाना क्षेत्र के न्यू प्रधान ढाबा के समीप का मामला

**अमृत विचार :** बंथरा इलाके में केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की निजी कार बिना अनुमति ले जाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। कार में सवार सुरक्षा कर्मियों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। ड्राइवर ने बताया कि कार में केंद्रीय मंत्री नहीं थीं। आरोप लगाया कि आरोपी की मंशा कार चालू कर अगवा करने की ही थी। ड्राइवर की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। बाद में उसे जेल भेज दिया गया।

कानपुर देहात के मूसानगर निवासी चेतराम केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की निजी कार के ड्राइवर हैं। उन्होंने बताया, मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अमौसी एयरपोर्ट आ रहीं थीं। निजी कार से उन्हें एयरपोर्ट रिसीव करने जाना था। सुरक्षा कर्मी के संग तड़के वह घर से लखनऊ के लिए निकले थे। कड़ाके की सर्दी व कोहरा अधिक होने से सुबह करीब 5:30 बजे बंथरा स्थित न्यू प्रधान ढाबा पर गाड़ी खड़ी कर चाय पीने लगे। चेतराम गाड़ी से चाबी निकालना भूल गए थे। अचानक एक युवक ने कार स्टार्ट कर भगाने का प्रयास किया। जिसे अंदर बैठे सुरक्षाकर्मी ने दबोच लिया। चेतराम ने पुलिस को दी तहरीर में केंद्रीय मंत्री को अगवा करने की मंशा से आरोपी द्वारा घटना अंजाम देने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत कुमार राघव ने बताया कि पूछताछ में आरोपी की पहचान दीपक निवासी मथुरा के रूप में हुई। उसने भूलवश कार में बैठने की बात कही। आरोपी के खिलाफ धारा 447, 504 और 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

सपा प्रदेश कार्यालय परिसर से पीडीए रथ यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करते पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, साथ में अन्य। अमृत विचार

# औद्योगिक क्षेत्रों का होगा विस्तार

## औद्योगिक विकास मंत्री ने 2940 करोड़ के प्रस्ताव को दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ उद्यमियों के हित में त्वरित व जवाबदेह प्रक्रिया अपनाने से आ रहे हैं निवेशक : नंदी

**अमृत विचार :** यीडा, यूपीडा और यूपीसीडा के औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार के लिए 2940 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। देश का ग्रोथ इंजन बन चुके उप्र.में औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तारीकरण और नए क्षेत्रों के विस्तार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में आठ हजार करोड़ में से अब तक कुल 7042.67 करोड़ रुपये स्वीकृत किये जा चुके हैं।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने औद्योगिक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते हुए कहा कि उद्यमियों के हितों के संरक्षण, सिंगल विंडो सिस्टम, त्वरित एवं जवाबदेह प्रक्रिया अपनाने से निवेशक आ रहे हैं। देश और दुनिया की नामी गिरामी कम्पनियां निवेश कर रही हैं। औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में तीन हजार करोड़ रुपये नवगठित बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि अधिग्रहण के लिए प्रदान किए जा चुके हैं। शेष पांच हजार करोड़ में एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को एक हजार करोड़, यमुना एक्सप्रेस-वे को डेढ़ हजार करोड़ एवं यूपीसीडा को 440 करोड़ रुपये स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बीते दिनों यीडा को 279 करोड़ और गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) को 823.67 करोड़ रुपये की धनराशि दी जा चुकी है। मेसर्स अपोलो लिमिटेड को औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत 55 लाख रुपये के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर बढ़ेंगी टेलीमेडिसिन सुविधाएं

## प्रमुख सचिव स्वास्थ्य ने कार्यशाला में अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर मरीजों को एक जैसी सेवाएं नहीं मिल रही हैं। वाराणसी जैसे कई जिलों में कई आरोग्य मंदिरों में बेहतर काम हो रहा है, वहीं अन्य में मरीजों को कामचलाऊ सुविधाएं मिल रही हैं। यह स्थिति ठीक नहीं हैं, सभी आरोग्य मंदिरों को दुरुस्त होना है, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज के साथ ही टेली कंसल्टेशन मिल सके। साथ ही कोशिश करें कि इस साल 50 फीसदी वेलनेस सेंटर्स, नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्यूएएस) से प्रमाणित हो जाएं।

यह निर्देश बुधवार को परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा निजी होटल में दो दिवसीय कार्यशाला के पहले दिन उद्घाटन अवसर पर दिये। उन्होंने 10 बिंदुओं पर सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सुविधाओं को लेकर निर्देश दिए। कार्यशाला में एनएचएम की मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोएल बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के उप निदेशक डॉ. देवेंद्र खंडैत, जपाइगो के डॉ. सोमेश और संजय त्रिपाठी, महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ.शैलेश श्रीवास्तव, डीजी प्रशिक्षण डॉ.नरेंद्र अग्रवाल, जीएम कम्युनिटी प्रोसेस ऊषा गंगवार समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

कार्यशाला के दौरान एनक्यूएएस अवार्ड दिलवाने में अहम भूमिका निभाने वाली सीएचओ और एएनएम को सम्मानित करते प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन।

**आरोग्य मंदिरों का होगा औचक निरीक्षण**

पार्थ सारथी सेन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कर्मचारियों की उपस्थिति जांचने को आरोग्य मंदिरों का औचक निरीक्षण करें। साथ ही ध्यान दें कि अगर किसी आयुष्मान मंदिर में बहुत दिनों से दवाएं नहीं मंगाई गईं हैं तो समझिए कि सेंटर सक्रिय नहीं हैं। देखें कि खून की जांचों की सुविधा मिल रही है या नहीं।

**सम्मानित हुए सीएचओ व एएनएम**

विभिन्न जिलों के 52 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्यूएएस अवार्ड दिलवाने वाले सीएचओ और एएनएम को सम्मानित भी किया।

# अखिलेश ने पीडीए यात्रा को किया रवाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों और पीड़ित अगड़ों को पार्टी से जोड़ने की मुहिम

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां पार्टी प्रदेश मुख्यालय से समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती के नेतृत्व में संविधान बचाओ-देश बचाओ समाजवादी पीडीए यात्रा को रवाना किया।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने राहुल भारती और उनके करीब 100 साथियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा कई जिलों में जाकर लोगों को सपा से जोड़ने का काम करेगी। पीडीए यात्रा पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों और पीड़ित अगड़ों को जोड़ेगी और समाजवादी आंदोलन को मजबूत करेगी। अखिलेश के मुताबिक, हम इंडिया गठबंधन को मजबूत कर रहे हैं।

पीडीए यात्रा में बृजलाल जाटव, कर्म सिंह, पुष्पेन्द्र रावत, कैलाश मालवीय, डॉ. सत्यपाल सिंह, कामरान, गौरव कुमार, शादाब, रिजवान, नितीन, नरेश, सागर धानुक, किशन सिंह जाटव, सुजीत कुमार गौतम, संदीप कुमार सैनी, कृष्ण कुमार, आशीष कुमार, उमेश यादव, राजेश कुमार, संदीप नागर, कैप्टन हरभजन सिंह आदि प्रमुख नेता शामिल रहे।

**19 को शाहजहांपुर, 22 को मुरादाबाद पहुंचेगी यात्रा**

समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ से बुधवार को प्रारम्भ 'संविधान बचाओ-देश बचाओ, समाजवादी पीडीए यात्रा' 18 जनवरी को हरदोई, 19 को शाहजहांपुर, 20 को बदायूं, 21 को सम्भल और 22 को मुरादाबाद पहुंचेगी। यह यात्रा 23 जनवरी को बिजनौर, 24 को वाया हरिद्वार होते हुए 25 को सहारनपुर, 26 को शामली, 27 को मुजफ्फरनगर, 28 को मेरठ, 29 जनवरी को गाजियाबाद पहुंचेगी।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नहीं होंगे अखिलेश**

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में उनके शामिल होने की संभावना नहीं है। यहां पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में जब यादव से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'न तो कांग्रेस हमें अपने कार्यक्रमों में बुलाती है, न ही भाजपा। दरअसल, राहुल गांधी की यात्रा के 14 फरवरी को उत्तर प्रदेश पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि आम चुनाव के लिए उप्र में सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन होगा या नहीं।

# युवाओं को सेमी कंडक्टर निर्माण की दी जाए ट्रेनिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने सेमीकंडक्टर नीति का प्रजेंटेशन देखा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चिप सेक्टर में 500 बिलियन डॉलर से अधिक के निवेश का संज्ञान लेते हुए बुधवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में उप्र. की प्रस्तावित सेमीकंडक्टर नीति 2024 पर आधारित प्रजेंटेशन देखा। इसके बाद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उप्र. के अंदर मौजूद दो आईआईटी सहित सभी टेक्निकल इंस्टिट्यूट में युवाओं को सेमी कंडक्टर निर्माण की ट्रेनिंग दी जाए। साथ ही साथ सेमी कंडक्टर उद्योगों में सीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को दो वर्ष की ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, उद्योगों में आधुनिक प्रगति, स्मार्टफोन, कम्प्यूटर और चिकित्सा उपकरण जैसे उपकरणों में दक्षता विस्तार के लिए सेमीकंडक्टर विनिर्माण महत्वपूर्ण है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा 10 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रोत्साहन परिव्यय दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

### अयोध्या में कांग्रेसियों से अभद्रता पर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. हिलाल अहमद नकवी ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधित्व मंडल श्रीरामलला के दर्शन हेतु जनपद अयोध्या गया था, जिस दौरान कांग्रेस के ध्वज प्रचारक अनोखे लाल तिवारी के साथ भाजपा एवं संघ के लोगों द्वारा अभद्रता की गई।

उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में अराजक तत्वों की सद्बुद्धि के लिए कांग्रेसजनों द्वारा बुधवार को गांधी की प्रतिमा के समक्ष राम धुन को गाते हुए शांतिपूर्वक तरीके से विरोध-प्रदर्शन किया गया। उक्त प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, बृजेन्द्र सिंह, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, पंकज तिवारी, आलोक सिंह रैकवार, सीमा चौधरी, अमित त्यागी, रुद्र दमन सिंह, तारिक सिद्दीकी सहित तमाम कांग्रेसजन शामिल रहे।

# भाजपा पदाधिकारी गांवों में करेंगे प्रवास

## महामंत्री धर्मपाल सिंह ने संयोजकों को सौंपी संगठनात्मक कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चौपालों पर चर्चा, घर-घर संपर्क जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सम्पर्क व संवाद करने के निर्देश

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर आयोजित बैठक में विभागों के प्रदेश संयोजक एवं सहसंयोजकों को संगठनात्मक कार्ययोजना सौंपी। 4 फरवरी से 11 फरवरी के बीच चलने वाले गांव चलो अभियान में प्रदेश से लेकर बूथ तक के प्रत्येक पदाधिकारी गांवों में प्रवासी के रूप में जाएंगे और 24 घंटे प्रवास करेंगे।

कहा कि चौपालों पर चर्चा, घर-घर सम्पर्क, अलाव के साथ चर्चा जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सम्पर्क व संवाद स्थापित करेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, ऐतिहासिक निर्णयों के साथ सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण का मंत्र लेकर ग्राम दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

धर्मपाल ने कहा कि पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को नमो एप पर 100 विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के मोर्चा, विभाग तथा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी स्थानीय स्तर पर बूथ सशक्तीकरण के लिए भी कार्य करेंगे और सक्रिय बूथ के लिए अपने क्षेत्रों में मन की बात कार्यक्रम से जुड़ेंगे, पन्ना प्रमुख के रूप में अपने बूथ पर सक्रिय रहेंगे। बूथ के व्हाट्सएप ग्रुप में सक्रिय रहेंगे और बूथ के 6 संगठनात्मक कार्यक्रमों में सहभागी रहेंगे। इसके साथ ही सभी को अपने-अपने बूथ पर प्रारम्भ हुए वॉल राइटिंग अभियान में भी सहयोग करना है। इस दौरान प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विभागों के प्रदेश समन्वयक ओपी श्रीवास्तव ने किया।

**आज भारत संकल्प यात्रा में पीएम मोदी करेंगे संवाद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को लाइव संवाद के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करेंगे। मोदी की गारन्टी को लेकर प्रदेश में चल रहे विकसित भारत संकल्प रथों तथा विभिन्न गांवों में एलईडी पर सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक लखनऊ में लाइव प्रसारण से लाभार्थियों के साथ जुड़ेंगे।

# जांच पूरी, बीओ की बर्खास्तगी इसी माह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ होमगार्ड जवानों की ड्यूटी लगाने में चार करोड़ के घोटाले में कार्रवाई की तैयारी

▸▸ मुख्य सचिव के यहां ऑनलाइन ड्यूटी लगाने में हुआ था खेल

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव के यहां होमगार्डों की ऑनलाइन ड्यूटी में फर्जीवाड़ा कर तकरीबन साढ़े चार करोड़ का घोटाला किए जाने के मामले में विभागीय जांच लगभग पूरी हो गई। अब कार्रवाई की तैयारी चल रही है। इसके तहत होमगार्ड के ब्लॉक ऑर्गनाइजर (बीओ) और कुछ अन्य होमगार्ड जवानों की इसी माह बर्खास्तगी होना तय माना जा रहा है।

मुख्य सचिव के यहां होमगार्ड की ऑनलाइन ड्यूटी तो लगती थी, लेकिन इन्हें कहीं और ड्यूटी के लिए भेजकर दोनों जगह से भुगतान ले लिया जाता था। इस मामले की जानकारी होने पर डीजी होमगार्ड ने मई में इसकी जांच कराई तो इस भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे। इसके बाद पूर्वी परिक्षेत्र के डीआईजी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। इस समिति ने मई 2003 से 2017 के बीच की लगाई गई ड्यूटी की जांच की तो तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपये का गोलमाल किए जाने का मामला सामने आया।

इस मामले में जिला कमांडेंट कार्यालय लखनऊ के ब्लाक आर्गनाइजर सुरेश कुमार सिंह आरोपों के घेरे में आये। इसके अलावा कई होमगार्ड शामिल पाए गए। बाद में सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। इस मामले में बीओ सुरेश सिंह को निलंबित किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी से बीओ को राहत मिली हुई है।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज

- फैजुल्लागंज, बाल महिला सेवा संगठन के कार्यालय पर अखंड श्रीराम चरित मानस पाठ - 9 बजे।
- एलडीए कमेटी हॉल में प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत - 10 बजे।
- जिला स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप, केडी सिंह बाबू स्टेडियम-11बजे।
- कैंट, नेहरू नगर पार्क में लाभार्थियों से प्रधानमंत्री का लाइव संवाद कार्यक्रम-11:30
- ईको गार्डेन में स्मारक संरक्षण कर्मचारियों का प्रदर्शन-12:30 बजे।
- उत्तरायणी कौथिग के सांस्कृतिक कार्यक्रम- 2.00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में नाटक जामुन का पेड़ का मंचन - 6.50 बजे।

## एक नजर

### जगदीश गांधी की सेहत अभी भी नाजुक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोंटेसरी स्कूल (सीएमएस) के संस्थापक जगदीश गांधी (88) की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। वह 28 दिसंबर से मेदांता अस्पताल में वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। अस्पताल की ओर से बुधवार को जारी किए गए मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक जगदीश गांधी अभी भी आईसीयू में लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर भर्ती हैं। विशेषज्ञों की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

चारबाग मुख्य मार्ग पर खड़ी रोडवेज की बस। अमृत विचार

चारबाग क्षेत्र की सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े ऑटो व ई-रिक्शा, सड़क पर किया गया अतिक्रमण।

# चारबाग: रोडवेज बसों से लग रहा जाम

## मंडलायुक्त के आदेश का भी नहीं हुआ असर, व्यवस्था जस की तस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेहड़ी और खोमचे वालों ने सड़क पर कर रखा है अतिक्रमण
- सड़क पर बस खड़ी करके चढ़ाते और उतारते हैं सवारी

**अमृत विचार:** आलाधिकारी भले ही आदेश-निर्देश देते हों मगर उसका असर धरातल पर दिखाई नहीं पड़ता है। एक सप्ताह पहले मंडलायुक्त ने चारबाग में रोडवेज बसों को सड़क पर न खड़ा करने की हिदायत दी थी मगर आज भी रोडवेज की बसें जाम का सबब बन रही हैं।

दस जनवरी को मंडलायुक्त ने चारबाग चौराहे का निरीक्षण किया था और हिदायत दी थी कि सवारियों को परिसर के अंदर ही उतारा जाए एवं वहीं से बैठाया जाए। अनावश्यक रूप से बसें सड़क पर न खड़ी हों ताकि जाम न लगे। बसें परिसर से बाहर खड़ी होने पर चालकों एवं परिचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वेंडिंग जोन के लिए नगर निगम को रेलिंग बनवाने के लिए भी आदेश दिए थे। ताकि फड़, खोमचे और रेहड़ी वाले रेलिंग के भीतर दुकान लगाएं और जाम न लगे। एक सप्ताह बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं दिखाई दिया। चारबाग में आज भी रोडवेज की बसें सड़क पर खड़ी हो रही हैं और जाम का कारण बन रही है। साथ ही फड़, ठेले और खुमचे वाले आधी-आधी सड़क तक दुकानें सजाए हुए हैं। इससे लोगों को निकलने में काफी परेशानी होती है। ट्रेन आने के समय पर स्टेशन के पास ई रिक्शा और ऑटो चालक बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करते हैं, जिससे मुसीबत और अधिक बढ़ जाती है। मंडलायुक्त के आदेश को मातहत हवा में उड़ा रहे हैं।

चारबाग में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

### मंडलायुक्त ने चारबाग सहित कई चौराहों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** कमता, चिनहट, मटियारी, पॉलीटेक्निक चौराहे और चारबाग चौराहे का बुधवार को मंडलायुक्त ने निरीक्षण किया और खामियों को जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कमता, चिनहट, मटियारी और पॉलीटेक्निक चौराहा का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएचआई को काम के दौरान गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखने को कहा। नगर आयुक्त ने बताया कि चिनहट चौराहे पर बने अनावश्यक आईलैंड व डिवाइडर को तोड़ते हुए ब्लैक टॉप की बढ़ोतरी की जा रही है। मंडलायुक्त ने कहा कि चिनहट एवं अन्य चौराहों पर ब्लैक टॉप बढ़ाने के लिए जो खुदाई की गई है, उसमें अच्छे से मिट्टी डालकर सड़क निर्माण किया जाए। चारबाग चौराहे के निरीक्षण दौरान नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठेले, खुमचे और फड़ रेलिंग के पीछे और ब्लैक टॉप छोड़कर ही लगाने दिया जाये। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# एमआरएफ सेंटर बनेंगे सफाई की गारंटी

- मार्च तक शुरू हो जाएगा कूड़ा निस्तारण का काम
- पांच जोन में बनाए जा रहे 10 एमआरएफ सेंटर, आठ की छत पड़ी
- शिवरी प्लांट तक नहीं ले जाना पड़ेगा कूड़ा, जोन में ही होगा निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर से रोजाना निकलने वाले कूड़े को अब शिवरी प्लांट नहीं भेजना पड़ेगा। कूड़े का जोन में ही बनाये जा रहे एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटीज) सेंटर में निस्तारण किया जाएगा। नगर निगम सभी जोन में 10 एमआरएफ सेंटर बना रहा है। आठ सेंटर की छत भी पड़ गयी है। सबकुछ ठीकठाक रहा तो मार्च तक सभी एमआरएफ सेंटर शुरु हो जाएंगे।

शहर में रोजाना लगभग 1,800 टन कूड़ा रोज निकलता है। पड़ाव घरों से नगर निगम कूड़ा डम्परों से शिवरी प्लांट निस्तारण के लिए भेजता है। रोज लगभग 170 से 200 डम्परों से कूड़ा भेजा जाता है। नगर निगम के सभी आठ जोन में बने पड़ाव घरों से शिवरी प्लांट कूड़ा पहुंचाने में नगर निगम का समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। इनके बन जाने से अधिकांश कूड़े का निस्तारण एमआरएफ सेंटर में हो जाएगा।

**सूखा और गीला कूड़ा किया जाएगा अलग :** एमआरएफ सेंटर में कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों से जोन का कूड़ा पहुंचाया जाएगा। यहां सूखे और गीले कूड़े को अलग-अलग किया जाएगा। काम का कूड़ा जैसे प्लास्टिक बोतल, पॉलीथीन आदि बेच दिया जाएगा। सेंटर में लगी मशीनों के जरिये गीले कूड़े को निस्तारित कर दिया जाएगा। बेकार बचे कूड़े को शिवरी प्लांट निस्तारण के लिए भेजा जाएगा।

**एमआरएफ सेंटर का नई कंपनी करेगी संचालन :** एमआरएफ सेंटर बन जाने के बाद नगर निगम इन्हें कंपनी को हैंडओवर कर देगा। इनका संचालन पांच जोन में सफाई के लिए चयनित नई कंपनी रामकी करेगी।

शिवरी प्लांट के निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, साथ में अधिकारी।

### शिवरी प्लांट पर डंप कूड़े का निस्तारण जल्द होगा शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहान रोड स्थित शिवरी प्लांट पर लगे कूड़े के पहाड़ का जल्दी ही निस्तारण शुरू हो जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को प्लांट का औचक निरीक्षण करके कूड़े की प्रोसेसिंग शुरू करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उनके साथ नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राव समेत संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने प्लांट पर निर्माणाधीन शेड एवं पैड का निर्माण देखा। साथ ही प्लांट के पास सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के नाम पर आवंटित लगभग 20 हेक्टेयर खाली भूमि का निरीक्षण किया। भूमि पर कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट के प्लांट से तैयार की गई प्रीकास्ट वाल से बाउंड्री वॉल तैयार करने के निर्देश दिए। शिवरी प्लांट पर लगभग 20 लाख टन कूड़े के ढ़ेर लगे हैं। प्लांट का संचालन शुरू न होने से यहां आने वाला कूड़ा डम्प पड़ा है। कूड़े का निस्तारण न किये जाने पर एनजीटी नगर निगम पर 10 करोड़ रुपये जुर्माना भी लगा चुका है। एनजीटी की सख्ती के बाद नगर निगम ने कूड़ा निस्तारण का काम संस्था भूमिग्रीन को दिया है।

> नगर निगम के विभिन्न जोन में 10 एमआरएफ सेंटर बनाये जा रहे हैं। इनमें से आठ का काम अंतिम चरणों में है। शेष काम अगले महीने तक पूरा हो जाएगा। मार्च से सेंटर का संचालन शुरु हो जाएगा। इनका संचालन सफाई कंपनी करेगी।
>
> **-संजीव प्रधान,** पर्यावरण अभियंता, लखनऊ नगर निगम

### यहां बनाये जा रहे एमआरएफ सेंटर

- जोन आठ - 2
- जोन चार - 2
- जोन एक - 2
- जोन तीन - 1
- जोन दो - 2
- जोन पांच - 1

हजरतगंज में कड़ाके की सर्दी में सिर से पैर तक गर्म कपड़ों में गंतव्य को जाते लोग।

# कल तक बन जाएगी अयोध्या मार्ग की सर्विस लेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अयोध्या मार्ग पर जाम की समस्या होगी दूर

**अमृत विचार :** अयोध्या मार्ग पर सर्विस लेन शुक्रवार तक बन जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान मुख्य मार्ग पर जाम न लगे इसके लिए नगर निगम ने कवायद शुरु कर दी है।

चिनहट से मटियारी और कमता चौराहे तक एक ओर नगर निगम सर्विस लेन बना रहा है। इससे अयोध्या मार्ग पर यातायाता सुगम होगा। नगर निगम ने मंगलवार को चिनहट चौराहे के पास मुख्य मार्ग पर यातायात में बाधा बन रहे बिजली के खंभे और पेड़ हटा दिए। साथ ही चिनहट चौराहे के पास अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए। लेन बनाने का काम नगर निगम ने शुरु कर दिया है। 19 जनवरी तक सर्विस लेन बनाने का काम पूरा हो जाएगा। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि चिनहट चौराहे से मटियारी और कमता चौराहे तक जाम की समस्या कम करने के लिए स्मार्ट सिटी से मुख्य मार्ग पर एक लेन बनायी जा रही है। इससे अयोध्या की ओर जाने के दौरान जाम की समस्या कम होगी।

# अब संविदा पर नहीं होगी अध्यापकों की नियुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आश्रम पद्धति विद्यालय में रखने होंगे स्थायी शिक्षक
- दो सौ नियुक्तियों के लिए अधियाचन भेजने की तैयारी

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में अब संविदा पर प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों की नियुक्ति नहीं होगी। विद्यालयों में अब स्थायी तौर पर शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे।

बता दें कि 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित होते हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवक्ता के 930 और सहायक अध्यापकों के 930 पद स्वीकृत हैं। जबकि 650 प्रवक्ता और 557 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापकों के 373 पद रिक्त पड़े हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि स्थायी नियुक्ति को लेकर खाका तैयार किया जा रहा है। पहले चरण में दो सौ लोगों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए आयोग को अध्याचन भेजा रहा है। उन्होंने बताया कि नियुक्ति होने के बाद विभिन्न प्रवक्ताओं और सहायक अध्यापकों को विभिन्न विद्यालयों में भेजा जाएगा। बताया कि विद्यालयों में फार्मासिस्टों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी चल रही है।

# धुंध से 50 मीटर तक दिखना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शुष्क मौसम के बीच सुबह और शाम छाया रहा कोहरा
- 23 तक मौसम ऐसे ही बने रहने के आसार

**अमृत विचार :** धुंध से फिलहाल राहत मिलने के संकेत नहीं हैं। सुबह और शाम कोहरा बढ़ने लगा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 23 जनवरी तक मौसम में सुधार की संभावनाएं कम हैं। लखनऊ और आसपास 50 मीटर से लेकर 199 मीटर तक दृश्यता (विजिबिलिटी) दर्ज की गई।

मौसम विज्ञानी एके सिंह के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों पर चल रही बर्फीली हवाओं के कारण गलन कम नहीं हो रही है। शुष्क मौसम का प्रभाव 23 जनवरी तक रहेगा। लखनऊ और उसके आसपास सुबह और शाम कोहरा और पाला पड़ने की संभावना है।

**शीतलहर के साथ छाएगा घना कोहरा:** कोहरे की चपेट में लखनऊ के अलावा निकट जनपद भी हैं। सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, उन्नाव, बाराबंकी जनपदों में शीतलहर की संभावना है। घने कोहरे का असर रात में अधिक देखने को मिलेगा।

### हरदोई फिर रहा सबसे ठंडा

हरदोई जनपद में दूसरे दिन भी तापमान काफी कम रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं लखनऊ का 7.1 डिग्री दर्ज हुआ। बाराबंकी, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में पारा 8 डिग्री सेल्सियस रहा।

# दस उड़ानें निरस्त तो कई घंटों हुईं लेट

संवाददाता, सरोजनीनगर/लखनऊ

- खराब मौसम के चलते विमान सेवा की रफ्तार हुई धीमी

**अमृत विचार:** शीतलहर और खराब मौसम विमान सेवाओं के संचालन में बाधा बन रहा है। बुधवार को भी लखनऊ आने-जाने वाली करीब दर्जन भर उड़ानें निरस्त रहीं। जबकि अन्य उड़ानें एक से सात घंटे तक विलंब से रहीं। विमानों के निरस्त और लेट लतीफ होने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बुधवार को मुंबई से सुबह 7:25 पर लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 5225), हैदराबाद से सुबह 8:45 पर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 453), दिल्ली से सुबह 8:55 पर आने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 2107), पटना से अपराह्न 3:55 पर आने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 925) के अलावा लखनऊ से सुबह 6:05 पर दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 2108), लखनऊ से सुबह 7:55 पर मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 2238), लखनऊ से सुबह 9:10 पर बेंगलुरु जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 325), लखनऊ से सुबह 9:15 बजे हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 523), लखनऊ से सुबह 9:25 पर पटना जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 5902) और लखनऊ से ही शाम 6:20 पर वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 7741) आदि उड़ानें निरस्त रहीं।

वहीं मस्कट से सुबह 5:35 पर आने वाली ओमान एयरलाइंस की उड़ान फ्लाइट (डब्ल्यूवाई 265) करीब 7 घंटा 20 मिनट देरी से दोपहर 12:53 पर लखनऊ पहुंची। इंदौर से सुबह 8:25 पर लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 7127) दोपहर 1:08 बजे पहुंची। हैदराबाद से शाम 4:35 पर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (आईएक्स 953) देर शाम 6:38 पर लखनऊ पहुंची। जबकि लखनऊ से सुबह 6:55 पर मस्कट जाने वाली ओमान एयरलाइंस की उड़ान (डब्ल्यू वाई 266) दोपहर 3 बजे रवाना हुई। लखनऊ से सुबह 8:50 पर इलाहाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 7935) दोपहर 2:18 पर रवाना हुई। लखनऊ से दोपहर 2 बजे मुंबई जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान (एआई 626) शाम 4:13 पर उड़ान भर सकी।

# मंदिर में शादी कर होटल में संबंध बना फरार हुआ युवक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये भी युवती से हड़पे
- जीवन साथी एप के जरिये संपर्क में आया था आरोपी
- शिकायत पर मदेयगंज पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

**अमृत विचार:** राजधानी में धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया है। जिसमें एप से संपर्क में आये युवक ने आनन-फानन युवती से मंदिर में शादी रचाई, होटल में संबंध बनाए और लाखों रुपये हड़प कर फरार हो गया। पीड़िता ने थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

मदेयगंज थाना क्षेत्र निवासी युवती ने बताया कि जीवन साथी एप के जरिये उसकी पहचान गौरव शुक्ला उर्फ धीरेंद्र कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी गांधीनगर, ईदगाह मार्ग, जिला उन्नाव नामक युवक से हुई थी। कुछ दिन मोबाइल फोन पर बातचीत हुई। इसके बाद युवक चारबाग रेलवे स्टेशन पर मिलने आया। वहां बुलाकर मंदिर ले गया और शादी की। वहां से चारबाग स्थित होटल ले जाकर संबंध बनाया। इसके बाद बताया कि वह इंडियन रेलवे में स्क्रैप डिपार्टमेंट में बी ग्रेड की पोस्ट पर तैनात है। इसके बाद जल्द आने की बात बोल चला गया। 25 अक्टूबर 2023 की शाम धीरेंद्र ने युवती को फोन कर उसकी सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही। इसकी एवज में 20 लाख रुपये खर्च होने की बात कही। युवती का कहना है कि आरोपी की बातों पर उसने भरोसा कर लिया। इसके बाद विभिन्न माध्यमों से उसे करीब 9.50 लाख रुपये दे दिए। आखिरी बार आरोपी पिछले वर्ष 9 नवंबर को चारबाग आया था, जहां उसे 70 हजार रुपये नकद दिए थे। तब से आरोपी ने मोबाइल बंद कर रखा है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि गौरव शुक्ला के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दहेज लोभी पति छत पर चढ़कर देने लगा आत्महत्या की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित महिला ने बंथरा थाने में आरोपी की शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार:** दहेज लोभी पति ने मांग पूरी नहीं होने पर छत से कूदकर खुदकुशी करने की धमकी देते हुए पत्नी को घर से निकाल दिया। अभी भी आरोपी मांग पूरी नहीं होने पर कॉल कर आत्मघाती कदम उठाने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

बंथरा थाना अंतर्गत ग्राम टूडी खेड़ा निवासी ललिता यादव ने बताया वर्ष 2021 में उसकी शादी इसी थाना क्षेत्र के अंबरपुर गांव निवासी अमित यादव के संग हुई थी। ससुराल पहुंचने पर पति के शराब का लती होने की जानकारी हुई। वहीं पति समेत अन्य ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। इसी क्रम में पति ने दबाव बनाने के लिए छत से कूद कर खुदकुशी करने की धमकी दी, रोकने का प्रयास किया तो डराने की नीयत से फंदा लगाकर जान देने की बात कहते हुए उसे फंसाने की बात बोल घर से निकाल दिया। पीड़िता का कहना है कि वह मायके में गुजर बसर कर रही है। इसके बाद भी आरोपी फोन कर दहेज की मांग पूरी न होने पर जान देने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। बंधरा इंस्पेक्टर हेमंत कुमार राघव ने बताया पति समेत पांच पर दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एक नजर

### यश तेजवानी को मिली अमेरिकी स्कॉलरशिप

यश तेजवानी

**लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्र यश तेजवानी को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका के प्रतिष्ठित एल्बियन कालेज द्वारा 1,89,120 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। यश ने इस सफलता का श्रेय सीएमएस के शिक्षकों को दिया है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।

### लविवि में छूटी परीक्षा को लेकर मौका

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में विधि संकाय की एलएलबी तृतीय सेमेस्टर एवं 5वें सेमेस्टर की छूटी परीक्षाओं को लेकर मौका मिला है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि जिन छात्र-छात्राओं की इंटर्नशिप विषय की परीक्षा किसी कारणवश छूट गई है, वे विधि संकाय के कार्यालय में 23 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। 24 जनवरी को प्रात: 10 बजे विधि संकाय में इंटर्नशिप विषय की परीक्षा दी जा सकती है।

# छह वर्ष से नहीं मिला वेतन, अब सड़क पर उतरेंगे मदरसा संगठन

## मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद अधिकारियों ने नहीं किया समस्याओं का निराकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

ईको गार्डेन में धरना देते मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एकता समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एकता समिति के प्रदेश सलाहकार इसरार अहमद इदरीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह एवं राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका गर्ग, विशेष सचिव आरपी विमल, निदेशक जे रीभा एवं रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी के साथ मीटिंग कर मदरसा शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन इसके बावजूद अभी तक अधिकारियों ने कोई भी निराकरण नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के माध्यम से पुनः केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए आन्दोलन किया जायेगा। क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा पिछले छह वर्ष से अधिक समय का वेतन बकाया होने के साथ ही अभी तक न तो

**▸▸ नवीनीकरण कर मदरसों के स्तर को बढ़ाए जाने की मांग**

मदरसा आधुनिकीकरण योजना का नवीनीकरण ही किया गया है और न ही बकाया वेतन का भुगतान किया गया है।

इसरार अहमद इदरीसी ने कहा कि अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना एवं आपत्तिजनक बयान तथा राज्यांश बंद किए जाने के आदेश की खबर सुनकर चार शिक्षकों की मौत से मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों का सांकेतिक सत्याग्रह आन्दोलन अब कभी भी आक्रामक एवं उग्र रूप ले सकता है और शिक्षक कभी भी रोड पर उतर सकते है, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

बकाया वेतन भुगतान एवं योजना के यूपी से संचालन को लेकर मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एकता समिति के इस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक संघ, इस्लामिक मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एसोसिएशन, संयुक्त मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक संघ, अखिल भारतीय मदरसा माडर्न टीचर्स एसोसिएसन, मदरसा टीचर्स यूनियन समेत सभी मदरसा शिक्षक संगठनों ने अपना समर्थन देते हुए सभी मदरसा शिक्षकों से भारी संख्या में धरने में शामिल होने की अपील की है।

# धूमधाम से मनाया गया प्रकाश पर्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

डीएवी डिग्री कॉलेज के मैदान में गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व पर लंगर खाते लोग।

**अमृत विचार :** खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा नाका हिंडोला की ओर से डीएवी कालेज के मैदान में गुरु ग्रन्थ साहिब के प्रकाश के बाद रागी राजिंदर सिंह ने आसा दि वार के अमृतमयी कीर्तन से कार्यक्रम शुरू किया। गुरुद्वारा नाका हिंडोला में अखंड पाठ के समापन के बाद पांच प्यारों की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहिब की शाही सवारी शबद कीर्तन के गायन के साथ डीएवी कालेज ले जाया गया।

आकाशवाणी लखनऊ ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व का सीधा प्रसारण किया। गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने मौजूद संगतों को प्रकाश पर्व की बधाई दी। दिल्ली से इस कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से आये चरणसिंह हीरा ने सुनाया :- तही प्रकास हमारा भयो पटना सहिर बिखै भव लयो। दिल्ली के गुरुद्वारा नानक प्याऊ के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी बचित्तर सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर रोशनी डाली। दिल्ली के गुरुद्वारा बंगला साहिब के हजूरी रागी जगतार सिंह के शबद कीर्तन ने लोगों को मुग्ध कर दिया।

**गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मानसरोवर, एलडीए कालोनी :** गुरु गोविंद सिंह के 358 प्रकाश

**▸▸ शबद कीर्तन और अमृतमयी कथा ने लोगों को किया मुग्ध**

पर्व पर गुरुद्वारा मानसरोवर में 15 जनवरी को ही तीन दिवसीय दीवान शुरू हो गया था। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि सुखमनी साहिब के अखंड पाठ से शुरू हुए इस आयोजन में 16 जनवरी की शाम को कीर्तन दीवान और गुरु का लंगर किया गया। बुधवार को सुबह पांच बजे नगर कीर्तन निकाला गया।

गुरुद्वारा मानसरोवर में हजूरी रागी गुरमीत सिंह ने कीर्तन किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी राजदीप से गुरु गोविंद सिंह के इतिहास के बारे में बताया। रागी गुरमीत सिंह ने शबद कीर्तन किया। इस प्रकाश पर्व के लिए दरबार साहिब अमृतसर से विशेष तौर पर हजूरी रागी नरेंदर सिंह, निशान सिंह और कथा वाचक लखविंदर सिंह (हरियाणा) लखनऊ आये। यह पहला मौका था जब लखनऊ में ताढ़ी कीर्तन जथा का आयोजन किया गया।

**गुरुद्वारा तेग बहादुर यहियागंज :** गुरुद्वारा यहियागंज में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ. गुरमीत सिंह के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में ज्ञानी सतपाल सिंह, मुख्य ग्रंथी दरबार साहिब तरण तारण, जगजीत सिंह नूर, किशोर सिंह ने संगत को कथा व शबद कीर्तन से निहाल किया। इस मौके पर गुरु ग्रन्थ साहिब पर गुलाब के फूलों की वर्षा की गई। डॉ. अमर जोत सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह यहियागंज गुरुद्वारे में 1672 में आये थे और दो महीना 13 दिन रुके थे।

# घुलनशील बैक्टीरिया के उपयोग पर व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

छात्रों से संवाद करतीं महिला वैज्ञानिक डॉ. शुची श्रीवास्तव। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई) द्वारा चलाये जा रहे जिज्ञासा कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ में एक वैज्ञानिक-छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9 एवं 11 वीं कक्षा के 60 छात्रों एवं 6 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

सीएसआईआर-एनबीआरआई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिज्ञासा परियोजना के सह सहयोजक एवं वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. विनय साहू ने छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोर्ण से रूबरू कराते हुए जिज्ञासा परियोजना के उद्देश्य एवं देश कल्याण में विज्ञान क्षेत्र में सीएसआईआर के योगदान के बारे में चर्चा की। उन्होंने छात्रों को सीएसआईआर-एनबीआरआई में पौधों पर चल रहे शोध कार्य एवं उसकी उपलब्धियों

**▸▸ शिवगढ़ केन्द्रीय विद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**▸▸ 60 छात्रों के साथ 6 शिक्षकों ने भी किया प्रतिभाग**

की भी जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. शुची श्रीवास्तव द्वारा फॉस्फेट घुलनशील बैक्टीरिया के उपयोग पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने आवश्यक जानकारी की, जिसका उन्हें सकारात्मक उत्तर भी मिला। इस अवसर पर छात्रों के अलावा शिक्षकों ने उपयोगी जानकारियां साझा कीं।

### बैक्टीरिया पौधों पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान डॉ. शुची श्रीवास्तव ने बताया कि फॉस्फेट घुलनशील बैक्टीरिया पौधों में एक प्राकृतिक जैवउर्वरक की तरह कार्य करता है, जो पौधों को फास्फोरस प्रभावी ढंग से पहुंचने में मदद करता है। किसानों के लिए एक लाभकारी उर्वरक है, जिसके इस्तेमाल से कम लगत से अधिक फसल उपज प्राप्त कर सकते हैं।

# कोई बना इंजीनियर तो कोई सेल्स स्पेशलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ प्लेसमेंट ड्राइव में 16 छात्र-छात्राओं का हुआ कैंपस चयन**

**▸▸ छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग के दौरान दिया जाएगा वेतन**

**▸▸ अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित हुई ड्राइव**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 16 छात्र-छात्राओं का कैंपस चयन हुआ। चयनित छात्रों को विवि के कुलपति की ओर से प्रोत्साहन के साथ राय भी साझा की गई।

लविवि के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र शिवम मिश्रा का चयन इंजीनियर पद पर हुआ है। बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की छात्रा रिया मिश्रा का चयन अन्तर्राष्ट्रीय सेल्स स्पेशलिस्ट के पद पर काउंसलिंग के बाद किया गया है। प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 9 छात्र-छात्राएं क्रमशः अक्षिता सिंह, साक्षी श्रीवास्तव, वरीशा राहत, अन्नू शुक्ला, नंदलाल कुशवाहा, अक्सा खान, जान्हवी सिंह, आकांक्षा कुशवाहा एवं अंजलि सिंह सम्मिलित किये गए हैं।

बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के पांच छात्र-छात्राओं में मोहम्मद सैफ माजिद, राज हंस शर्मा, समृद्धि श्रीवास्तव, राहुल सिंह एवं कार्तिकेय पांडेय शामिल हैं। इनका चयन बिजनेस डेवलपमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ है। कम्पनी द्वारा छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग के दौरान वेतन दिया जाएगा।

### बागवानी स्टार्टअप से लाभान्वित हुए विद्यार्थी

**लखनऊ :** एमिटी विश्वविद्यालय परिसर में बागवानी स्टार्टअप के लिए एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हॉर्ट इंड एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबीआई) द्वारा एक इन्क्यूबेशन कार्यक्रम उद्यानोदय प्रथम को भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि की भूमिका में सम्मिलित वैज्ञानिक डॉ. रवि एससी द्वारा स्टार्टअप के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि-स्टार्टअप की भूमिका पर व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। 30 दिनों के प्री-इन्क्यूबेशन सहित बागवानी के प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप और छात्रों के लिए उद्यानोदय प्रथम कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर समन्वय प्रोफेसर डॉ. राजेश के तिवारी द्वारा बिन्दुवार जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप प्रति कुलपति डॉ. अनिल कुमार द्वारा युवाओं को बागवानी और कृषि स्टार्ट-अप से जुड़ने के लिए उत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी व बिल्डर्स। अमृत विचार

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने बिल्डर्स एवं डेवलपर्स कॉन्क्लेव का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बुधवार को बिल्डर्स एवं डेवलपर्स कॉन्क्लेव का आयोजन लीनेज होटल गोमती नगर में किया गया। जिसमें शहर के प्रतिष्ठित बिल्डर्स-शालीमार बिल्डर्स, एमआई बिल्डर्स, एलडिकों बिल्डर्स, ओयों बिल्डर्स और कल्पना ग्रुप आदि के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। अंचल प्रमुख एके खन्ना इसके मुख्य अतिथि थे एवं कोंक्लेव की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख रोहित कुमार ने की। इस कोंक्लेव में बैंक की गृह ऋण तथा सेंट होटल ऋण की विस्तृत जानकारी बैंक के अधिकारियों द्वारा दी गई। बैंक का ओयों डेवलोपेर्स तथा एल्डिकों समूह से एमओयू का आदान प्रदान हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक अश्विनी साहू, अरूण कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक आलोक श्रीवास्तव उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन विपणन अधिकारी एचके सिंह द्वारा किया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है-

**ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2024-06, कार्य का नामः** लखनऊ मंडलः वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधिकार क्षेत्र में पी.वे. ट्रैक कार्यो के लिए वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति का कार्य। अनुमानित लागत(रू0): ₹ 13018581.88, अग्रिम धन (रू0): ₹ 215100.00, समापन अवधिः 18 माह। 1.उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-06 के लिये ई-निविदा दिनांक 06.02.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2.उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिष्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्लू-504 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

एमओयू के साथ इंडियन बैंक के निदेशक और पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष।

### इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक ने उच्चाधिकारियों से की भेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** निदेशक बजाज कृषि निदेशालय के निदेशक डॉ. जितेन्द्र सिंह तोमर से मिले और उनसे सरकार द्वारा किसानों को सोलर पम्प दिए जाने संबंधी योजना पर चर्चा की। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल और बैंक के कार्यपालक निदेशक द्वारा पूरे प्रदेश में बिजली का बिल इंडियन बैंक की समस्त शाखाओं के माध्यम से जमा किए जाने के संबंध एक ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। निदेशक बजाज तथा क्षेत्र महाप्रबंधक पंकज त्रिपाठी की उपस्थिति में सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के लेखा संबंधी कार्यों के डिजिटलीकरण एवं ऑटोमेटेड गन्ना मूल्य भुगतान हेतु बैंकिंग पार्टनर चयन किए जाने के संबंध में एक ज्ञापन (एमओयू) पर अपर गन्ना आयुक्त डॉ. वीबी सिंह, बैंक के अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार द्वारा एक ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। निदेशक बजाज ने बताया कि इंडियन बैंक का चयन सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के लेखा संबंधी कार्यों के डिजिटलीकरण एवं ऑटोमेटेड गन्ना मूल्य भुगतान हेतु बैंकिंग पार्टनर के रूप में किया गया है। निदेशक बजाज ने सीएमओ को 84 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो के बैंक खातो का पासबुक प्रदान किया।

### विद्यालयों के प्रबंधक हुए सम्मानित

**लखनऊ :** अटल बिहारी कन्वेंशन सेंटर में स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन के बैनर तले 8 वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन हुआ। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर के विद्यालियों के प्रबंधक सम्मिलित हुए। इस अवसर पर बेहतर कार्य करने वाले प्रबंधकों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में कैरियर ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन अजमत अली सहित अन्य प्रबंधक सम्मानित हुए। कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खरकवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले लविवि के विद्यार्थी, साथ में शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

# लविवि में यौन उत्पीड़न मुद्दे पर संवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ कार्यशाला के दौरान एक्ट की भी दी गई जानकारी**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न से जुड़े विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विवि की प्रोफेसर की ओर से छात्रों को विषयवार जानकारी प्रस्तुत की गईं।

लविवि के द्वितीय परिसर में बुधवार को आयोजित कार्यशाला में यौन उत्पीड़न से जुड़ा मुद्दा प्रमुख रहा। विवि की प्रोफेसर मधुरिमा लाल की ओर से छात्राओं को सारगर्भित जानकारी दी गई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इससे जुड़े मामलों को लेकर बने एक्ट ने बेटियों की शिक्षा और पुनर्शिक्षा को भी सुनिश्चित कराया है। इसके सहारे जागरूकता भी मिली है। आयोजन के दौरान आयोजन प्रोवोस्ट डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव और सहायक प्रोवोस्ट डॉ. रितु सिंह की ओर से भी बिन्दुवार जानकारी दी गई। काफी संख्या में विवि की छात्राएं उपस्थित रहीं।


**न्यायालय नायब तहसीलदार निगोहां, लखनऊ**

वाद संख्या- टी201910460306157
धारा-34
ग्राम- मगंटइया

उपरोक्त वाद इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें प्रतिवादीगण विगत कई तिथियों से न्यायालयों में उपस्थित नहीं हो रहा है। वादी की ओर से प्रकाशन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसे न्यायाहित में स्वीकार किया गया।

प्रतिवादीगण श्रवण कुमार व नन्द गोपाल पुत्रगण रामफेर निवासी- मगंटइया परगना निगोहा व तहसील मोहनलालगंज जिला लखनऊ अग्रिम नियत तिथिं दिनांक-22-01-2024 नियत है।

नायब तहसीलदार
निगोहा जनपद-लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा सभी दस्तावेजों में राकेश कुमार सविता दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम राकेश कुमार वर्मा पुत्र गया प्रसाद के नाम से जाना व पहचाना जाये और दस्तावेजों में पढ़ा जाये। **राकेश कुमार वर्मा पुत्र गया प्रसाद, निवासी- 631/ए-117, निकट लोर्ड मैहर स्कूल, हरिहर नगर, इस्माईलगंज, लखनऊ, उ.प्र.-226016**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **तहसीन बानो पुत्री मो0 युसुफ, निवासिनी- ग्राम पूरे काजिम अली, मजरे जाखाशिवपुर ,पोस्ट- भनौली थाना कोतवाली व तहसील मुसाफिरखाना, जिला-अमेठी** (उ0प्र0), मेरा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (अनुक्रमांक 0110302149 सर्टीफिकेट सीरियल नम्बर 2015/100667) वर्ष 2015 का मूल सर्टीफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है।

**सूचना**

सूचित हो मै Bindhayabasani Devi Shahi S/o Ram Nagina Chand निवासी Barbil gaon No:-I Digbai Tinsukia Dibrugarh, Pin -786171, मेरी रसीद नं. 337 एमाउन्ट 2 लाख प्लाट नं 0. 54-P3-039 फेस-1 cyberwood गोमतीनगर विस्तार में खो गया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मेसर्स नरेन्द्र कुमार गुप्ता का नाम परिवर्तित होकर एनकेजी इन्फ्रा (NKG Infra) हो गया है भविष्य में हमारी फर्म को एनकेजी इन्फ्रा (NKG Infra) पढ़ा जाए। **-पार्टनर, आयुष गुप्ता**


समारोह | अपनी भाषा अपनी बोली प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन

# उत्तरायणी कौथिग में बिखरी गीत-संगीत की अद्भुत छटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

सांस्कृतिक मंच पर झोड़ा नृत्य की प्रतियोगिता में पारम्परिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत करती कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोमती तट स्थित पं. गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में चल रहे 10 दिवसीय उत्तरायणी कौथिग के चौथे दिन उत्तराखंड के गीत-संगीत की छटा बिखरी।

पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित मेले के सांस्कृतिक मंच पर महिलाओं ने पारम्परिक वेशभूषा में झोड़ा नृत्य की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इनमें कुमांचल नगर से हरीतिमा पंत, पंतनगर से हेमा डोलिया व सुधा चंदोला, कुमांचल नगर-2 से नीलम जोशी और इंदिरानगर से मोहनी धपोला की टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

उत्तरायणी कौथिग में अपनी भाषा अपनी बोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें उत्तराखंड से सम्बंधित प्रश्न पूछे गए। उत्तरायणी कौथिग की चौथी संध्या पर एमएलसी रामचन्द्र सिंह प्रधान, डॉ. सूर्यकांत और डॉ. निर्मला पन्त अतिथियों के रूप में मौजूद रहे। पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी, महासचिव महेंद्र सिंह रावत और मुख्य संयोजक टीएस मनराल ने मेहमानों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर डॉ. सविता तिवारी भट्ट को डॉ. एमसी पंत चिकित्सा सम्मान, सनराइज अस्पताल के संस्थापक डॉ. एस सागर, प्रो. अर्चना घिल्डियाल, डॉ. रीतेश जुआल, डॉ. विक्रम सिंह नेगी, डॉ. सुरेन्द्र चन्द्र और प्रो. आरसी पंत को सम्मानित किया गया। चौथी संध्या महापरिषद के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह बाफिला को समर्पित की गई। इस मौके पर उनके परिजनों को सम्मानित भी किया गया।

### विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

**लखनऊ :** एक दिवसीय राज्य स्तरीय जु-जुत्सु प्रतियोगिता में रेसफिल अकादमी के विद्यार्थियों ने स्वर्ण व रजत पदक जीते। मो. फैजान, प्रियांशु, आर्यन राठौर, संस्कृति गुप्ता ने स्वर्ण जीता। वहीं विदुशी ने रजत पदक जीता।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश जु-जुत्सु संघ के उपाध्यक्ष धीरज रायचंद्र रहें। प्रतियोगिता में सिराज अहमद व सपना, आरिफ, अंशु ने प्रतियोगिता को संचालित करने में भूमिका निभाई।


सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

## एक नजर

### कोहरे के बीच जर्जर संकेतक बन रहे दुर्घटना का कारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** घने कोहरे के बीच जर्जर संकेतक दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब को मड़ियांव से सीतापुर रोड पर टोल प्लाजा तक कई स्थानों पर संकेतक टूटे और लटके मिले। यूनिपोल जर्जर हो गए हैं। सड़क में बैरियर अव्यवस्थित तरीके से लगे हैं और उनमें रिफ्लेक्टर भी नहीं हैं। मंडलायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मध्य क्षेत्र को पत्र लिखकर इन्हें तत्काल सही कराने के निर्देश दिए हैं।

### हिट एंड रन परिवहन एक्ट में संशोधन की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्व चालक कल्याण समिति उप्र .की ओर से बुधवार को दुबग्गा स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें चालकों के लिए बनाये गये हिट एंड रन परिवहन एक्ट को समाप्त करने या फिर संशोधन करने की मांग उठाई गई। इस संबंध में संगठन की ओर से शासन को भी पत्र लिखा गया है। प्रदेश महासचिव सुनील सिंह भदौरिया ने बताया कि इसके अलावा ग्राम पंचायतों की गौशालाओं के संचालन में भ्रष्टाचार व्याप्त है, इसकी भी जांच होनी चाहिए।

# केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में नहीं थम रही लापरवाही

# वेंटीलेटर के इंतजार में एक और मरीज की गई जान

## निजी अस्पताल ले जाने को मजबूर तीमारदार, केवल सिफारिश वाले मरीज हो रहे भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों की समस्याएं कम नहीं हो रही है। वेंटिलेटर के इंतजार में रोजाना मरीजों की जान जा रही है। बुधवार को भी एक मरीज की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य मरीज की हालत ज्यादा बिगड़ने पर तीमारदार निजी अस्पताल लेकर चले गए। परिजनों का आरोप है कि ट्रॉमा के क्रिटिकल केयर यूनिट में बेड खाली होने के बावजूद नहीं दिया जा रहा।

बलरामपुर जिला के रहने वाले बब्बू (55) मंगलवार को सड़क हादसे में घायल हो गए थे। परिजनों ने पहले नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया था। बेटे अशोक ने बताया कि मरीज को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। बुधवार तड़के करीब तीन बजे वह मरीज को लेकर ट्रॉमा पहुंचे। मरीज एंबुबैग पर था। यहां डॉक्टरों ने जांच पड़ताल किया। जांच दौरान पता चला कि मरीज के सिर में खून का धक्का जमा है।

डॉक्टरों ने रेफरल लेटर बनाकर पांचवें व तीसरे तल पर आईसीयू के लिए भेजा। आरोप है कि पांचवें तल पर बेड खाली होने के बाद तीमारदार को वापस कर दिया गया। दोपहर करीब एक बजे मरीज की मौत हो गई।

बस्ती के रहने वाले श्री चंद्र ने बताया कि सास कैथई देवी को गंभीर हालत में बुधवार सुबह लेकर आए थे मरीन एंबुबैग सपोर्ट पर थी। ट्रॉयज एरिया के डॉक्टर ने आईसीयू के लिए रेफरल लेटर बनाकर भिजवाया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे पांचवें तल पर आईसीयू के लिए गए। वहां से उन्हें वापस कर दिया गया। करीब 10:30 बजे इसी यूनिट में एक सिफारिशी मरीज को भर्ती कर लिया गया। तीमारदारों ने डॉक्टर व स्टॉफ पर आईसीयू बेड न दिए जाने का आरोप लगाया।

बेड खाली होता तो जरूर मरीज को दिया जाता। यदि खाली बेड होने के बावजूद नहीं दिया गया तो मामले की जांच कराई जाएगी।
**-डॉ. संदीप तिवारी,** प्रभारी ट्रॉमा सेंटर

### बिचौलियों के चंगुल में फंस रहे तीमारदार

ट्रॉमा सेंटर में पूरे प्रदेश से गंभीर मरीज यहां रेफर होकर आते हैं। वेंटिलेटर सुविधा न मिलने की स्थिति में मरीज बिचौलियों के चंगुल में फंस रहे हैं। परेशान होकर निजी अस्पताल में जाते हैं। जहां इलाज के नाम पर मोटी रकन वसूली जाती है।

### उप मुख्यमंत्री के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

गौरतलब है कि ट्रॉमा सेंटर में वेंटिलेटर के बिना मरीजों की मौत होने के कई मामले सामने आने के बाद बीते साल जून महीने में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पतालों को निर्देश दिया था कि यदि वेंटिलेटर खाली नहीं हैं तो बाइपेप के जरिए इलाज दिया जाए। लेकिन किसी भी सूरत पर मरीज को वापस न लौटाया जाए।

# ठंड से बढ़े हार्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अस्पतालों में 30 फीसदी तक बढ़ी मरीजों की संख्या
- अस्थमा और बीपी के मरीज भी काफी संख्या में आ रहे अस्पताल

**अमृत विचार :** इन दिनों पूरा जिला भीषण ठंड की चपेट में है। लगातार बढ़ रही ठंड के साथ ही हार्ट व ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या 30 फीसदी तक बढ़ी हुई है। चिकित्सक मरीज व तीमारदारों को ठंड में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।

केजीएमयू एनस्थीसिया विभाग की डॉ. रजनी गुप्ता ने बताया कि ठंड में ब्रेन और हार्ट स्ट्रोक के मरीज बढ़ जाते हैं। ब्रेन स्ट्रोक में दिमाग को खून पहुंचाने वाली नसों में थक्का जम जाता है। सिर के जिस हिस्से में खून का थक्का जमता है उस तरफ के अंग में ताकत कम हो जाती है। स्ट्रोक के शुरुआत छह घंटे अहम होते हैं। समुचित इलाज से मरीज सामान्य लोगों जैसा जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक के लक्षणों को पहचाने की जरुरत है। उन्होंने बताया कि स्ट्रोक से चेहरे भी टेढ़ा हो सकता है। शारीरिक व्यायाम करने से बचा जा सकता है।

### ब्रेन स्ट्रोक का सुबह खतरा अधिक

डॉ. रजनी ने बताया ब्रेन स्ट्रोक का खतरा ठंड में ज्यादा होता है। इसलिए सुबह के समय खतरा अधिक बन जाता है। लोगों को ठंडी में मॉर्निंग वॉक से बचना चाहिए। विशेषज्ञों के मुताबिक ब्रेन स्ट्रोक का खतरा हाई ब्लडप्रेशर, मधुमेह, हृदय रोग, मोटापा, तनाव और धूम्रपान करने वालों को अधिक रहता है।

### बेहोश होने पर मरीज को तत्काल ले जाएं अस्पताल

एसजीपीजीआई की डॉ. रुचिका टंडन ने बताया कि ब्रेन स्ट्रोक केस में रक्त वाहिकाएं फट जाती हैं। ब्रेन में ब्लीडिंग शुरू होने से मौत तक हो सकती है। ऑक्सीजन या ग्लूकोस की कमी से ब्रेन स्ट्रोक होता हैं। ब्रेन स्ट्रोक में ब्लड फ्लो रुकने से आंखों की रोशनी तक जा सकती हैं। अचानक से मरीज बेचैनी महसूस करता है या बेहोश हो जाता हैं। ऐसे लक्षणों पर बिना देरी किए मरीज को अस्पताल पहुंचना ले जाना चाहिए। इलाज जल्द शुरू करने पर मरीज पूरी तरह ठीक हो सकता हैं। वहीं, बलरामपुर अस्पताल के फेफड़ा विशेषज्ञ डॉ .एके गुप्ता ने बताया कि अस्थमा और बीपी के मरीजों को भी सतर्क रहने की जरूरत है।

### इन बातों का रखें ध्यान

घर से बाहर निकलते हुए पर्याप्त कपड़े पहन कर ही निकलें। संतुलित, पोषक और ताजा भोजन खाएं। नमक का सेवन कम करें। अस्थमा के मरीजों के कोहरा घातक साबित होता है। अस्थमा के मरीजों को कोहरा में घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। हृदय रोगी नियमित दवा लेते रहें रक्तचाप के रोगियों को भी लगातार दवा लेती रहती चाहिए। ठंडी चीजों का सेवन करने से बचें। सिर, गला, नाक, मुंह और पैरों को भी गर्म कपड़ों से ढक कर रखें।

# साक्षात्कार में पहुंचे सिर्फ 51 डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएमओ ऑफिस में 81 पदों के लिए आयोजित किया गया था वॉक इन इंटरव्यू
- खाली पदों पर जल्द ही नए सिरे से शुरू होगी चयन प्रक्रिया

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के 81 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सीएमओ ऑफिस में बुधवार को आयोजित हुए वॉक इन इंटरव्यू में महज 51 एमबीबीएस डॉक्टर पहुंचे। करीब दो सप्ताह में परिणाम जारी होने की उम्मीद है। वहीं, शेष पदों के लिए जल्द ही दोबारा से साक्षात्कार आयोजित कराए जाएंगे।

शहर में सीएमओ के अधीन 108 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन होना है। अभी करीब 75 ही केंद्र चल रहे हैं। जहां पर डॉक्टर व स्टॉफ तैनात हैं। एनएचएम ने बीते साल दिसंबर माह में 33 नए केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग ने नए केंद्र शुरू करने के लिए डॉक्टरों के चयन की प्रक्रिया शुरू कराई है। इसमें 81 नए डॉक्टरों का चयन होना है। इसमें 41 डॉक्टर सीएमओ के अधीन तैनात होंगे। जबकि बाकी बचे डॉक्टर बलरामपुर, सिविल, लोकबंधु, ठाकुरगंज, बीआरडी महानगर समेत अन्य अस्पतालों में भेजे जाएंगे। बुधवार को अवकाश होने के बाद भी सीएमओ आफिस में वॉक इन इंटरव्यू हुए। इसमें 51 एमबीबीएस डॉक्टर इंटरव्यू देने पहुंचे। करीब 30 पद खाली रह गए हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया खाली पड़े पदों पर जल्द ही नए सिरे से चयन प्रक्रिया होगी।

अमीनाबाद में कड़ाके की ठंड के बीच निकली हल्की धूप में खरीददारी करने निकले लोग। अमृत विचार

# बैंकों ने अपने हिसाब से तय की है प्रोसेसिंग फीस

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

- पर्सनल लोन राशि का 1 प्रतिशत से लेकर 3 प्रतिशत तक प्राइवेट बैंक ले रहे हैं फीस
- साथ में 18 प्रतिशत जीएसटी भी करना होता है भुगतान

**अमृत विचार :** प्रोसेसिंग फीस के नाम पर बैंकों द्वारा उपभोक्ताओं से मनमाना चार्ज वसूला जा रहा है। ज्यादातर बैंक अपने हिसाब से प्रोसेसिंग फीस ले रहे हैं। अलग-अलग बैंकों में अलग-अलग प्रोसेसिंग फीस है। इस संबंध में आरबीआई मैनेजर एके सिंह ने बताया कि यह बैंकों का अपना खुद का सरकुलेशन है। वह अपने प्रॉफिट एंड लॉस के हिसाब से प्रोसेसिंग फीस निर्धारित करते हैं। इसमें आरबीआई की तरफ से कोई गाइडलाइन नहीं है। अमृत विचार की टीम ने कुछ बैंकों में इस मामले पर पड़ताल की और लोगों से उनकी राय जानी।

जब अमृत विचार की टीम ऐशबाग स्थित एक्सिस बैंक पहुंची तो पता चला कि एक्सिस बैंक पर्सनल लोन की प्रोसेसिंग फीस 1.5 प्रतिशत ले रहा है। यदि 15 लाख से ज्यादा धनराशि का लोन लिया जाता है तो ब्याज दर 11 प्रतिशत और यदि 5 लाख का लोन लिया जाता है तो 14 प्रतिशत ब्याज लिया जा रहा है। इस संबंध में जब बैंक मैनेजर संतोष से बात की गई तो उन्होंने कुछ भी कहने से मना कर दिया।

इसके बाद डीएवी कॉलेज स्थित आईसीआईसीआई बैंक जाकर पड़ताल की गई तो पता चला कि यहां लोन अमाउंट का 1.5 प्रतिशत प्रोसेसिंग फीस लिया जा रहा है और ब्याज की दर 12.35 प्रतिशत है। इस बारे में जब बैंक मैनेजर गिरीश मदान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ये बैंक के अपने नियम हैं जो कि लोन लेने के लिए मान्य हैं। वहीं नाका स्थित एसडीएफसी बैंक जाने पर लोन एजेन्ट इमरान हुसैन ने बताया कि लोन अमाउंट का 2 प्रतिशत प्रोसेसिंग फीस और 18 प्रतिशत जीएसटी देनी होती है। बैंक मैनेजर पंकज सिंह ने बताया कि सभी बैंकों के अपने नियम हैं। कोई 2 प्रतिशत तो कोई 3 प्रतिशत प्रोसेसिंग फीस लेता है। इस सम्बन्ध में पाण्डेयगंज स्थित एसबीआई के शाखा प्रबंधक बीरेन्द्र राम ने बताया कि आरबीआई की इसमें कोई सहभागिता नहीं है। ये प्रोसेसिंग फीस बैंक अपने हिसाब से तय करते हैं। सामान्यतः लोन एमाउंट का 1 प्रतिशत प्रोसेसिंग फीस और 18 प्रतिशत जीएसटी है।

**केस 1** बिरहाना निवासी पवन नाग प्राइवेट नौकरी करते हैं। पर्सनल लोन के लिए वह सरकारी बैंक गए तो वहां उनको यह कहकर मना कर दिया गया कि आपकी प्राइवेट नौकरी है और वेतन भी कम है। उसके बाद वह एक्सिस बैंक गए जहां पर उनको लोन लेने के लिए ऋण धनराशि का 1.5 प्रतिशत प्रोसेसिंग फीस बताई गई और कहा गया कि उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से देनी होगी। उनको 5 लाख का लोन लेना था तो ब्याज दर 14 प्रतिशत बताई गई।

**केस 3** मटियारी निवासी मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि ज्यादातर बैंक अपने हिसाब से प्रोसेसिंग फीस ले रहे हैं। जब उन्होंने लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था तो आईडीबीआई बैंक के एजेंट ने लोन अमाउंट का 3 प्रतिशत प्रोसेसिंग चार्ज और 18 प्रतिशत जीएसटी बताया। ऐसे में जरूरतमंद जाएं तो कहां जाएं।

**केस 2** मशकगंज निवासी अक्षय वाजपेयी लोन के लिए आईसीआईसीआई बैंक गए। जहां पर भी प्रोसेसिंग फीस 2 प्रतिशत और 18 प्रतिशत जीएसटी बताई गई और लोन पर लगने वाला ब्याज 12.35 प्रतिशत बताया गया। जब उन्होंने पूछा कि आपके यहां ब्याज ज्यादा है तो एजेंट ने बताया यह हमारे बैंक की पॉलिसी है।

# कोई भी पात्र योजनाओं के लाभ से न रहे वंचित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

**अमृत विचार:** विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय पर पूरा किया जाए। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए।

मंडलायुक्त ने विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश मातहतों को दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, खतौनी में अंश निर्धारण, जल जीवन मिशन, कायाकल्प, मध्याह्न भोजन, कन्या विवाह योजना, स्वरोजगार योजना और कृषक दुर्घटना के अधिक मामले रायबरेली में लंबित हैं। उन्होंने रायबरेली के अधिकारियों को प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। शासन की प्राथमिकता वाले योजनाओं में विशेष ध्यान दिया जाए। समीक्षा में पीएम स्वनिधि योजना तहत लखनऊ मंडल के सभी जिलों में लगभग 98.21% प्रगति है। जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 97.49% प्रगति है। इस दौरान अपर आयुक्त प्रशासन रणविजय यादव, अपर आयुक्त न्यायिक शीलधर यादव, अपर आयुक्त न्यायिक द्वितीय घनश्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईआरसीटीसी कराएगा भुवनेश्वर पुरी और कोणार्क की हवाई सैर

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ से भुवनेश्वर, पुरी और कोणार्क के लिए 4 रात्रि और 5 दिन का हवाई टूर पैकेज का संचालन करने जा रहा है।

यह टूर पैकेज 3 से 7 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत सिन्हा ने बताया कि इस पैकेज में भुवनेश्वर में नंदनकानन, जूलॉजिकलपाक, खंडगिरी, उदयगिरी, लिंगराजमंदिर, धौलीस्तूप के दर्शन और पुरी में जगन्नाथ मंदिर, गोल्डनबीच, चिल्कालेक(सतपुड़ा में) अलरनाथ मंदिर, चंद्रभागा बीच तथा कोणार्क में सूर्य मंदिर का दर्शन आईआरसीटीसी की ओर कराया जाएगा।

इस टूर पैकेज में यात्रियों के लिए लखनऊ से भुवनेश्वर और वापसी की यात्रा की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। इस हवाई यात्रा पैकेज में हवाई यात्रा, डीलक्स होटलों और रिजॉर्ट में ठहरने की व्यवस्था के साथ भारतीय खाने की व्यवस्था भी आईआरसीटीसी ही करेगा।

### प्रति व्यक्ति का किराया 50500 रुपये होगा

इस टूर पैकेज में तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर 37100 प्रति व्यक्ति, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 39400 रुपये प्रति व्यक्ति, और सिंगल व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज 50500 का होगा। इसके अलावा प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 32200 रुपये, बेड सहित 30400 रुपये है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी।

## नंद बाबा पुरस्कार में चार ब्लॉक पीछे

**अमृत विचार, लखनऊ :** नंद बाबा पुरस्कार 2022-23 के लिए उन्नाव व लखीमपुर खीरी लाभार्थियों का चयन नहीं करा पाए हैं। जबकि इसके लिए प्रादेशिक कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन बराबर जिलों से सूची मांग रहा है। नंद बाबा पुरस्कार शासन की प्राथमिकता में है। इसके लिए पशुपालकों का चयन करना है। जिन्हें पुरस्कार दिया जाएगा। तिथि कभी भी घोषित हो सकती है। इधर, लखीमपुर खीरी के तीन ब्लॉक व उन्नाव के एक ब्लॉक में लाभार्थियों का चयन नहीं किया गया है। इस पर नाराजगी जताते हुए प्रबंध निदेशक ने हर हाल में सूची मांगी है।

# हीटर और गीजर की मांग से गर्म हुआ बाजार

नाका स्थित दुकान से गीजर की खरीदारी करता ग्राहक। अमृत विचार

पानी गर्म करने के लिए छोटा गीजर दिखाता दुकानदार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अधिक सर्दी पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की बिक्री में आई तेजी
- सामान्य व सस्ते उपकरण की खपत अधिक, लग्जरी की कम
- 10 दिन तक और कारोबार बढ़ने की संभावना जता रहे दुकानदार

**अमृत विचार :** सर्दी बढ़ने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मांग से बाजार गर्म हो गया है। रूम हीटर, ब्लोअर, गीजर, इमर्शन रॉड आदि उपकरणों की खपत में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इनमें 250 से लेकर 3,000 रुपये तक के गर्म आइटम की डिमांड है।

जबकि लग्जरी उपकरणों की बिक्री ठंडी है। महज तीस से चालीस फीसद महंगे उपकरण ही बिक पा रहे हैं। गीजर में सबसे ज्यादा बाथ व किचन में गर्म पानी इस्तेमाल करने वाले इंस्टेंट मॉडल बिक रहे हैं। जो 1,400 से 2,500 रुपये तक कीमत के हैं। एक से पांच लीटर तक की क्षमता वाले गीजर किचन में इस्तेमाल के लिए ज्यादा बिक रहे हैं। जबकि हीटर व ब्लोअर के कई मॉडल तेजी से उठ रहे हैं। कारोबारियों का कहना है इस बार देर से सर्दी पड़ने के कारण बिक्री भी देर से शुरू हुई है।

**वाई-फाई व डिजिटल गीजर के दाम अधिक:** इस बार बाजार में वाईफाई व डिजिटल गीजर भी आया है। जो वाई-फाई से मोबाइल पर कनेक्ट कर रिमोट से चलता है। इसमें तापमान देखने व नियंत्रित करने के लिए डिस्पले लगा है।

इसी तरह बेबी गीजर भी नया आया है। जो ब्रांडेड कंपनियों के हैं। लेकिन, दाम अधिक होने के कारण बड़े लोग ही खरीद रहे हैं। इसी तरह सस्ते उपकरणों के आगे सोलर गीजर, कार्बन रॉड हीटर, ऑयल हीटर आदि की मांग कम है।

### बोले दुकानदार

इस बार ठंड देर से पड़ने के कारण शुरुआत में उतनी बिक्री नहीं हुई थी। इधर, तापमान गिरने से उपकरणों की मांग बढ़ी है। लेकिन, लोगों का मानना है ही कुछ दिन की ही सर्दी है इसलिए कम दाम के उपकरण पर ग्राहकों का ध्यान ज्यादा है।
- सिराज खान, याराना सेल्स, नाका हिंडोला

कुछ दिन की सर्दी मानकर लोग काम चलाने के लिए कम दामों के गीजर, हीटर आदि उपकरण खरीद रहे हैं। इससे सस्ते उपकरणों की खपत ज्यादा है। जबकि महंगे और ब्रांडेड में पैसा फंस गया है।
- ईशान खान, लखनऊ इलेक्ट्रॉनिक, नाका हिंडोला

लग्जरी उपकरण महंगे होने के कारण न के बराबर बिक रहे हैं। इससे लाखों रुपये माल खरीदने में फंस गए हैं। कंपनियों को दाम कम करने चाहिए। इससे बिक्री बढ़ेगी।
-नितेश सिंघल, बीबीडी एंड संस, बासमंडी चौराहा

पिछले वर्ष की अपेक्षा 30 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का बाजार गिरा है। अगर सर्दी लंबी खिंची तो उपकरण उठेंगे। हालांकि लोगों का ध्यान कम कीमत वाले उपकरणों की ओर अधिक है।
**-मोनू,** महेश्वरी एम्पलायंस, बासमंडी

नाका स्थित दुकान पर बिक्री के लिए रखे विभिन्न प्रकार के हीटर। अमृत विचार

### उपकरण व दाम (रुपये में)

| | |
|---|---|
| वाईफाई गीजर | 17,000-20,000 |
| कार्बन रॉड हीटर | 4,000-6,000 |
| हैलोजन हीटर | 800-900 |
| ऑयल हीटर | 8,000-10,000 |
| गीजर | 5,000-8,000 |
| बेबी गीजर | 10,000-12,000 |
| ब्लोअर | 800-1000 |
| हीटर | 250-500 |
| इमर्शन रॉड | 300-500 |

# नहर, नलकूप में पानी नहीं, सत्यापन करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- माल व मलिहाबाद के किसानों ने की शिकायत

**अमृत विचार :** जिले में नहर व नलकूपों का सत्यापन कराया जाएगा। सीडीओ की अध्यक्षता में हुई समीक्षा में माल व मलिहाबाद के किसानों ने फसलों की सिंचाई न होने की शिकायत की है। इसे गंभीरता से लेकर सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को विकास भवन में सीडीओ अजय जैन ने जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह के साथ कृषि कार्यों की समीक्षा की थी। इसमें नलकूल, सहकारिता, कृषि, उद्यान, पशु पालन समेत विभाग के अधिकारियों के साथ किसान व एफपीओ भी शामिल रहे।

इस दौरान किसानों ने माल व मलिहाबाद ब्लॉक में नलकूप और नहरों में कहीं पानी कम आना तो कहीं न आने से फसलों की सिंचाई न होने की शिकायत की। रोस्टर का पालन न होना बताया। जबकि संबंधित अधिकारियों ने ऊपर से पानी कम आने की बात कही। इस पर सीडीओ ने जिला कृषि अधिकारी को दोनों ब्लॉकों में नहर व नलकूप का सत्यापन करने के निर्देश दिए और रिपोर्ट मांगी है। लापरवाही पर कार्रवाई करने का भी आदेश दिया है।

### गांव-गांव इक्ट्ठा की 6500 किलो प्लास्टिक

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले के ग्रामीण इलाकों में चले विशेष सफाई अभियान में 6500 किलो प्लास्टिक इक्ट्ठा की गई है। इसे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लान में निस्तारित कर सड़क के लिए दाने बनाकर बिक्री करेंगे। रविवार को पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया था। इसमें सफाई कर्मियों को साफ-सफाई के साथ रोजाना तीन-तीन बोरी वेस्ट प्लास्टिक इक्ट्ठा करने का लक्ष्य दिया गया था। इस चार दिन के अभियान में 6500 किलो (800 बोरी) प्लास्टिक इक्ट्ठा की है। डीपीआरओ हिमांशू शेखन ठाकुर ने बताया कि इसे बीकेटी के कठवारा में संचालित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में निस्तारित कर दाने बनाएंगे। जो ठेकेदारों को सड़क निर्माण के लिए बिक्री करेंगे।

## युवती ने लगाया दुराचार का आरोप

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** बंथरा इलाके की एक युवती ने गांव के ही एक व्यक्ति पर दुराचार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। तहरीर में पिता ने कहा है कि बुधवार शाम करीब 8 बजे उसकी 20 वर्षीय बेटी गांव में ही किराना स्टोर से सामान खरीदने गई थी। किराना स्टोर से पहले ही गांव के ही एक व्यक्ति ने उसे पान मसाला मांगने के बहाने अपने घर में बुला लिया और कमरे में बंद कर उसके साथ दुराचार किया। बंथरा थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार राघव का कहना है कि मामला जानकारी में है।

# मिठाई विक्रेता की गोली मार कर हत्या

कार्यालय संवाददाता, मलिहाबाद

- वारदात को अंजाम देकर हत्यारोपी फरार
- मामले की जांच में जुटी माल पुलिस

अरुण यादव

**अमृत विचार:** माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत थावर गांव में बुधवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर मिठाई विक्रेता अरुण यादव (35) की गोली मार कर हत्या कर दी।

इसके बाद हत्यारोपी वारदात को अंजाम देकर घटनास्थल से भाग निकले। ग्रामीणों ने अरुण को मरणासन्न हालत में खून से लथपथ देख फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हत्याकांड को लेकर पुलिस कई बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक, दुबग्गा थानाक्षेत्र के लीला खेड़ा निवासी अरुण यादव की थावर गांव में मिठाई व समोसे की दुकान है। बुधवार शाम करीब 8:30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना मिली कि अरुण यादव को गोली मारी गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अरुण रात में रोजाना दुकान बंद कर गांव सेमसी में अपने मौसा रामकुमार के यहां चले जाते थे। बुधवार देर शाम भी वह दुकान बंद करने की तैयारी में थे। इसी बीच कुछ बदमाश दुकान पर पहुंचे और अरुण को गोली मार दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ की। बावजूद इसके हत्यारोपियों का सुराग नहीं मिला।

**घटनास्थल से एकत्र किए साक्ष्य:** घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। फिलहाल, पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल को जब्त कर उसकी सीडीआर रिपोर्ट खंगालनी शुरू कर दी है।

## एक नजर

### दुबई भेजने के नाम पर युवक से धोखाधड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर थानाक्षेत्र अन्तर्गत वैष्णव खण्ड निवासी सुधांशु दुबे की दिसम्बर 2022 में धर्मेंद्र कुमार से मुलाकात हुई थी। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि अगस्त 2023 को धर्मेंद्र ने उसे फोन कर बताया कि दुबई की ग्रैंडवुड वर्क में नौकरी निकली है। इस दौरान जालसाज ने उसे नौकरी लगवाने की बात कही और वीजा दिलाने का दावा कर 40 हजार रुपये ले लिए। जिसके बाद धर्मेंद्र ने उसे फर्जी नियुक्ति पत्र सौंपा दिया। लेकिन सुधांशु को दुबई नहीं भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक दीपक पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### दुकानदार का ईंट से फोड़ा सिर

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक, प्रधानमंत्री आवास योजना निवासी धनीराम ने बड़ी घुसवल के रहने वाले छोटू और उसके कुछ साथियों के खिलाफ लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उनके बेटे गोविंद और कृष्णा मिश्र मेदांता चौराहे पर ठेला लगाकर अपना व्यवसाय करते है। आरोप है कि सोमवार शाम करीब 7 बजे छोटू अपने साथियों को लेकर बेटों की दुकान उधार सामान लेने पहुंचा। इस पर पीड़ित के बेटों ने उसे उधारी देने से मना कर दिया। तब आरोपी ने साथियों के संग मिलकर पथराव कर दिया। जिसे बेटे गोविंद की आंख और कृष्णा का सिर फट गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज के अल्लाहनगर निवासी अशरफ मंगलवार दोपहर बिना बताए घर से कहीं चला गया। कुछ समय बाद डालीगंज रेलवे लाइन के पास मृत हालत में पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उसे ट्रामा सेंटर भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार में पत्नी रेशमा व दो बच्चे हैं।

# एएसपी राहुल व पत्नी की याचिका पर कल भी होगी सुनवाई

## दुष्कर्म व गर्भपात का आरोप, साक्ष्य मिलने तक गिरफ्तारी पर रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जांच में पीड़िता के साथ संबंध का हुआ है खुलासा

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एएसपी राहुल श्रीवास्तव व उनकी पत्नी के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म और गर्भपात मामले की एफआईआर के विरुद्ध दाखिल याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। इस मामले में न्यायालय ने एएसपी और उनकी पत्नी की अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगाई है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने एएसपी व उनकी पत्नी की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया है। याचिका का विरोध करते हुए, राज्य सरकार की ओर से न्यायालय को बताया गया कि डीजीपी के आदेश से इस मामले में महिला व बाल सुरक्षा संगठन के एडीजी से जांच कारवाई गई। कहा गया है कि 2 जनवरी 2024 की उक्त जांच रिपोर्ट में पीड़िता द्वारा दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग के आरोपों के समर्थन में साक्ष्य तो नहीं मिले लेकिन एएसपी व पीड़िता के बीच रिलेशनशिप के साक्ष्य जरूर मिले हैं। वहीं याची की ओर से दलील दी गई है कि लखनऊ यूनिवर्सिटी जहां एएसपी की पत्नी एसोसिएट प्रोफेसर हैं, के कुलपति को पीड़िता द्वारा भेजे पत्र में उसने एएसपी के साथ किसी भी सम्बंध से इंकार किया है जबकि डीजीपी को भेजे पत्र में सम्बंध होने की बात काही है और वहीं एफआईआर में वर्ष 2019 में एएसपी द्वारा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। याची की ओर से पीड़िता द्वारा लगातार बदलते बयानों व चार साल बाद एफआईआर दर्ज कराने के आधार पर उक्त एफआईआर को चुनौती दी गई है।

# शिक्षक व पूर्व प्रधान की हत्या के मुख्य अभियुक्त को मिली जमानत

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ न्यायालय ने अभियुक्त को सशर्त जमानत पर रिहा करने का दिया आदेश

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या जनपद के चर्चित दलित शिक्षक व पूर्व प्रधान दुष्यंत कुमार हत्याकांड मामले में मुख्य अभियुक्त व अमौनी गाँव के प्रधान संतोष सिंह की अपील मंजूर करते हुए, विशेष अदालत के जमानत नामंजूरी के आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त को सशर्त जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने संतोष कुमार सिंह की अपील को मंजूर करते हुए पारित किया है। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता चन्दन श्रीवास्तव की दलील थी कि मामला अयोध्या के महाराजगंज थाने का है, अभियुक्त पर आरोप है कि खलिहान की जमीन पर एनम सेंटर बनवाने में बाधा बनने पर उसने 10 अप्रैल 2023 को पूर्व प्रधान दुष्यंत कुमार की हत्या करवा दी।

दलील दी गई कि अभियोजन पक्ष ने स्वयं स्वीकार किया है कि अभियुक्त घटना के समय घटनास्थल पर मौजूद नहीं था व पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के शरीर के किसी भी नाजुक अंग पर चोटें नहीं आईं हैं। कहा गया कि मृतक की मृत्यु भी घटना के अगले दिन अस्पताल में इलाज के दौरान हुई थी।

# आईएसआई एजेंट को छह साल का कारावास

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पाकिस्तान स्थित भारतीय दूतावास में कार्य करने के दौरान पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करने के आरोपी पिथौरागढ़ के रमेश सिंह कन्याल को एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने छह वर्ष के कठोर कारावास एवं चार हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

विशेष अधिवक्ता एमके सिंह ने अदालत को बताया कि खेतार कन्याल देवी सुना किरौली, थाना डीडीहाट, जिला पिथौरागढ़ के रहने वाले रमेश सिंह कन्याल वर्ष 2015 में पाकिस्तान स्थित भारतीय दूतावास में घरेलू सहायक के रूप में काम करने गया था। अदालत को बताया गया कि दूतावास में काम करने के दौरान वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के जाल में फंस गया तथा 2 सितंबर 2017 को भारत में आने के पश्चात भी भारत की महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं भेजता रहा।

### नगर निगम की महिला लिपिक भेजी गई जेल

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** संपत्ति नामांतरण के एवज में पच्चीस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार नगर निगम की महिला लिपिक नीलम साहू को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव ने विवेचक के अनुरोध पर आगामी 30 जनवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# बेटी के हत्यारे को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ झाड़ फूंक के चक्कर में की थी 13 साल की बालिका की हत्या

**अमृत विचार :** झाड़ फूंक एवं तांत्रिक के चक्कर में पड़कर अपनी बेटी की हत्या करके उसकी लाश को जमीन में गाड़ने के आरोपी सबदल बाग कैसरबाग निवासी राजकुमार कोरी को अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ 30 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अरुण पांडे ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट आरोपी राजकुमार कोरी के छोटे भाई सुनील ने 29 अक्टूबर 2016 को कैसरबाग थाने में लिखवाई थी जिसमें उसने कहा था कि उसका भाई राजकुमार कोरी अपनी 13 साल की पुत्री नैंसी के साथ एक ही घर में अलग कमरे में रहता था। अदालत को बताया गया कि नैंसी पिछले 5-6 माह से बीमार चल रही थी तथा उसका भाई आरोपी राजकुमार पूजा पाठ में ज्यादा विश्वास करता था तथा उसका इलाज ढंग से नहीं करता था। कहा गया कि 29 अक्टूबर को घर का ताला बंद करके आरोपी कहीं चला गया तथा नैंसी जब दिखाई नहीं पड़ी तो शक होने पर उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने पर कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा गया तो पलंग के नीचे जमीन उभरी हुई थी तथा खोदने पर नैंसी का शव बरामद हुआ। आरोपी की गिरफ्तारी होने पर पता चला कि आरोपी ने आपनी पुत्री का झाड़ फूंक के चलते गला दबाकर हत्या कर दी थी।

### नाबालिग से दुराचार के आरोपी को बीस साल की कैद

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** नाबालिग से दुराचार करने के आरोपी तेज किशन खेड़ा, काकोरी निवासी पिलकी उर्फ जितेंद्र को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश आशुतोष कुमार सिंह ने बीस वर्ष के कठोर कारावास एवं 52 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप

चौकीदारों को कंबल वितरित करते एसीपी राधा रमण सिंह। अमृत विचार

### भ्रामक प्रचार करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार, निगोहां :** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह ने धर्मगुरुओं, चौकीदारों, ग्राम प्रधानों, आशा बहुओं और ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस दौरान एसीपी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से लोगों को जागरूक किया गया। एसीपी ने बताया कि ठगी, जालसाजी जैसे साइबर क्राइम से सावधान रहें। अगर आपके पास अज्ञात नंबर से कोई लॉटरी लग जाने जैसी कॉल आती है तो आप उससे सावधान रहें और कॉल न उठाएं। एसीपी ने बताया कि पुलिस की सोशल साइट पर पैनी नजर है, अगर कोई भी आपत्तिजनक या भ्रामक संदेश शेयर करता है तो ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसीपी व थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी द्वारा थानाक्षेत्र के 47 चौकीदार समेत आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, बुजुर्ग, गरीब असहाय सैकड़ों लोगों को कंबल वितरित किया गया।

कंबल वितरण के दौरान मौजूद समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

### समाचार पत्र वितरकों को मिले कंबल, खिले चेहरे

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब में समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के द्वारा बुधवार को समाचार पत्र वितरकों को ठंड से बचाव हेतु लायंस क्लब लखनऊ के माध्यम से नि :शुल्क कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति के वासुदेव पाल डिपो अध्यक्ष बारा बिरवा व मुरारी यादव डिपो अध्यक्ष कैसरबाग की उपस्थिति में बीकेटी डिपो अध्यक्ष प्रवीण यादव के द्वारा सभी समाचार पत्र वितरकों को कंबल दिए और कहा कि अखबार वितरण चुनौतीपूर्ण कार्य है। वितरक बदलते मौसम ठंडी, गर्मी व बरसात में भी लोगों को देश-दुनिया की खबरों से अपडेट कराने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने की मंदिर परिसर की साफ-सफाई

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को बंथरा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी श्वेता सिंह के निर्देशन में बंथरा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने से पहले भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत रानी लक्ष्मीबाई नगर वार्ड स्थित श्री रुद्र अवतार संकट मोचन हनुमान मंदिर के परिसर की साफ-सफाई करने के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने दीनदयाल नगर वार्ड में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बंथरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजीत रावत ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ व शॉल भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए मौजूद लोगों को इनके बारे में जागरूक किया।

### दवा लेने गई किशोरी लापता

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी थानाक्षेत्र के इमामबाग निवासी राम किशोर ने बताया कि गत 14 जनवरी शाम की शाम बेटी (14) कस्बा में दवा लेने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। खोजबीन किए जाने पर उसका सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने सम्बन्धित थाने में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई।

### डायरेक्टर समेत चार लोगों पर प्राथमिकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मकानों में इंटीरियर का काम करने वाली एक कंपनी के खिलाफ फर्जी दस्तावेज के आधार पर रुपये ऐंठने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित सतेंद्र सिंह राना निवासी शिवनगर खदरा लखनऊ ने सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस को बताया कि 238 शॉपिंग स्कवायर बिल्डिंग स्थित मल्हार इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अजीत द्विवेदी व कंपनी के कर्मचारियों आकाश, अर्चना व शुभम सिंह के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर रुपये ठगे जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि उपरोक्त कंपनी द्वारा मकान में इंटीरियर का काम कराने के लिए एग्रीमेंट किया था।

# डिवाइडर से टकराई कार, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गाजीपुर व गौतमपल्ली थानाक्षेत्र में हुई घटना

**अमृत विचार :** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार की वजह से दो जगहों पर कार के डिवाइडर से टकराने पर एक बुजुर्ग की मौत की हो गई। जबकि कुल चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पहला मामला सुरेन्द्र नगर स्थित हाईकोर्ट गेट नंबर-4 के पास का है, जबकि दूसरा मामला कैंट के कटाई पुल का है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि हादसा कोहरा और ओवर स्पीडिंग के चलते हुआ है।

गाजीपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत सुरेन्द्र नगर हाईकोर्ट गेट नंबर-4 के पास मंगलवार देर रात करीब 2.19 बजे लखनऊ से बाराबंकी की ओर जा रही कार डिवाइडर में घुस गई। इस दुर्घटना में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार दो दोस्त भीतर फंस गए। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बाराबंकी पलहरी निवासी अभिषेक और शिवा को गंभीर हालत में बाहर निकाला और लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। इंदिरानगर एफएसओ शत्रुघन के मुताबिक, देर रात हाईकोर्ट के समीप डिवाइडर से कार टकराने की सूचना प्राप्त हुई थी। हाईड्रोलिक जैक और कटर मशीन से कार का दरवाजा काटा गया। जिसके बाद दोनों को जख्मी हालत में बाहर निकला गया। दोनों दोस्त लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर रहे थे, बुधवार देर-रात कार से अपने घर लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया। वहीं, दूसरी घटना में मऊ के रहने वाले मोहम्मद वसीम (80) की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। गौतमपल्ली थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार तड़के करीब 4 बजे पुलिस को सूचना मिली कि कटाई पुल के पास डिवाइडर से कार टकराई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पाया कि किया कार सवार तीन लोग जख्मी हैं। जिसके बाद सभी को ट्रामा में भर्ती करवाया गया, जहां देर शाम मो. वसीम की मौत हो गई।

### पास न मिलने पर बाइक सवार को मारी टक्कर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में करीब 15 दिन पहले पास न मिलने पर कार के चालक ने पास न मिलने पर बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वस्थ होने पर पुलिस से शिकायत की है। मानस नगर निवासी ऋषभ उपाध्याय के मुताबिक बीती 31 दिसंबर की शाम वह अपने घर से अपने मित्र भोलाखेड़ा निवासी ऋतिक मिश्रा को बाइक से उसके घर छोड़ने रहा था। इस दौरान सहसवीर मंदिर के पास गाड़ी को पास देने को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद कार सवारों ने बाइक पर टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जांच के दौरान उसकी कमर की हड्डी टूटी मिली। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद पुलिस से गाड़ी नंबर के आधार पर शिकायत की है।

# बम निरोधक सुरक्षा दस्ते में जल्द शामिल होंगे दो नए मेहमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डाग स्क्वायड प्रभारी ने खरीदारी करने का उच्चाधिकारियों को भेजा प्रस्ताव

**अमृत विचार :** राजधानी पुलिस के बम निरोधक दस्ते में जल्द ही दो नए मेहमान (कुत्ते) शामिल किये जायेंगे। डाग स्क्वायड प्रभारी ने विशेष नस्ल के कुत्तों की खरीदारी के लिये उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा है। अनुमति मिलते ही प्रक्रिया पूरी कर नए मेहमानों को ट्रेंड कर स्क्वायड में शामिल किया जायेगा।

पुलिस महकमे में डाग स्क्वायड प्रभारी आरक्षी संजय कुमार ने बताया करीब डेढ़ माह पहले विशेष सुरक्षा दस्ते में शामिल जर्मन शेफर्ड कुत्ते की बीमारी से मौत हो गयी थी। इसके अलावा हाईकोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था दस्ते में भी एक कुत्ता कम है। इसके लिये दो कुत्तों की खरीद की जानी है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। जो पूरी होते ही एक क्लब से जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर या डाबरमैन नस्ल के दो कुत्ते खरीदे जाएंगे। इसके बाद इनको ट्रेंड कर बम निरोधक सुरक्षा दस्ते में शामिल कर दिया जायेगा। बता दें कि वर्तमान में स्क्वायड में शामिल विभिन्न नस्ल के करीब नौ कुत्ते हैं। जिन्हें चोरी, डकैती व हत्या आदि में साक्ष्य जुटाने व आरोपी तक पहुंचने के लिये घटना स्थल तक ले जाया जाता है।

# पोस्ट ऑफिस से 37 हजार रुपये लेकर फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अमेरिका में रहने वाली बेटी को पार्सल भेजने पहुंचा था पीड़ित

▸▸ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ आरोपी, पुलिस तलाश में जुटी

**अमृत विचार:** अमेरिका में रहने वाली बेटी के लिए सामान पार्सल करने पहुंचे पिता से जनरल पोस्ट ऑफिस में टप्पेबाजी हो गई। काउंटर पर डाक कर्मी से बातें करते देख आरोपी को स्टाफ समझ रुपये थमा दिए। कुछ देर बाद जब डाक कर्मी से रसीद मांगी तो टप्पेबाजी होने का खुलासा हुआ। सीसीटीवी कैमरे में कैद टप्पेबाज को पुलिस तलाश कर रही है।

हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत लारेंस टेरिस निवासी सुनील कुमार अग्रवाल ने बताया की जनरल पोस्ट ऑफिस में सामान पार्सल करने पहुंचा था। पार्सल बड़ा होने से काउंटर पर बैठे कर्मी ने उन्हें अंदर बुला लिया। तौल व अन्य प्रक्रिया पूरी होने के बाद कर्मी ने 37, 241 रुपये जमा करने को बोला। काउंटर पर पहले से खड़े होकर पोस्ट ऑफिस कर्मी से बातें कर रहे युवक ने उनसे कहा कि बेंच पर बैठ कर रुपये गिन लो। वह भी समीप खड़ा हो गया। उक्त युवक ने उनसे कहा कि रुपये दो रसीद दे रहे हैं। उन्होंने उसे वहीं का कर्मी समझ रुपये दे दिए। सुनील की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो मफलर बांधे रुपये ले रहा आरोपी नजर आया। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### दो महिलाओं ने लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग कोतवाली में एक महिला ने ससुराल पक्ष वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, बंथरा थाने में एक महिला ने ससुराल पक्ष के परिवारिक सदस्यों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। दोनों ही मामलों में पुलिस गहनता से जांच कर रही है। आलमबाग के साकेतपुरी निवासी दीक्षा सक्सेना का आरोप है ससुराल में दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। पति दीपांश सक्सेना बंगलौर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। गर्भवती होने पर उसके पति उसे बंगलौर ले गए। जहां जबरन उसका गर्भपात करा दिया। पुलिस के अनुसार मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वहीं, बंथरा थानाक्षेत्र के कुरौनी टूड़ी खेड़ा निवासी ललिता यादव ने पति अमित यादव समेत अन्य परिवारिक सदस्यों पर मारपीट और दहेज उत्पीड़न आरोप लगाते हुए बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बंद मकान और दुकानों से लाखों का माल किया पार

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

▸▸ आलमबाग और माल थानाक्षेत्र से सामने आए मामले

**अमृत विचार :** आलमबाग कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कैलाशपुरी में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पार कर दिया। वहीं, माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत लोधौरा गांव में चोरों ने चार दुकानों का शटर काट लाखों की नकदी और स्टॉक पार कर दिया। हालांकि, दोनों ही मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आलमबाग प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन के मुताबिक, कैलाशपुरी निवासी विनय शुक्ला के घर से मंगलवार रात चोरों ने पुराने पंखे, प्लम्बर का सामान, बिजली का तार समेत अन्य उपकरण पार कर दिए। वहीं माल के लोधौरा गांव निवासी राकेश तिवारी की बाजार में किराने की दुकान है। बीती रात चोरों ने उनकी दुकान के अलावा विपिन तिवारी, धीरेंद्र प्रताप की कपड़े की दुकान और सत्यपाल की दुकान का शटर काट लाखों की नकदी पार कर दी। व्यापारी राकेश ने बताया कि चोरों ने उनकी दुकान से 1.45 लाख की नकदी और दस हजार रुपये का सामान समेट लिया।

### एसडीआरएफ के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल ने मुख्यालय का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने बुधवार को सरोजनीनगर के नूरनगर भदरसा स्थित राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान योगेंद्र डिमरी ने एसडीआरएफ मुख्यालय में मौजूद उपकरणों की बारीकी से जानकारी ली। वहीं एसडीआरएफ सेनानायक डॉ. सतीश कुमार ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें एसडीआरएफ की कार्य प्रणाली और आधुनिक उपकरणों की प्रस्तुतीकरण व वीडियो के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही एसडीआरएफ में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को 30% प्रोत्साहन और जोखिम भत्ता दिए जाने और प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आरआरसी (रीजनल रिस्पांस सेन्टर) केंद्र बनाए जाने पर चर्चा की।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

## एक नजर

### पश्चिम उप्र में रालोद ने नियुक्त किए प्रभारी

**लखनऊ :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने 2024 लोकसभा के चुनाव अभियान के लिए पश्चिमी उप्र. में प्रभारी और संयोजक नियुक्त कर दिए हैं। रालोद कार्यालय द्वारा पश्चिमी उप्र. में हस्तिनापुर, ब्रज और रुहेलखण्ड क्षेत्र के लिए प्रभारियों और संयोजकों की सूची बुधवार को जारी की गई है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि हस्तिनापुर क्षेत्र में कुं. नरेन्द्र सिंह (मथुरा) को प्रभारी व पूर्व विधायक वीरपाल राठी को संयोजक तथा विधायक डॉ. सुभाष गर्ग को ब्रज क्षेत्र का प्रभारी व रामरस पाल पूनिया को संयोजक बनाया गया है। इसके अतिरिक्त रुहेलखण्ड क्षेत्र में अय्यूब अली एडवोकेट को प्रभारी व सचिन चौधरी को संयोजक नियुक्त किया है।

### कांग्रेस ने मनाई गुरु गोबिंद सिंह की जयंती

**लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सिखों के अंतिम एवं 10वें गुरु गुरु गोबिंद सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रदेश कांग्रेस डॉ. हिलाल अहमद नकवी ने बताया कि इस अवसर पर गोविंद सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक योद्धा, कवि और दार्शनिक थे।

### हर्षित सिंह और दिशा शर्मा ने जीते स्वर्ण पदक

**लखनऊ :** हर्षित सिंह और दिशा शर्मा ने लखनऊ जिला (अंडर-14 व अंडर-16) एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन बुधवार को अंडर-14 बालक जेवलिन थ्रो में सबसे लंबा थ्रो करते हुए स्वर्ण पदक जीते। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के ओर से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय चैंपियनशिप में अंडर-14 ट्रायथलॉन में बालकों में वैभव और बालिकाओं में सृष्टि अव्वल रहे। इससे पहले चैंपियनशिप का उद्घाटन लखनऊ के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने खिलाड़ियों मुलाकात करके किया। सचिव बीआर वरुण ने बताया कि इस चैंपियनशिप के माध्यम से चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय (अंडर-14 व अंडर-16) अंतर जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर निशाना लगाते हुए बाल कलाकार। अमृत विचार

# चार स्थानों पर रामलला स्वरूप दर्शन व शोभायात्रा का आयोजन

## यात्रा में समाज के प्रत्येक वर्ग ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में राजधानी में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं और शोभा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में लखनऊ पश्चिम भाग द्वारा श्री रामलला के 1100 बाल स्वरूप की एक विशाल शोभा यात्रा ऐशबाग रामलीला मैदान से निकाली गई। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में बाल, वृन्द नर-नारी एवं समाज के प्रत्येक वर्ग ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रातः 10 बजे से श्रीराम के बाल स्वरूप सुसज्जित बालक अपने-अपने नगर क्षेत्र बुद्धेश्वर, दुबग्गा, बालागंज, चौक, मेडिकल कालेज, कैसरबाग, लालबाग, चारबाग, मालवीय नगर से भ्रमण करते हुए 11.30 बजे राम लीला मैदान ऐशबाग में एकत्र होना शुरू हुए। भोजन जलपान के उपरान्त उपस्थित जन समूह को वरिष्ठ समाज सेवी संजय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, इसके उपरान्त पुनः सामूहिक रूप से यह यात्रा यहियागंज, रकाबगंज, पाण्डेयगंज, नाका-हिंडोला, राजेन्द्र नगर होते हुए पुनः रामलीला मैदान में समाप्त हुई।

श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में रामलीला के लिए अलग-अलग पोषाकों में सजे बाल कलाकार। अमृत विचार

**▸▸ हजारों की संख्या में लोग हुए शामिल**

यात्रा में शोभायमान 1100 बाल स्वरूप श्रीराम लला का जगह-जगह स्वागत हुआ। माताओं बहनों ने पुष्प वर्षा करते हुए थाल सजाकर आरती उतारी तथा हर्षोल्लास के साथ प्रसाद वितरण किया। यात्रा में यहियागंज के व्यवसायी अनुज, मोहित महाजन, अधिवक्ता राज केशर, समाज सेवी बलराम, पंकज, श्री हरी कुमार एवं नवज्योति विद्यालय के प्रबंधक विजय राजपूत व अन्य हजारों गणमानक नागरिकों ने हिस्सा लिया। प्रसाद वितरण के उपरान्त कार्यक्रम समाप्त हुआ।

लखनऊ पूर्व भाग का कार्यक्रम सेंट्रल एकेडमी विद्यालय सेक्टर 9 इंदिरा नगर में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित समाज सेवी अशोक उपाध्याय रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी सिद्धेश्वर गिरी ने की। इस अवसर पर अशोक उपाध्याय ने कहा कि आज कोठारी बंधुओं का बलिदान पूर्ण हो रहा है।

लखनऊ उत्तर भाग के रामलला स्वरूप संगम कार्यक्रम भाऊराव देवरस विद्यामंदिर अलीगंज सेक्टर क्यू में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री राम की आरती से कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इसी श्रृंखला में श्री राम के स्वरूप में आए बालकों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वतंत्रता सेनानी रामकुमार वर्मा ने कहा कि 500 वर्षों के सतत अद्वितीय संघर्ष के उपरान्त श्री रामलला के अपने भव्य मन्दिर में अधीष्ठित होने की दैवीय बेला अब बस कुछ दिवस ही दूर है।

लखनऊ दक्षिण भाग में श्री रामलला स्वरूप दर्शन एवं शोभायात्रा का कार्यक्रम रामलीला मैदान बालूअड्डा में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ओमपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरे लिए अयोध्या इस भरोसे का प्रतीक है कि अंधेरा कितना भी घना क्यों न हो, वह छंटता जरूर है। व्यक्तिगत या सामाजिक किसी भी स्तर पर यदि आत्मविश्वास डगमगाए तो एक बार अयोध्या की ओर देख लीजिये, साहस बढ़ जाएगा।

# हिमालयन क्रिकेट क्लब ने जीती ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**▸▸ जमाल ने 72 व जीशान ने बनाए 86 रन**

**अमृत विचार :** जमाल काजिम (72) व जीशान अजहर (86) की उम्दा पारी से हिमालयन क्रिकेट क्लब ने द्वितीय अधीर दुबे टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एलीट ग्रुप के फाइनल में ट्रिपल सेवन क्लब को आठ विकेट से हराकर विजेता ट्रॉफी जीत ली।

रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर ट्रिपल सेवन क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 185 रन का स्कोर बनाया। अनिल सिंह (20) और गुरबिंदर सिंह ढिल्लो (32) ने पारी की शुरुआत की। इसके बाद अजय कुमार लाल ने 29 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्के से 42 रन और उदय सिंह ने 25 गेंदों पर 3 चौके और 5 छक्के की मदद से 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी। हिमालयन क्रिकेट क्लब से जमाल काजिम और राजेंद्र कुमार को दो-दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में हिमालयन क्रिकेट क्लब ने निर्धारित ओवर में तीन गेंद शेष रहते हुए दो विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज जमाल काजिम ने 50 गेंदों पर 10 चौके व एक छक्के से 72 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

उनका साथ देते हुए जीशान अजहर ने 51 गेंदों पर 10 चौके व एक छक्के से नाबाद 86 रन बनाते हुए अर्धशतक लगा डाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 75 गेंदों पर 130 रन की शतकीय साझेदारी कर टीम को खिताबी जीत दिलाई। हिमालयन क्लब के जमाल काजिम को मैन ऑफ मैच का पुरस्कार मिला।

विशेष पुरस्कारों में ट्रिपल सेवन क्लब के अनिल सिंह को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, हिमालयन क्लब के जीशान हैदर को बेस्ट बैटर व खानदान-ए-अवध के शिशु ओम दीक्षित को बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में पूर्व पार्षद सुशील दुबे और अधीर दुबे फाउंडेशन चेयरमैन वीरेंद्र दुबे सहित पूर्व पार्षद सुरेंद्र गांधी ने विजेता, उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## टेक्ट्रो एफसी की एक तरफा जीत, आरए ब्वायज को हराया

**लखनऊ :** टेक्ट्रो एफसी ने चौक स्टेडियम में आयोजित छठीं हेमवती नंदन बहुगुणा स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट में आरए ब्वायज के खिलाफ 8-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। टेक्ट्रो क्लब ने शुरू से ही आरए ब्वायज पर दबाव बनाया। टीम से विकास ने खेल के पांचवें, 18वें और 30वें मिनट में विरोधी रक्षापंक्ति को छकातें हुए गोल किया। वहीं आदि ने खेल के 16वें व 42वें मिनट और अणर्च ने 29वें और 38वें मिनट में शॉट खेलते हुए दो-दो गोल दाग दिए। टीम से अयान 58 वें मिनट में एक गोल किया।

मैच में संतोष श्रीवास्तव एमडी नीलांश ग्रुप, क्षेत्रीय सह संयोजक बीजेपी ने खिलाड़ियों से मुलाकात की। टूर्नामेंट में गुरुवार को फोर्टिफाई क्लब बनाम लीफा क्लब और पुलिस न्यू ब्वॉयज और एलाइट क्लब के बीच मुकाबला होंगा।

# मैच ड्रॉ : उत्तर प्रदेश व कर्नाटक को मिला एक-एक अंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ चार दिवसीय मुकाबला कोहरे से रहा प्रभावित**

**▸▸ उत्तर प्रदेश टीम ने पांच विकेट खोकर 111 रन बनाए**

**▸▸ रितुराज ने सात चौकों की सहायता से नाबाद 44 रन बनाए**

**अमृत विचार :** कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के तहत यूपी और कर्नाटक के बीच खेला गया। चार दिवसीय मुकाबला कोहरे से प्रभावित रहा। इसमें यूपी ने कर्नाटक को ड्रॉ पर रोका। मुकाबले के आखिरी दिन यूपी ने पांच विकेट खोकर 111 रन बनाए। टीम ने रितुराज शर्मा ने नाबाद 44 रन की पारी खेली।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच के आखिरी दिन यूपी की टीम दोपहर साढ़े बारह बजे बल्लेबाजी करने उतरी। एक विकेट पर 11 रन से आगे खेलते हुए यूपी को 31 रन पर दूसरा झटका लगा, जब शिविन 18 रन के निजी योग पर मानवनाथ की गेंद पर अनीश को कैच दे बैठे। अभी टीम के स्कोर में 20 रन ही और जुड़े थे, तभी सलामी बल्लेबाज स्वास्तिक 16 रन के स्कोर पर राजवीर की गेंद पर पगबाधा आउट हुए।

चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे रितुराज ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 154 गेंदों पर सात चौकों की सहायता से नाबाद 44 रन बनाए। दूसरे छोर पर कृतज्ञ सिंह 48 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहे। उत्तर प्रदेश ने पांच विकेट खोकर 111 रन बना लिए थे, तभी अंपायरों ने दोनों टीमों की कप्तानों की सहमति से मुकाबला ड्रॉ घोषित कर दिया। यूपी और कर्नाटक को एक-एक अंक दिए गए।

# गोमती नगर जनकल्याण महासमिति ने रक्षामंत्री का जताया आभार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**▸▸ संजय निगम को बनाया गया कार्यकारी सचिव**

**अमृत विचार :** गोमती नगर जनकल्याण महासमिति में संजय निगम को कार्यकारी सचिव और अभिषेक खन्ना को महासमिति का मीडिया प्रभारी बनाया गया है। दीपा टंडन को विवेक खंड का महिला प्रभारी, डॉ. ओली को विराट खंड का खंड प्रभारी एवं अविनाश शुक्ला को विनीत खंड का प्रभारी नियुक्त करने पर सर्वसम्मति से अनुमोदन दिया गया।

महासमिति की बुधवार को आयोजित कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया। सदस्यों ने स्टेट कैपिटल रीजन की घोषणा, गोमती नगर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय टर्मिनस बनाने, गोमती नगर में पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक केंद्र की स्थापना, समस्त रेलवे क्रॉसिंगों पर ऊपरगामी सेतु निर्माण प्रारंभ कराने के लिए लखनऊ सांसद एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह काआभार व्यक्त किया गया। अध्यक्ष बीएन सिंह ने समस्त सदस्यों को गोमती नगर के विकास के लिए प्रयत्नशील रहने और बिना किसी भेदभाव के कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में सहयोग देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि महासमिति का वार्षिकोत्सव शीघ्र कराया जाएगा।

### इन मांगों का प्रस्ताव हुआ पास

कार्यकारिणी बैठक में यातायात व्यवस्थित करने के लिए राइट संस्था या आईआईटी कानपुर से सर्वेक्षण कराने, व्यापारिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में मल्टी लेवल पार्किंग बनाने, चौराहे का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण, सर्विस लेन, साइकिल पथ, नालों तथा फ्लाईओवर के नीचे से अतिक्रमण हटाने, रिहायशी क्षेत्र में गेस्ट हाउस और शराब की दुकान को स्थाई रूप से हटाने, लखनऊ का नामकरण लक्ष्मण पुरी करने एवं रामायण पथ का निर्माण करने, चक गंजरिया एवं अन्य स्थानों पर एलडीए द्वारा आईटी कंपनियों को आवंटित भूमि पर शीघ्र निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# मंदिर में साफ-सफाई कर की पूजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपाइयों ने सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर और सत्येश्वर महादेव मंदिर में साफ-सफाई की। बुधवार को उदयगंज स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर और सत्येश्वर महादेव मंदिर में महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने स्वच्छता अभियान चलाया।

वहीं एमएलसी मुकेश शर्मा ने जानकीपुरम सेक्टर एफ के सिद्धदात्री मंदिर में, एमएलसी लाल जी निर्मल ने विकास नगर सेक्टर 6 में वाल्मीकि मंदिर में, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने मुक्तेश्वर धाम मंदिर, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने भूतनाथ मंदिर, गौरव भाटिया ने शिव मंदिर में साफ-सफाई की। इस दौरान महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, विवेक तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, मण्डल अध्यक्ष विनायक पांडे एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मंदिर में साफ-सफाई करते भाजपा महानगर अध्यक्ष व अन्य।

दीवार पर कमल का फूल बनाते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा।

### बनाया कमल का फूल, बोले- फिर बनेगी सरकार

**लखनऊ :** दीवार लेखन अभियान के तहत बुधवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पार्टी का चुनाव चिह्न कमल का फूल बनाया। अभियान मध्य विधानसभा मंडल के बूथ संख्या 271 में चलाया गया। दूसरी ओर एमएलसी मुकेश शर्मा ने उत्तर मंडल पांच की बूथ संख्या 316 स्थित दीवार पर भारतीय जनता पार्टी का चिह्न कमल का फूल बनाया और उसके नीचे 'एक बार फिर से मोदी सरकार' का नारा लिखा। मुकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। अभियान में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर महामंत्री रामवतार कन्नौजिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, मंत्री योगेन्द्र पटेल, मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे आदि मौजूद रहे।

## एनई रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ मंडल ने किया तहरी भोज का आयोजन

**लखनऊ :** एनई रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ मंडल की ओर से बुधवार को तहरी भोज का आयोजन किया गया। मुख्य अथिति ऑल इंडिया मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा और पूर्वांतर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार मौजूद रहे। इस दौरान एनई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री आरएन गर्ग ने शिव गोपाल मिश्रा को फूल माला पहना कर सम्मानित किया। साथ ही मंडल कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने डीआरएम आदित्य कुमार को अंग वस्त्र पहना कर उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिव गोपाल मिश्र ने युवा कामरेड को पुरानी पेंशन की लड़ाई लड़ने के लिए सबको एक साथ एक मंच पर आने के लिए कहा। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, सूरज पाण्डेय, एके रावत, परवीन कुमार, नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के मंडल अध्यक्ष विभूति मिश्र, मंडल मंत्री आरके पाण्डेय, सहायक महामंत्री प्रीती सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम, प्रिया पुरवार, चंदन यादव, भईया लाल, सुभाष मीणा, शशि भूषण सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश महोत्सव में कलाकारों ने घोल दी रामभक्ति की महक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ ईशान और शौर्य ने भक्ति गीत पर प्रस्तुत किया युगल नृत्य**

**अमृत विचार :** सृजन फाउंडेशन द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश महोत्सव में बुधवार को उड़ान डांस अकादमी के बच्चों ने स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की। जाह्नवी गुप्ता, मिस्टी केसरवानी, आर्या पटेल, आराध्या और अनुष्का ने बड़ी ख़ूबसूरती से इस गीत को प्रस्तुत किया।

उत्तर प्रदेश महोत्सव में ईशान श्रीवास्तव और शौर्य सिंह ने राम पर आधारित भक्ति गीत पर युगल नृत्य प्रस्तुत किया। अर्पिता, आकांक्षा, आर्या, जाह्नवी गुप्ता, अनुष्का और आराध्या ने हमरी गुलाबी चुनरिया गीत पर अच्छा नृत्य प्रस्तुत किया। मयंक, पहल, बानी, तनिष्का और मिष्ठी ने केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम गीत के जरिये माहौल में भक्ति घोल दी। प्रियंवदा पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत लोकगीत घर-घर मनेगी दीवाली पर पारुल, अक्की, आराधना, अनुष्का और आर्या ने भावनृत्य किया।

सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अमित सक्सेना, डॉ. अर्चना सक्सेना, राजेश राज गुप्ता, पंकज तिवारी, रोमा श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मोहन, अजय यादव, स्वाति जैन, पारुल श्रीवास्तव, वीरेन्द्र बहादुर श्रीवास्तव, सरिता सिंह, मनीष पंडित, प्रियंबदा पंडित और मुकेश मिश्रा ने हनुमान प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजन की विधिवत शुरुआत की।

### ग्रेन अल्कोहल उत्पादन को बढ़ावा

**लखनऊ :** ग्रेन अल्कोहल को बढ़ावा देने के लिए गाजियाबाद में मोदीनगर स्थित गाजियाबाद आर्गेनिक्स लि. को उत्पादन क्षमता बढ़ाने की मंजूरी मिल गई है। संयुक्त सचिव उप्र. शासन उमेश कुमार तिवारी द्वारा जारी निर्देश में गाजियाबाद आर्गेनिक्स की उत्पादन क्षमता 50 कि.ली से बढ़ाकर 80 कि.ली रोजाना कर दी गई है। साथ ही कार्यदिवस भी बढ़ाकर 350 करते हुए कुल 280 लाख लीटर सालाना तैयार करने की मंजूरी दी गई है।

त्रिवेणी नगर में श्री रामस्वरूप दर्शन शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

**फसलों का हाल** | कोहरे से तिलहन पर संकट, आलू की फसल भी प्रभावित

# गेंदा किसानों की बढ़ी मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ और उसके आसपास इलाकों में खेतों में सरसों, आलू, टमाटर, मिर्च, चप्पन कद्दू, बैगन एवं मटर की फसल तैयार है। ऐसे में कोहरा और पाला दोनों ही असर डाल रहा है। चन्द्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह बताते हैं कि कोहरे से आलू की फसल बहुत तेजी से प्रभावित हो रही है। अगर आगे भी ऐसा ही मौसम बना रहा तो आलू की फसल पर झुलसा की समस्या खड़ी हो जाएगी।

**सरसों के पौधों की रुकी वृद्धि, 70 फीसद नुकसान :** कृषि वैज्ञानिक का कहना है कि सरसों की अधिकतर प्रजातियां पुष्पन अवस्था में हैं। कुछ प्रजातियों में तो फलियां भी बन रही हैं। ठंड का प्रकोप बढ़ने से पौधों की वृद्धि रुकी हुई है। धूप न निकलने से फोटोसिंथेसिस की क्रिया प्रभावित हुई है, ऐसे में 70 फीसद उत्पादन कम होने के आसार हैं।

आलू की फसल पर कवकनाशी का छिड़काव करता किसान।

**गेहूं में कल्ले बनना बंद :** गेहूं की फसल की पहली सिंचाई अधिकतर किसानों ने प्रारंभ कर दी है। कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि अधिक ठंड पड़ने से गेहूं में कल्ले बनना बंद हो गए हैं। यही स्थिति बनी रही तो गेहूं की फसल भी प्रभावित होगी।

**ये हैं रोग के लक्षण :** कृषि विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि यदि आलू की पत्तियों पर भूरे रंग के चिन्ह दिखाई दें और टिशु हल्के हो जाएं। साथ ही पौधे की पत्तियां पानीदार दिखाई पड़ने लगें। तो समझना चाहिए कि फसल पर झुलसा का प्रकोप प्रारंभ हो गया है।

### इस तरह से होगा फसलों का बचाव

कृषि विशेषज्ञ ने बताया कि मेटालैक्सिल 8 फीसद और मैकोंजेब 64 फीसद के साथ फफूंदी नाशक की 3 ग्राम मात्रा को एक लीटर पानी की दर से घोल बनाकर आलू की फसल पर छिड़काव करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है। टमाटर की फसल को लेकर कहते हैं कि मैंगोजेब 75 फीसद डब्लूजी की 3 ग्राम मात्रा को एक लीटर पानी के साथ घोल बनाकर छिड़काव करें। जिन किसानों का आलू 70 दिन का हो गया है वो 100 किलोग्राम नाइट्रोजन प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें तथा साथ में 4 किलोग्राम सल्फर प्रति एकड़ प्रयोग करें।

# गौशालाओं में पशुओं को ठंड से बचाने के इंतजाम नाकाफी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की गौशालाओं में पशुओं को ठंड से बचाने के इंतजाम नाकाफी हैं। कड़ाके की ठंड में पशुओं को न तो काऊ कोट पहनाए जा रहे और न ही अलाव की व्यवस्था है।

अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रौशन सिंह चंदन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रदेश के हजारों गौशालाओं में कड़ाके की ठंड में पशुओं की दुर्व्यवस्था पर ध्यान देने का अनुरोध किया है। हालत यह है कि पशु बाड़े में मवेशी ठंड में ठिठुर कर मौत के मुंह में जा रहे हैं। गौशालाओं में जिम्मेदार कर्मचारी मृत पशुओं के अंतिम संस्कार में भी घोर लापरवाही बरत रहे हैं।

गौशाला

रौशन सिंह चन्दन

# जनप्रतिनिधि को अपनी आलोचना और प्रशंसा के लिए हमेशा तैयार रहना होगा : सतीश महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ संवाद कार्यक्रम में सतीश महाना ने विधायकों को दिया समर्पण भाव से काम करने का संदेश**

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि को सम्मान और अपमान दोनो मिलता है। इसलिए उसे अपनी आलोचना और प्रशंसा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस क्षेत्र में समर्पण भाव से काम करने के साथ ही बहुत धैर्य की जरूरत होती है।

विधायकों के साथ क्षेत्रवार चल रहे स्थानीय सेंट्रम होटल में आयोजित संवाद कार्यक्रम के तहत बुधवार को बुंदेलखण्ड क्षेत्र से आए विधायकों से उन्होंने कहा कि एक विधायक पूरे क्षेत्र का विधायक होता है। जनता को इस बात से कोई लेना देना नहीं होता है कि उनका विधायक सत्ता पक्ष का है अथवा विपक्ष का है। वह बस अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान चाहती है।

इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डे, अनुपमा जायसवाल, पलटू राम, विनोद चतुर्वेदी, रामफेरन पाण्डेय, सुभाष पांडेय ने भी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की प्रशंसा करते हुए अपने-अपने विचार रखे। इनके अलावा संवाद कार्यक्रम में विकास गुप्ता, बाबूराम पासवान, विनोद शंकर अवस्थी, विशम्भर सिंह यादव, मनीषा अनुरागी, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, मूलचंद्र निरंजन, कैलाश नाथ शुक्ला, राकेश गोस्वामी, रामरतन कुशवाहा, साईदा खातून, कृष्णा पासवान, मनोज कुमार प्रजापति आदि ने भी बातें रखी। कार्यक्रम में मंत्री मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', अनूप वाल्मीकि और संजय गंगवार भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें राजेन्द्र अरुण रचित 'रघुकुल रीति सदा' पुस्तक भेंट की।

# जल, थल, नभ तीनों के रास्ते पर्यटकों को लाने की तैयारी

## देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ उप्र एयर कनेक्टिविटी के लिहाज से भी बना अहम राज्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**तैयारी**

- अयोध्या को दुनिया का सबसे प्रमुख पर्यटन गंतव्य बनाने की सरकार की योजना

**अमृत विचार :** धार्मिक पर्यटन स्थली के रूप में विकसित की जा रही अयोध्या में जल, थल, नभ तीनों के रास्ते देश-दुनिया के पर्यटकों को लाने की तैयारी है। अयोध्या को दिल्ली और अहमदाबाद से जोड़ने के बाद बुधवार को बेंगलुरू और कोलकाता के साथ जोड़ा गया है। बीते मात्र 17 दिन में अयोध्या को हवाई मार्ग से देश के चारों कोनों से जोड़ दिया गया है। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या हवाई अड्डे पर दर्जनों चार्टर्ड उड़ानों के उतरने की उम्मीद है। हवाई मार्ग के अलावा सड़क और जलमार्ग से भी लोगों को लाने की योजना है।

रामनगरी अयोध्या के लिए पश्चिम बंगाल से रवाना हुआ इलेक्ट्रिक संचालित क्रूज व्हीकल कटमरैन 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या पहुंच जाएगा। कोलकाता में इनलैंड वॉटर डेवलपमेंट काउंसिल (आईडब्ल्यूडीसी) की पहली बैठक के बाद ये क्रूज अयोध्या और काशी के लिए रवाना किए गए हैं। वहीं, अंतर्राज्यीय परिवहन को विस्तार देते हुए अयोध्या में पर्यटकों और स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए हाल ही में ई बसों की सुविधा शुरु की गई है। रामपथ पर इसकी सर्वाधिक मांग हो रही है। ऐसे में राज्य सरकार की योजना यहां 500 ई बसें चलाने की है।

### भविष्य में अयोध्या पूरे देश का सबसे प्रमुख विमान दल बनेगा

नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कहा कि एक दीवाली हमने पिछले वर्ष मनाई थी, दूसरी दीवाली हाल ही में तीन राज्यों के चुनाव नतीजों के समय मनाई गई थी और अब तीसरी दीवाली 22 जनवरी को मनाई जाने वाली है। पूरे विश्व की 800 करोड़ जनता में जितने भी रामभक्त हैं 22 जनवरी उनके जीवन का सबसे स्मरणीय दिन होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में अयोध्या पूरे भारत का सबसे प्रमुख विमान दल बनेगा। कनेक्टिविटी की बात करें तो योगी ने अयोध्या का कायाकल्प किया है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर वायु सेवा की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

**मुख्यमंत्री ने की कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की शुरुआत**

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की शुरुआत की। लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े योगी ने हरी झंडी दिखाकर इस सेवा को शुरु किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में देश और दुनिया में पर्यटन गंतव्य के लिए सबसे प्रमुख शहर होने जा रहा है। अयोध्या वैसे भी स्थानीय श्रद्धालुओं की बहुत बड़ी संख्या है, लेकिन पूरे देश में जिस तरह की आतुरता है उसे देखते हुए श्रद्धालुओं के यहां आवागमन को सुलभ बनाने का दायित्व हमने निभाया है। इसके लिए नागर विमानन मंत्रालय ने जो काम किया है वो सराहनीय है। योगी के मुताबिक, बीते साढ़े 9 साल के अंदर चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ उत्तर प्रदेश एयर कनेक्टिविटी की नजर से एक अहम राज्य हो गया है। योगी ने कहा कि 30 दिसंबर को महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद के साथ वायु सेवा के बाद अब कोलकाता और बेंगलुरु के लिए भी एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह वायुसेवा प्रारंभ होने जा रही है। अयोध्या धाम को कोलकाता और बेंगलुरु से वायुसेवा से जोड़ने के इस कार्यक्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य मंत्री जनरल डॉ वीके सिंह, अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह, एयर इंडिया के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर अंकुर गर्ग, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र एवं अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन एसपी गोयल समेत एयर इंडिया एक्सप्रेस और अयोध्या के गणमान्य लोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मौजूद रहे।

- प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सरकार ने की बड़ी तैयारी, प्रमुख सचिव परिवहन ने की कार्ययोजना की समीक्षा

### श्रद्धालुओं को अयोध्या लाने के लिए परिवहन विभाग बनाएगा ग्रीन कॉरिडोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रद्धालुओं को अयोध्या लाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न शहरों से ग्रीन कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है। उप्र. परिवहन निगम की और से ये ग्रीन कॉरिडोर गोरखपुर-अयोध्या, प्रयागराज-अयोध्या, वाराणसी-अयोध्या और लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर बनाया जाएगा। यह निर्णय प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में परिवहन निगम के सभागार कक्ष में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों के संबंध में हुई समीक्षा बैठक में लिया गया। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों को आवागमन में समस्या न हो, इसी के मद्देनजर दो माह के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। आवश्यकतानुसार इसे आगे भी बढ़ाया जाएगा। रेलवे से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था एक्सप्रेसवे का संचालन कर रहा है।

# बागवानी से अयोध्या के प्रवेश द्वार सजाएगी राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या में नेशनल हाइवे से रामनगरी में आने वाले रोड को संवारने की हो रही है तैयारी
- सहादतगंज से लता चौक के बीच सरयू नदी किनारे 24 किमी तक हो रहा सुंदरीकरण

**अमृत विचार :** बागवानी के माध्यम से अयोध्या के प्रवेश द्वारों को चमकाने की विस्तृत कार्य योजना तैयार कर ली गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार अयोध्या नगर निगम को नेशनल हाइवे 28 के अंतर्गत आने वाले सहादतगंज से लता चौक के बीच सरयू नदी किनारे 24 किमी की स्ट्रेच में हरियाली युक्त सुंदरीकरण प्रक्रिया को पूर्ण करना है।

प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर अयोध्या को विकसित करने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना अब वास्तविकता की शक्ल लेने लगा है। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने के साथ ही उसे आधुनिकता और विरासत के समावेश से विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत ''नव्य अयोध्या'' परियोजना फेज-1 के तहत सारे काम पूरे हो चुके हैं। परियोजना के फेज-2 के अंतर्गत कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी के विजन अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य और तटबंध ढलानों को सजावटी फूल व पेड़-पौधों से सजाने व संरक्षित करने को 5 वर्ष की समयावधि के लिए कॉन्ट्रैक्टर को आबद्ध किया जाएगा। इन कार्यों को पूरा करने के लिए उचित जनशक्ति को भी कार्य पर रखा जाएगा।

राज्य सरकार द्वारा 140 करोड़ रुपए की लागत से 6 भव्य गेट कॉम्प्लेक्सेस के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

### 24x7 घंटे बागवानी की स्वच्छता होगी सुनिश्चित

स्वच्छ मीडियन और तटबंध ढलानों को कूड़ा-कचरा मुक्त, खरपतवार, मलबा, वनस्पति मुक्त तथा धूल मुक्त रखने के साथ पूरी सड़क को हर वक्त साफ-सुथरा रखना सुनिश्चित किया जाएगा। बागवानी में लगाए गए पौधों में पानी भरने और क्षेत्र को धूल मुक्त रखने के लिए लगातार अंतराल पर मोटर चालित बोरवेल की सुविधा भी कॉन्ट्रैक्टर को उपलब्ध करानी होगी। इन सभी कार्यों को इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी-एसपी-21-2009) द्वारा तैयार प्रासंगिक विशिष्टताओं के अनुसार पूर्ण करना होगा।

# लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा मथुरा से मिलेगी अयोध्या के लिए हेलीकॉप्टर सेवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी हेलीकॉप्टर सेवाओं की लखनऊ से करेंगे शुरुआत
- वन-वे है प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा का तय किराया

**अमृत विचार :** सरकार राम भक्तों और पयर्टकों को हेलीकॉप्टर से अयोध्या धाम के दर्शन कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत करेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के 6 जिलों से शुरू होने वाली हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता आपरेटर का चयन किया गया है, जो ऑपरेशनल मॉडल पर हेली सर्विसेस की सेवायें प्रदान करेगा। राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी।

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि श्रद्धालु गोरखपुर से अयोध्या धाम के लिए हेलीकॉप्टर से उड़ान भर सकेंगे। यह दूरी 126 किमी. की होगी, जिसे 40 मिनट में पूरा किया जाएगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 11,327 रुपये तय किया गया है। वाराणसी के नमो घाट से हेलीकॉप्टर की सेवा का लाभ ले सकेंगे। यह दूरी 160 किमी की होगी, जिसे 55 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 14,159 रुपये तय किया गया है। इसी तरह श्रद्धालु लखनऊ के रमाबाई से हेलीकॉप्टर की सेवा का लाभ ले सकेंगे। यह दूरी 132 किमी की होगी, जिसे 45 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 14,159 रुपये तय किया गया है जबकि प्रयागराज में टूरिज्म गेस्ट हाउस के पास बने हैलीपैड से हेलीकॉप्टर की सेवा मिलेगी। यह दूरी 157 किमी. की है, जिसे 50 मिनट में पूरा किया जाएगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 14,159 रुपये तय किया गया है। इसके साथ ही मथुरा के बरसाना स्थित गोवर्धन परिक्रमा के पास बने हैलीपेड और आगरा में आगरा एक्सप्रेस वे के पास बने हैलीपेड से सेवा का लाभ उठाया जा सकेगा। यह दूरी क्रमशः 456 किमी. और 440 किमी. की होगी, जिसे 135 मिनट में पूरा किया जाएगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 35,399 रुपये तय किया गया है। प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा का तय किराया वन-वे है।

# सरयू की पवित्र मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी राम ज्योति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यटन विभाग भी तैयारी में जुटा प्राण-प्रतिष्ठा के दिन 10 लाख दीपों से रामनगरी को सजाएगा

**अमृत विचार :** जिस माटी 500 वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है। 22 जनवरी को अब यहीं पावन मिट्टी से ''राम ज्योति'' प्रज्ज्वलित होगी। ऐसा उत्साह श्रीरामलला व हनुमानगढ़ी का दर्शन करने आए श्रद्धालु यहां के कुम्हारों से दीप खरीदकर दिखा रहे हैं।

वे 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत शाम को अपने घरों पर 'राम ज्योति' जलाकर दीपावली मनाएंगे। योगी आदित्यनाथ की सोची गई कल्पना साकार हुई तो चीन की झालरों से दूर यहां के कुम्हारों को दीपोत्सव पर बड़ा बाजार मिला। अब कुम्हारों को आर्थिक रूप से और स्वावलंबी बनाते हुए साल में दो बार दीपावली मनाने का अवसर मिल रहा है। बिजनौर से आए वेदप्रकाश और नंदगांव के धीरज चौधरी ने कहा कि श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में आ रहे हैं, इसलिए यह दीपावली सबसे बड़ी होगी। इसके लिए अयोध्या से 21 दीपक लेकर घर जा रहे हैं। वहां और दीपक खरीदकर पूरा घर सजाएंगे। पर्यटन विभाग भी स्थानीय कुम्हारों के बनाए गए मिट्टी के 10 लाख दीपों से 22 जनवरी को रामनगरी को सजाने की तैयारी में जुट गया है।

### दीप खरीदने पहुंच रहे श्रद्धालु

दीप बनाने वाले कुम्हारों के पास बाहर से आए पर्यटक-श्रद्धालु व स्थानीय संत दीप खरीदने पहुंच रहे हैं। राम की पैड़ी के निकट के मंदिर से पंडित कैशाल जी विद्या कुंड के पास दीप खरीदने पहुंचे। उन्होंने फिलहाल 500 दीपक खरीदा। आह्लादित पंडित जी कहते हैं कि बाबू राम जी आ रहे हैं। दीप तो जलाकर प्रभु का स्वागत करना ही है और इसीलिए दीप खरीदने आया हूं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार को इसके लिए साधुवाद व आशीर्वाद दिया।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन दीपोत्सव को लेकर दीये बनाते कुम्हार। अमृत विचार

### एक रुपये में मिल रहा दीपक

खजुआ कुंड, आशिकबाग से रमेश प्रजापति व राकेश प्रजापति ने बताया कि तेजी से मिट्टी के दीप बना रहे हैं। यहां भी लोग खरीदने पहुंच रहे हैं। 100 रुपये में 100 दीपक दिए जा रहे हैं। मौसम प्रतिकूल होने का असर तो है, लेकिन घर के अधिक से अधिक सदस्य लगकर इसे तैयार कर रहे हैं। विद्याकुंड के रामकिशोर का रोम-रोम पुलकित है- वे कहते हैं कि बाबू, मंदिर निर्माण के साथ ही हम लोगों का ध्यान भी योगी आदित्यनाथ ही रख सकते हैं। मां लक्ष्मी की कृपा से सात साल से हमारी दीपावली एकदम से बदल गई है। कार्तिक के बाद इस महीने भी अब हर साल दीवाली होगी।

### मौसम प्रतिकूल फिर भी दीप बनाने में जुटे कुम्हार

22 जनवरी में महज पांच दिन शेष हैं। जैसिनपुर के कुम्हारों के पसीने अब दीपक के रूप में आकार ले रहे हैं। उन्हें बेकरारी है कि घर-घर में उनके बनाए दीपों से राम ज्योति प्रज्ज्वलित होगी। इसके लिए विपरीत मौसम में भी वे रात-दिन काम कर अधिक से अधिक दीप बना रहे हैं। कुम्हार अशोक प्रजापति बताते हैं कि देहात के दर्शननगर, किशुनदासपुर, बैसिंग, कुसमाहा से मिट्टी मंगाई जा रही है, क्योंकि मौसम प्रतिकूल और समय कम है, लिहाजा फिलहाल छोटा दीपक बना रहे हैं। अपने घरों के लिए दीप जलाने के लिए अयोध्या के लोग सीधे यहां भी आकर खरीदारी कर रहे हैं। फिलहाल चार से पांच ट्राली मिट्टी मंगाई है और उसी से अपने यहां दीपक बना रहे हैं। ऐसे और लोग भी काम में जुटे हैं।

कार्यक्रम में मौजूद जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह समेत अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

### तैयार हो गया राम का मंदिर : जिलाध्यक्ष

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब नगर पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे लखनऊ के भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने राज्य सरकार व केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में आम जनमानस को जानकारी दी। जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने सबसे पहले गरीबों के लिए आवास बनवाने का काम किया। उसके बाद अब भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। जिसका गवाह पूरा देश 22 जनवरी को बनेगा। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि यही भगवान राम की मर्जी रही हो कि पहले उनके भक्तों का आवास बने उसके बाद उनका। आज पूरे देश में करीब साढ़े चार करोड़ आवास गरीबों के लिए बन चुके हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी सहित मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह व नगर पंचायत के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के साथ ही फहरा रही राम पताका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राममय हुई अयोध्या, घर के दरवाजों से लेकर दुकानों के शटर तक सिर्फ राम ही राम
- अयोध्या आने वाले हाइवे पर सजाई जा रही है पताका, हो रही सफाई, लग रहीं लाईटें

**अमृत विचार :** अध्यात्म से परिपूर्ण रामनगरी में पौष मास, शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि से श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुरुआत हो गया। इस अयोध्या की हर दुकान, हर मकान, हर सड़क, हर रास्ते पर सिर्फ जय श्रीराम की आध्यात्मिक अनुभूति महसूस की जा रही है तो, विरासत और आधुनिकता का समावेश बैठाती नव्य अयोध्या भी दिख रही है।

एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में राममय हुई आधुनिक अयोध्या त्रेतायुगीन वैभव सी सजने लगी है तो वहीं रामपथ की दुकानों पर फहरा रही राम पताका बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। महज पांच दिन और शेष, जब श्रीरामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो यकीनन दृश्य बेहद भव्य होगा। यह सोच कर ही रामभक्तों का रोम-रोम पुलकित हो उठ रहा है। यहां तक की विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल पर भी राम की पताका फहरा रही है।

**विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल पर भी राम की पताका**-विरासत और आधुनिकता का समावेश बैठाती नव्य अयोध्या में विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल लगाया जा रहा है। यह देखने में आकर्षक तो है ही, इस पर भी श्रीराम का धनुष बाण अलग ही सौंदर्य बयां कर रहा। सज रही आधुनिक अयोध्या में इस लैम्प तक पर धनुष बाण और राम पताका फहर रही है, जो खुद ही बरबस ध्यानाकृष्ट कर रही है।

स्नान करने आईं बस्ती की मनोरमा हों या गोरखपुर की गीता। देवरिया से आए रामप्रसाद भी सरयू स्नान के पश्चात मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। काफी वर्षों बाद यहां आए रामप्रसाद रामपथ पर दीवारों का एक सा रंग देख अनुभूति कर रहे हैं कि त्रेतायुगीन अयोध्या ऐसी ही रही होगी।

### अयोध्या में दिख रही दीपावली सी रौनक

जैसे दीपावली के पहले रंगते-पुतते घरों की साज-सज्जा समेटी जाती है, अयोध्या के लिए भी समय कम और काम बहुत अधिक है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में 5 दिन शेष हैं। सरयू के तटों पर मकर संक्रांति की रौनक ने जैसे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का मंगलाचरण कर दिया है। यहां घाटों पर श्रीराम की स्तुतियां, भजन और मंदिर निर्माण के लिए हुए अथक संघर्ष के विजय गीत गूंज रहे हैं। रामघाट से अयोध्या में प्रवेश करते समय दिख रही रौनक दीवाली सी अनुभूति भी करा रही है। 'अयोध्या अब सजने लगी है', 'अयोध्या के राजा भारत है आपका-महलों में आओ, स्वागत है आपका' आदि गीत श्रद्धालुओं के रोम-रोम को पुलकित कर रहे थे।

महिलाओं को निमंत्रण पत्रक देतीं भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रतिभा वर्मा व अन्य।

### घर-घर बांट रहीं प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्रक व अक्षत

**अमृत विचार, काकोरी :** वार्ड हाता गुलाम सफदर व फुलवारी में भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री प्रतिभा वर्मा के नेतृत्व में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पत्रक व पूजित अक्षत को घर-घर वितरित किया गया। प्रतिभा वर्मा व उनकी टीम ने मंदिर के विषय में जानकारी का पत्रक व श्रीराम मंदिर का चित्र भी सभी को वितरित किए। इसके बाद उन्होंने वार्ड नंबर दो फुलवारी में अपनी टीम के साथ अक्षत व पत्रक वितरित किए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को सभी लोग घरों में दीपक जलाएं, मंदिर सजाएं तथा दीपावली जैसा माहौल बनाकर सभी लोग मिलकर खुशियां मनाएं। इस अवसर पर प्रतिभा वर्मा के साथ ओम प्रकाश कश्यप, कामता प्रसाद रावत, राजकुमारी, उर्मिला धीमान, शीलू, ज्योति, नीलम, लक्ष्मी, मोहिनी सहित दर्जनों महिलाओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

मोहन मार्केट के समीप चौराहे पर राम पताका की खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

# आठ फिट के कटआउट से सजाया राम दरबार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- व्यापारियों ने बाजारों में बांटे राम ध्वज
- आज से सजाए जाएंगे अयोध्या मार्ग के प्रमुख चौराहे

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राजधानी के प्रमुख बाजारों को सजाना शुरू कर दिया है। बुधवार को पदाधिकारियों ने इंदिरानगर में भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल के नेतृत्व में दुकानों पर जाकर व्यापारियों को राम ध्वज बांटे। इस अवसर पर भूतनाथ संगठन के महामंत्री मनोज अग्रवाल, लखनऊ के उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, कोषाध्यक्ष प्रमोद बंसल, अश्वनी जायसवाल, सौरभ, सुमित सिंह ने व्यापारियों को रामध्वज दिए। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि भूतनाथ मार्केट में भगवान राम के आठ फिट के कट आउट से राम दरबार सजाया गया। व्यापारियों की दूसरी टोली ने भूतनाथ मंदिर मार्केट में प्रभारी दिनेश शर्मा की अगुवाई में दुकानों पर रामध्वज वितरित किए। नरही मार्केट, हजरतगंज मे अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह बबुआ के नेतृत्व में व्यापारियों ने नरही बाजार सजाया और व्यापारियों को रामध्वज वितरित किए।

# 700 वीआईपी अमौसी एयरपोर्ट से राम की नगरी को करेंगे प्रस्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजधानी पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

**अमृत विचार:** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए करीब 700 वीआईपी मेहमान अमौसी एयरपोर्ट पर उतरेंगे। जहां से सड़क मार्ग से रामनगरी प्रस्थान करेंगे। इसके चलते लखनऊ से अयोध्या तक तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। शहर में डायवर्जन लागू कर ग्रीन कॉरिडोर के अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का इस्तेमाल किया जाएगा। एक्सप्रेस-वे समेत इससे जुड़ी सभी सड़कों को सजाया जा रहा है।

> 18 जनवरी से लखनऊ से अयोध्या की ओर जाने वाले सभी प्रमुख रास्तों से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था अयोध्या पुलिस के साथ समन्वय कर लागू की जा रही है।
>
> -उपेंद्र कुमार अग्रवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, लखनऊ

आयोजन के मद्देनजर लखनऊ से अयोध्या तक जाने वाले सभी मुख्य रास्तों पर ग्रीन कॉरिडोर बनाया जाएगा। अयोध्या के लिए प्रमुख तीन रास्तों में शहीद पथ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और किसान पथ का इस्तेमाल किया जाएगा।

### अयोध्या जाने वाले वाहनों पर रहेगी नजर

18 जनवरी से लखनऊ से अयोध्या जाने वाले सभी प्रमुख रास्तों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। इन रास्तों पर आवागमन करने वाले सभी वाहन चालक व सवार सीसीटीवी कैमरों की मध्यम से पुलिस की नजर में रहेंगे। यह निगरानी लखनऊ से अयोध्या तक रहेगी।

# जब ढांचे के गुंबद पर बांध दिया था भगवा गमछा

**30** अक्टूबर 1990 में कारसेवकों में शामिल थे कुलदीप

सुरेश दुबे, पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** मया ब्लॉक के दामोदरपुर के रहने वाले कुलदीप पांडेय ने मंदिर आन्दोलन के दौरान वह कर दिखाया जो विरले ही कर सकते हैं। महज 17 साल की आयु में ऐसा जज्बा और जुनून था कि कारसेवा के दौरान विवादित ढांचे के तीसरे गुंबद पर चढ़ कर भगवा लहरा दिया था। आज भी वह 90 के दशक को याद कर भाव विभोर हो जाते हैं। बोले - किशोर रहते हुए जो साधना शुरू की थी उसकी परिणित भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे रामलला के रूप में हो रही है।

कारसेवा के दौरान विवादित ढांचे के तीसरे गुंबद पर चढ़ कर लहराया था भगवा

आज भी सहेज कर रखा है चित्र।

▸▸ गोलियों की आवाज सुन झाड़ियों में कूद पड़े थे कुलदीप

कारसेवक कुलदीप पांडेय।

अयोध्या से 20 किलोमीटर दूरी पर स्थित बाकरगंज के दामोदरपुर निवासी कुलदीप पांडेय ने 'अमृत विचार ' को बुधवार को बताया कि आंध्र प्रदेश से 22 कारसेवक महीनों से क्षेत्र में टिके थे। उन्हीं के साथ ही कारसेवा करने गए थे। 30 अक्टूबर 1990 को कारसेवक के दौरान राम जन्मभूमि पर बने ढांचे पर एक-दूसरे के कंधों का सहारा लेकर तीसरी गुंबद पर चढ़े थे। गुम्बद पर लगे चांद को लोहे की रॉड से तोड़ कर निकाल लिया था। चारों ओर धूल का गुबार उड़ रहा था तो लोग उतरने के लिए चिल्ला रहे थे लेकिन वह तब तक नहीं माने जब तक रामनामी गमछा नहीं लपेट दिया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान गोली चलने की आवाज सुनाई पड़ी तो दक्षिण तरफ झाड़ियों में कुदकर भाग निकले। कारसेवा के दौरान उनके साथ कोठारी बंधु भी थे। उन्होंने बताया कि विहिप अध्यक्ष अशोक सिंघल के नेतृत्व में मणिराम छावनी से हम लोग निकले थे। आज भव्य मंदिर देख अपार खुशी हो रही है। जीते जी भगवान का मंदिर बनकर तैयार हुआ। ऐसा सपने में सोचता था जो अब साकार हो गया। बताया प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला तो जरूर जायेंगे।

### गांव के लोग बोले कुलदीप ने तो कमाल कर दिया था

गांव के रामसूरत पांडेय, बजरंग पांडेय, महेश चंद और पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने बताया कि हम लोगों के साथ ही कुलदीप कारसेवा के लिए निकले थे। कारसेवा के दौरान यह आगे निकल गए और गुम्बद पर चढ़ गए थे। उन्होंने जो कर दिखाया उसके लिए आज भी गर्व महसूस करते हैं।

# रामनगरी में चहुंओर श्रद्धा का अनहद, लहरा रहीं पताकाएं

दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियां करा रहीं हैं त्रेतायुग का आभास।

नाद के स्वर में चहुंओर बधाइयों के साथ बज रही रामधुन | आराध्य के विराजने की व्याकुलता के बीच दिख रहा उल्लास और उत्साह

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आराध्य की अयोध्या..., मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की अयोध्या... 500 वर्षों की प्रतीक्षा सहज भाव से पूरी हुई लेकिन अब... व्याकुलता चरम पर है। एक - एक पल काटना भारी पड़ रहा है। संपूर्ण विश्व को 22 जनवरी का इंतजार, सरयू की हर लहर तक व्याकुल। इन सबके बीच गूंज रहा आस्था की नगरी में श्रद्धा का अनहद। चहुंओर लहराती केसरिया पताकाएं। जय श्री राम की गूंज। चारों दिशाओं से अयोध्या धाम में प्रवेश करने वाले यह उत्सव और उल्लास देख न केवल ठिठक जा रहे हैं वरन अलौकिक आभा से अभिभूत हो रहे हैं।

राम आ रहे हैं, अयोध्या अब आतुर है अपने रामलला के लिए, देश ही नहीं विदेशों से लोग जन्मभूमि की धरा पर पहुंच रहे हैं। राम को निहारने और उनकी अगवानी के लिए। ऐसा लग रहा है मानों जड़वत अहिल्या का फिर उद्धार होने जा रहा हो। सरयू घाट पर उगते सूरज और ढलती सांझ दोनों अब ऐसी सुहानी लगने लगी है जैसे नवयुग का प्रारम्भ हो रहा हो। रामराज्य की परिकल्पना अब केवल कल्पना नहीं साकार रुप लेती दिखाई दे रही। गाइडों से रामपथ, धर्मपथ और भक्तिपथ जैसे उच्चारण सुन यहां आने वाले आश्चर्य से भर जाते हैं। सहादतगंज से आए या नाका से या फिर बाईपास के रास्ते, लहराती केसरिया पताकाएं ऐसा आभास करा रही मानों राम फिर वनवास से राज्याभिषेक के लिए आ रहे हों। रामलला के दर्शनों के लिए नित्य हजारों की संख्या में लोग विभिन्न प्रांतों से पहुंच रहे हैं। दो दिन पहले ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया था कि रोज करीब 35 हजार श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। यह दीगर बात है कि प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर 20 और 21 जनवरी को दर्शन बंद करने की बात कही है।

यहां महाराष्ट्र नासिक से बुधवार को आए सेवानिवृत्त रेलकर्मी अशोक गुलाटे ने बताया कि वह दो दिन पूर्व यहां आए। प्रभु का दुर्लभ दर्शन कर लिए। अब वापस जाकर 26 जनवरी के बाद परिवार के साथ फिर आएंगे। तुलसी उद्यान में उज्जैन के नवीन जिंदल मिले, बोले यहां बरसों राम लला टैंट में रहे। अब भव्य मंदिर बन गया है तो त्रेतायुग का आरम्भ ही मानिए। हनुमानगढ़ी पर परिवार के साथ दर्शन के लिए पहुंचे रामकृष्ण पांडेय ने कहा कि प्रभु के स्वागत की ऐसी तैयारी तो त्रेता युग में भी नहीं हुई होगी। कहा कि सब हनुमंत लला का प्रताप है कि रघुवंशमणि 22 जनवरी को पधार रहे हैं।

### भाव-विभोर कर रहा है ट्रस्ट द्वारा जारी ' हम सब यहीं हैं' का चित्र

उत्सव के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से जारी अयोध्या में अभिनंदन है - हम सब यहीं है चित्र सबको भाव-विभोर कर रहा है। अयोध्या धाम में विभिन्न स्थानों पर इसे प्रदर्शित किया गया है। इसमें गोलोकवासी पूज्य देवरहा बाबा जी महाराज, हनुमानगढ़ी के महंत अभिरामदास, श्री स्वामी शतानंद महराज, स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महराज, स्वामी शिवरामाचार्य जी महाराज समेत कुल नौ विभूतियों के चित्र के साथ लिखा हम सब यहीं हैं। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि इन विशिष्ट विभूतियों के आशीर्वाद से ही आज यह दिन आया है। ट्रस्ट की ओर से इनके प्रति श्रद्धा निवेदित की गई है।

### रामनगरी में महिलाओं ने निकाली जल कलश यात्रा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को महिलाओं ने 'जल कलश यात्रा' निकाली। यात्रा में करीब पांच सौ महिलाएं शामिल रहीं। रामनगरी में महिलाओं ने बुधवार सुबह सरयू तट से यात्रा का शुभारंभ किया। श्रीराम की पताका फहराते सिर पर कलश में भरा मां सरयू का जल लेकर महिलाएं राम धुन पर झूमते व राम की जयकार करते निकलीं। यात्रा महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के संयोजकत्व में निकाली गई। इसका नेतृत्व महापौर की धर्मपत्नी रामलक्ष्मी त्रिपाठी ने किया। यात्रा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह समेत करीब पांच सौ महिलाएं शामिल रहीं।

# रामलला जिन-जिन मार्गों से गुजरे, खाली हो गए रास्ते

## परिसर में विग्रह के प्रवेश कराने से पहले ड्रोन से कराई गई निगरानी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामसेवकपुरम से जन्मभूमि तक श्रीरामलला के पांच वर्षीय बाल रूपी नूतन विग्रह को लाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान विग्रह जिन-जिन मार्गों से गुजरा उन मार्गों को पुलिस ने पूरी तरह खाली करा दिया गया। दुकानों के आगे मोटे-मोटे रस्से से एक लाइन खींचकर पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए। संदिग्धों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। उधर, जन्मभूमि परिसर में भी घंटों ड्रोन से निगरानी कराई गई।

▸▸ डीसीएम के आगे-पीछे एटीएस के दस्ते

▸▸ मंडलायुक्त, आईजी समेत जिले के पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी भी रहे शामिल

राम मंदिर में रामलला का नूतन विग्रह ले जाते समय धर्मपथ को पूरी तरह खाली करा लिया गया।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ धर्मपथ से ले जाया गया नूतन विग्रह।

अयोध्या धाम में बुधवार शाम सात बजे के लगभग सारी दुकानों के सामने मोटे-मोटे रस्से लगा दिए गए। पुलिस फोर्स हरकत में आ गई। रास्ता खाली कराया जाने लगा। सड़क किनारे खड़ी सभी गाड़ियों को जल्द से जल्द हटाया जाने लगा। भक्ति पथ की सड़कों से दर्शनार्थियों को हटाया जाने लगा। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। क्या हो गया। लगभग 7 :30 बजे एक डीसीएम सुरक्षा के घेरे में आगे बढ़ते हुए दिखाई दी। सबसे आगे एक सफेद गाड़ी में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय थे। इसके पीछे सुरक्षा दस्ता, उसके पीछे डीसीएम, इसके पीछे मंडलायुक्त गौरव दयाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार के वाहन और उसके बाद फिर भारी संख्या में पुलिस बल था। डीसीएम के आगे-पीछे और साथ में एटीएस के कमांडो भी चल रहे थे। ये नजारा देख कुछ लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। जैसे ही लोगों को पता चला कि डीसीएम में रामलला का विग्रह जन्मभूमि जा रहा है तो खुद-ब खुद रास्ते खाली करते चले गए। उल्लास में लोगों ने गगनभेदी जय श्रीराम के जयकारे भी लगाए। रामलला का विग्रह मंदिर परिसर में पहुंचते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# धर्मपथ की खूबसूरती में चार चांद लगाएगी कोलकाता की घास

▸▸ 1400 मीटर में बिछाने को आईं 70 हजार स्क्वायर फीट घास

▸▸ लगाए जा रहे बोगनबेलिया के तीन हजार व टाबेबिया रोजिया के तीन सौ पौधे

डिवाइडर पर घास बिछाते वन विभाग के कर्मचारी।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या में त्रेता युग की झलक दिखाई पड़ेगी। इसके लिए सभी प्रवेश मार्गों को सजाया और संवारा जा रहा है। खास तौर पर धर्मपथ की खूबसूरती और आकर्षक बढ़ाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब धर्मपथ के चौड़े-चौड़े डिवाइडर पर कोलकाता से आई घास लगाई जा रही है। 1400 मीटर में घास लगाने के लिए 70 हजार स्क्वायर फीट घास मंगाई गई है। इसके अलावा सफेद, गुलाबी और बैगनी रंग के फूलों वाले बोगनबेलिया व टाबेबिया रोजिया के पौधे भी लगाए जा रहे हैं।

साकेत पेट्रोल पंप के निकट धर्मपथ पथ के प्रवेश द्वार पर सूर्य देव की अद्भुत प्रतिमाएं लगाई गई हैं। इसके अलावा पथ पर लगे आकर्षक स्तंभ व भित्ती चित्र उसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। अब पथ पर हरियाली बढ़ाने के लिए वन व उद्यान विभाग की टीम ने कार्य शुरू कर दिया है। दो मीटर चौड़े डिवाइडर के दोनों किनारों पर बोगनबेलिया के तीन हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। 90-90 सेमी. पर लग रहे तीन किस्म के इन पौधों में अलग-अलग रंगों के फूल निकलेंगे। इसके अलावा बीच में टाबेबिया रोजिया के तीन सौ पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पांच-पांच मीटर की दूरी पर लगाए जा रहे हैं। यह 60 फीट तक बढ़ सकते हैं। देखने में सुलभ होने के साथ ही छायादार भी होंगे। मया रेंज के रेंजर अरुण कुमार मौर्य ने बुधवार को बताया कि पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड भी लगाए जा रहे हैं। विभाग के 50 से भी अधिक कर्मी लगाए गए हैं। 19 जनवरी तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### 22 के बाद जन्मभूमि पथ पर शुरू होगा काम

श्रीराम जन्मभूमि पथ पर भी हरियाली बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग की ओर से व्यापक योजना बनाई गई है। 22 जनवरी के बाद से जन्मभूमि पथ पर पौधे लगाने का कार्य किया जाएगा।

# रामप्यारी ने अर्पित किया था रामलला को पान का बीड़ा

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** राम मंदिर के इतिहास ने बहुत कुछ बदलाव देखा है। बीते दशकों में इतिहास ही नहीं बदला बल्कि भूगोल भी बदल गया है, हालांकि नहीं बदली हैं तो कई पुरानी रवायतें। चार दशक पूर्व रामजन्मभूमि परिसर के पास पान की दुकान चला अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाली रामप्यारी देवी ने रामलला के प्रति आस्था में भोग के लिए पान का बीड़ा दिया था। अब उन्हीं के परिवार की तीसरी पीढ़ी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 551 बीड़ा पान का ऑर्डर दिया है। वहीं परिवार ने अपनी आस्था से 501 बीड़ा पान भेंट करने की तैयारी की है।

पान व्यावसायी दीपक कुमार चौरसिया ने बुधवार को बताया कि लगभग 16 वर्ष तक रामजन्मभूमि परिसर स्थित उनकी दुकान से यह पान का बीड़ा रामलला के राग-भोग के लिए जाता रहा है। सन् 1999 में दुकान भले ही परिसर से हटकर हनुमानगढ़ी के पास आ गई। उसके बाद भी परिवार पान का बीड़ा तैयार कर दे रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी दादी रामप्यारी देवी ने ही रामलला के राग-भोग के लिए पान का पहला बीड़ा अर्पित किया था। उसके बाद रामलला की सेवा का मौका हमारे ही परिवार को ही मिल रहा है। दादी के बाद यह काम हमारे पिता स्व. अमरीष प्रसाद चौरसिया करते थे और अब हम लोग कर रहे हैं। हम सौभाग्यशाली हैं कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए ट्रस्ट की ओर से हमें ही 551 पान का बीड़ा तैयार करने का अवसर मिला है। कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए हम अपनी आस्था से 501 पान का बीड़ा रामलला की सेवा में भेंट करेंगे। इससे पहले भूमिपूजन के दौरान भी रामलला के राग-भोग के लिए 151 पान का बीड़ा तैयार किया गया था।

**अब तीसरी पीढ़ी भेंट करेगी 501 बीड़ा पान**

हनुमानगढ़ी के पास है दीपक चौरसिया की पान की दुकान।

### हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ-मंदिरों में जाता है पान का बीड़ा

दीपक कुमार चौरसिया ने बताया कि राग-भोग के लिए केवल जन्मभूमि ही नहीं बल्कि अन्य प्रमुख मठ-मंदिरों में भी उन्हीं की दुकान से पान का बीड़ा जाता है। उन्होंने बताया कि दशरथ महल, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, मानस भवन, छोटी देवकाली व सीता रसोई सभी जगह हमारा ही पान जाता है।

### यह होगी खासियत

रामलला के राग-भोग के लिए लगने वाला पान का बीड़ा बहुत ही विशेष होगा। पान व्यवसायी का कहना है कि बनारसी पत्ते के पान का मीठा बीड़ा तैयार होगा। पान में इस्तेमाल की जाने वाली सारी सामग्री विशेष तौर पर वाराणसी से मंगाई गई है। पान में गुलकंद, इत्र, गुलाबजल सहित चांदी का वर्क लगाया जाएगा। यह सभी 551 पान एक दिन में ही तैयार हो जाएंगे।

# अयोध्या कैंट स्टेशन पर पार्सल यातायात पर अस्थाई प्रतिबंध

**अयोध्या। अमृत विचार:** सुरक्षा इंतजामों और भीड़भाड़ प्रबंधन के मद्देनजर अयोध्या छावनी स्टेशन पर 20 से 31 जनवरी तक सभी प्रकार के पार्सल आवागमन (लीज सहित) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेजों/पैकिंग से मुक्त रहेंगे। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि अयोध्या कैंट से सभी स्टेशनों पर दिनांक 18 से 31 जनवरी तक एसएलआर, एजीसी व वीपीएस सहित सभी इनवर्ड और आउटवर्ड यातायात प्रतिबंधित रहेगा।

### प्राण प्रतिष्ठा : संतों और पदाधिकारियों का आगमन शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और इसके मद्देनजर रामनगरी में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत के लिए मकर संक्रांति पर्व संपन्न होने के बाद संत-धर्माचार्यों और व्यवस्था में लगाए गए विश्व हिन्दू परिषद समेत विभिन्न आनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने डेरा डालना शुरू कर दिया है। इसको लेकर ट्रस्ट और विहिप की ओर से भोजन, आवास, परिवहन, स्वास्थ्य समेत अन्य व्यवस्थाओं के प्रभारी और उनकी टीम सक्रिय हो गई है। समारोह से लेकर विभिन्न गतिविधियों को सकुशल संपन्न कराने के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने विश्व हिन्दू परिषद और पुलिस-प्रशासन से समन्वय कर व्यापक योजना बनाई है। व्यवस्था का जिम्मा प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद को दिया गया है। पल-पल की निगरानी और समीक्षा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी कर रहे हैं। साधु-संतों के लिए विशेष रूप से मणि पर्वत के बगल बनवाई गई टीन शेड सिटी और चिन्हित विभिन्न मठ-मंदिर 26 आबाद होने लगे है। विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में व्यवस्था के निमित्त दो दर्जन से ज्यादा विभाग का गठन किया गया है और सभी को अलग-अलग व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया है। प्रभारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें कर व्यवस्थाओं का सुचारु ढंग से अनुपालन कराया जा रहा है।

# प्राण प्रतिष्ठा देखने किष्किंधा से बालरूप में पहुंचे हनुमानजी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले जन्मस्थली किष्किंधा से हनुमानजी रामनगरी पहुंच गए हैं। राम की पैड़ी पर उनके 21 फीट लंबे रथ के स्वागत के लिए रेड कारपेट बिछाई गई हैं। सुनहरे रंग के रथ में छह द्वार हैं। रथ को देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लग गया। श्री हनुमद् जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीश्रीश्री गोविंदानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि रथ में हनुमानजी बाल रूप में हैं और वह यह देखने आए हैं कि समारोह में चल रहीं तैयारियों में कोई कसर तो नहीं है। कहा कि कर्नाटक के कोप्पल विजयनगर जिले में स्थित किष्किंधा हनुमान जी की जन्म स्थली है। वहां पर भी मंदिर बनाने के लिए शिला पूजन हो गया है। वहां भी बालरूप में ही हनुमान जी की मूर्ति स्थापित कराई जाएगी। उनके साथ माता अंजनी भी रहेंगी। इसके अलावा रथ के मुख्य द्वार में हनुमानजी, माता सीता और राम-लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां भी हैं। यह रथ 12 वर्षों से धार्मिक स्थलों पर यात्रा कर रहा है। यहां समारोह के बाद सरयू का जल लेकर 25 जनवरी को रथ सीतामढ़ी को रवाना होगा। वहां हनुमानजी माता सीता का आशीर्वाद लेंगे और उसके बाद किष्किंधा में उनकी जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण शुरू कराया जाएगा।

▸▸ 21 फीट लंबे रथ पर पहुंचे रामनगरी, सरयू जल लेकर यहां से जाएंगे

# इतिहास के झरोखे से : मंदिर आंदोलन में बनी थी सेना, तैनात हुए थे सेनापति

प्रमोद पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर आंदोलन का इतिहास तमाम उतार-चढ़ाव और पड़ाव का गवाह रहा है। जिसका महत्वपूर्ण पड़ाव ढांचा ध्वंस अर्थात 1992 की कारसेवा है। घोषणा के बाद से ही देश के विभिन्न प्रांतों से कारसेवकों का हुजूम अयोध्या पहुंचने लगा था। एक तरफ आंदोलन परवान चढ़ रहा था तो आंदोलन के नीति-निर्धारक नित नए-नए संगठन के गठन में जुटे थे। इसी दौरान महिलाओं की दुर्गा वाहिनी और युवकों की सेना भी गठित हुई थी।

सेना की कमान विहिप कार्यकर्ता के पुत्र उस समय साकेत कॉलेज के छात्र और बाद में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से छात्र संघ के पदाधिकारी बने मृदुल शुक्ल को सौंपी गई थी। नयाघाट स्थित मणिरामदास छावनी से शोभायात्रा निकाल क्षीरेश्वरनाथ पर इन सैनिकों और कमांडर को सकंल्प भी दिलाया गया था। बाद में इसी सेना ने वर्ष 1994 में जब प्रदेश की तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार ने अयोध्या में मक्का खुर्द के निर्माण की कोशिश शुरू की तो इस्लामीकरण विरोधी सेना के कमांडर मृदुल शुक्ला वर्ष 1994 से 97 तक तीन वर्षों तक मंदिर और सनातन की नगरी के विरोधियों को ललकारने का कार्य किया। इस सेना की ओर से नगरी की गलियों में प्रतिदिन शोभायात्रा निकाली और शंखनाद किया। तत्कालीन सरकार को पैर पीछे खींचने पर मजबूर कर दिया। सेना का गठन उस समय आंदोलन और विहिप का कार्य देख रहे चंपत राय, महेश नारायण, अवध नारायण सिंह, चंद्र प्रकाश, अशोक सिंघल, महंत अवैद्यनाथ, महंत परमहंस दास, महंत राम विलास दास वेदांती से विचार-विमर्श कर किया गया था। साकेत छात्रनेता जटाशंकर सिंह, राणा विजेंद्र बहादुर सिंह को भी पद सौंपा गया था।

सेना के कमांडर रहे वर्तमान में पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. मृदुल शुक्ल का कहना है कि श्री राम जन्मभूमि न्यास के तत्कालीन अध्यक्ष परमहंस रामचंद्र दास, महंत नृत्य गोपाल दास, राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के अध्यक्ष गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ, तत्कालीन विधायक लल्लू सिंह के नेतृत्व में अयोध्या की धरती से सेना ने ललकारा है, "खून बहेगा सडको पर" के नारे के बीच निकली शोभायात्रा में युवा तरुणाई के साथ संतों व रामभक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा था। दिगंबर अखाड़ा में संकल्प यज्ञ भी आयोजित हुआ था जिसमें राम जन्मभूमि के प्रस्तावित मॉडल का पूजन हुआ। बाबा अवधेश शुक्ला और अन्य की ओर से पांच बार हनुमान चालीसा का पाठ कराया जाता था। राष्ट्रधर्म पत्रिका के अक्टूबर 1994 में प्रकाशित लेख में परमहंस रामचंद्र दास ने सेना के निर्माण के उद्देश्य के बारे में कहा था कि अयोध्या की शास्त्रीय सीमा के भीतर इस्लामीकरण को रोकना इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए 84 कोसी परिक्रमा पर पड़ने वाले सभी पड़ाव पर एक दिवसीय संकल्प यज्ञ करवाया गया तथा सीमा रक्षक चौकिया भी बनाई गई। दिल्ली के तत्कालीन सांसद बैकुण्ठ लाल शर्मा प्रेमजी ने एक कार्यक्रम में ललकारते हुए कहा था कि आक्रमणकारी ही हिंदू राष्ट्र की सभी समस्याओं की जड़ रहे हैं।

सेना के जवानों को संबोधित करते मृदुल (फ़ाइल फोटो)

**क्षीरेश्वरनाथ पर सैनिकों ने लिया था संकल्प**

### अब विज्ञान के प्रचार-प्रसार में जुटे

छात्रसंघ की राजनीति के साथ मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका के बाद अब और डॉ. मृदुल विज्ञान के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। विज्ञान भारती अवध प्रान्त के पूर्व सचिव, विज्ञान भारती एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (विभा वाणी) के प्रदेश चीफ कोऑर्डिनेटर रहे और अब जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को सरल हिंदी भाषा में विज्ञान को समझाने की कवायद में जुटे हैं। युवा वैज्ञानिक समेत कई पुरस्कार हासिल सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ मे वैज्ञानिक के पद पर तैनात डॉ. शुक्ल ने पेड़ पौधों द्वारा गंगा नदी प्रदूषण का प्रबंधन पुस्तक लिखी है।

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम्॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

## संपादकीय

# विपक्ष की राह

अब चुनावी मुकाबले केवल जमीन पर ही नहीं, बल्कि दिमाग में भी लड़े जाते हैं। 2024 के आम चुनाव होने में कुछ ही महीने बचे हैं और राहुल गांधी एक बार फिर नागरिकों के लिए न्याय की मांग करते हुए सड़क पर हैं तो विपक्षी गठबंधन के भीतर से कांग्रेस के खिलाफ अन्याय की आवाजें उठ रही हैं। राजनीतिक दलों की लामबंदी, रणनीति, संगठन, गठबंधन का यह सबसे नाजुक दौर है। उसे लागू करने में भाजपा का कोई सानी नहीं है। चुनाव के इतने नजदीक हो रही यात्रा पर कांग्रेस का कहना है कि यह यात्रा चुनावी नहीं, बल्कि वैचारिक यात्रा है और इसका चुनावी राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। इससे पहले राहुल गांधी ने सितंबर 2022 से जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' की थी। समय-समय पर गठबंधन में आने वाली दरारें और विरोधाभासी आवाजें राम मंदिर उद्घाटन के मामले में एकजुट प्रतिक्रिया की कमी, भाजपा के नजरिए से भी गठबंधन की उपयोगिता पर सवाल खड़ा कर देती है। अयोध्या राम मंदिर का 'चुनावी लाभ' उसे हर हाल में मिलेगा, यह खुद भाजपा कबूल कर रही है।

प्रतिस्पर्धी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के साथ-साथ परस्पर विरोधी राजनीतिक मैदानों पर प्रतिस्पर्धाएं बनी हुई हैं। उदाहरण के लिए, सुश्री ममता बनर्जी को बंगाल में वामपंथियों और कांग्रेस के साथ संबंध बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं है, केरल, जहां वामपंथी और कांग्रेसी पारंपरिक दुश्मन हैं, एक और खाई बन गई है, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच दिल्ली में भले ही मुश्किलें आसान हों, लेकिन पंजाब में उन्हें मुश्किल हालात का सामना करना पड़ सकता है। इंडिया के गठन को छह माह से अधिक गुजर चुका है, लेकिन बुनियादी मुद्दे ही अनसुलझे हैं। हालांकि टुकड़ों-टुकड़ों में सीटों पर बातचीत होती रही है, लेकिन बेनतीजा ही रही हैं, क्योंकि असहमतियों का दबाव ज्यादा है। देखा गया है कि विपक्ष द्वारा बनाए गए गठबंधन में टकराव के कारण आम सहमति पर ग्रहण लग जाता है। 'इंडिया' के पास अपना घर व्यवस्थित करने के लिए समय भी पर्याप्त नहीं है। बेशक बेरोजगारी, महंगाई, अर्थव्यवस्था, सत्ता के एकाधिकार, महिला उत्पीड़न और आर्थिक विषमताएं आदि बेहद गंभीर और ज्वलंत मुद्दे हैं, लेकिन विडंबना है कि भारतीय लोकतंत्र में इन मुद्दों पर चुनावी जनादेश तय नहीं होते। ऐसे राजनीतिक परिदृश्य में विपक्षी एकजुटता की जरूरत बढ़ जाती है, लेकिन दुर्भाग्य है कि विपक्ष को अभी तक एहसास नहीं हो पाया है।

# क्यूआर कोड टेक्नोलॉजी में बंधा हमारा आहार

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फूड प्रोडक्शन, पैकिंग, गुणवत्ता मापन, मार्केटिंग, कस्टमर डीलिंग, स्टॉक-इनटेक और खुदरा सेल पॉइंट से लेकर ऑनलाइन आर्डर तक के मामले में टेक्नोलॉजी का हमारे आहार के क्षेत्र में दखल बढ़ा है और अगले 25 वर्षों में पैक्ड-आहार हमारी 80 प्रतिशत आबादी को लपेट ही लेगा ऐसा अनुमान है।

अंग्रेजों द्वारा सन 1834 के बाद 1925 तक हरेक जिले की जमाबंदी किए जाने, अर्बनाईजेशन और नव-बाजारवाद की वजह से पीढ़ी दर पीढ़ी पशुपालन के काम में लगे हुए लोगों के लिए चरागाहों और विचरण क्षेत्रों पर अधिकांश भूमिहीनों के लिए जंगल और शामलात जमीन पर से अधिकार खत्म कर दिया गया। अधिकार होने से दोनों में प्रवेश प्रतिबंध हो गया। उदाहरण के लिए हरियाणा में स्थानीय लोग अब जिला महेंद्रगढ़, भिवानी, दादरी, हिसार, पंचकुला, मेवात, गुड़गांव और रेवाड़ी के कुछेक क्षेत्र में ही जंगल और खुले में पशु चराने के लिए बाहर निकलते हैं। पंचकुला में शिवालिक पर्वत की तलहटी, मेवात और अन्य उक्त जिलों में अरावली की शाखाओं के उत्तरी विस्तार की वजह से सीमित क्षेत्र में जहां भी वन्य चरगाहें बची हुई हैं, चराण संभव है।

70-80 वर्ष पहले साफ नीयत के मेहनती ग्राम्यजन सर पर 'बारा' रखकर शहर आकर सेठ की दूकान पर रुपया सेर के भाव से घी दे जाया करते थे। घी रखने वाले मिट्टी के विशेष पात्र को 'बारा' कहा जाता है। आजकल उक्त किस्म की दूकानें बंद हो गई हैं, क्योंकि खुली बिक्री में मिलने वाले घी की शुद्धता का भरोसा नहीं रहा। वो जमाना बीते एक सदी होने को है जब ज्यादातर शहरी परिवार भी घर में गाय रखते थे और दूध, मक्खन, छाछ और घी घर में सुलभ था। शहर में रहने वाले जिन लोगों के घर में कच्चा दालान और पेड़ हुआ करते वे घर में पूरी सुविधा से गाय रख लेते थे। गांव के लोग शुद्ध देसी घी शहर के दुकानदारों को बेच जाया करते और भाव एक या डेढ़ रुपये का एक सेर अर्थात् 933.105 ग्राम, होता था।

सन् 1966 में हरियाणा में घी का भाव छह रुपये प्रति किलोग्राम था। भैंस के दूध से बनाए गए शुद्ध घी का भाव अब रु. 1000 और गाय के दूध से बनाए हुए का रु. 1500-1800 प्रति किलोग्राम है। मार्किट में प्रचलित विभिन्न ब्रांड या ऑनलाइन आर्डर से गाय के दूध से बना हुआ घी इन दिनों रु. 670 से रु. 925 प्रतिलीटर, अर्थात् रु. 740 और रु. 1020 प्रति किलोग्राम के हिसाब से मिलता है। घर में दही का मट्ठा बनाकर जिस लागत पर एक

> बाज़ार में टिन-कंटेनर या टेट्रा पैक वाले घी को फूड स्टैंडर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी वाले सर्टिफाई करते हैं जिसकी बिनाह पर बड़े औद्योगिक उत्पादक बाजार में उपलब्ध सभी प्रकार के देसी घी शुद्धता का दावा करते हैं। भरोसे के लिए पैक के ऊपर गाय की तस्वीर और एक ग्रामीण स्त्री को मिट्टी के पात्र में लकड़ी से बनाई गई रई दही बिलोते हुए तस्वीर प्रिंट करेंगे।

किलोग्राम घी तैयार होता है उससे करीब आधी कीमत पर मार्किट से 'देसी' और 'शुद्ध' घी सुलभ है। जंगल में चरने वाली गाय को अगर घर पर पोषक आहार और शुद्ध चारा दिया जाए तो भी इसके दूध का स्वाद हल्का खारा होता है। इस दूध और घी में रायबोफ्लेविन की मात्रा घर में ही बंधे हुए पशु के मुकाबले में अधिक हो सकती है। इसकी पहचान है दूध और घी में हल्की सी-पीले रंग की चमक जैसे कि सरसों के फूल की। ऐसे दूध से बनाए गए घी का दाम अगर 1500-1800 रुपये प्रतिकिलो रहे भी इसमें क्या एतराज है?

बाज़ार में टिन-कंटेनर या टेट्रा पैक वाले घी को फूड स्टैंडर्ड एंड सेफ्टी अथॉरिटी वाले सर्टिफाई करते हैं जिसकी बिनाह पर बड़े औद्योगिक उत्पादक बाजार में उपलब्ध सभी प्रकार के देसी घी शुद्धता का दावा करते हैं। भरोसे के लिए पैक के ऊपर गाय की तस्वीर और एक ग्रामीण स्त्री को मिट्टी के पात्र में लकड़ी से बनाई गई रई दही बिलोते हुए तस्वीर प्रिंट करेंगे। विज्ञापन के तागाजे चाहे कुछ भी हैं इसे लेकर एथिकल और नॉन-एथिकल इश्यूज को लेकर कोई, कैसी भी बहस करे, लेकिन आकर्षण और भरोसे के एक प्रतीक के प्रतीक के रूप में इनका इस्तेमाल तो किया ही जा रहा है। आहार जब पारंपरिक ज्ञान-विज्ञान के व्यावहारिक तरीके से दूर होकर बाजार और टेक्नोलॉजी के हवाले हो जाए तब प्रतीकात्मकता की आड़ में इसे जायज कैसे ठहराया जा सकता है? पैकेज्ड फूड के इन्ग्रेडीयनट्स की जांच से तो कुछ निकलने वाला नहीं है, क्योंकि केमिकल एनालिसिस की रिपोर्ट तो पैक में बंद प्रोडक्ट के सही होने के दावे के रूप में छाप दी जाती है। फूड-एडवरटाइज्मेंट्स और लेबलिंग सरकारी रूल्स ही फॉलो कर रहे हैं। इसलिए इस बाबत कानूनी मसला नहीं बन सकता। ज्यादातर मार्केटेबल फूड प्रोडक्ट पर हमें क्यूआर। (क्विक रिस्पांस) के रूप में भूल-भूलैया टाइप एक चौकोर प्रिंट भी दिखता है जिससे ग्राहक अपने एंड्राइड में मौजूद क्यूआर रीडर से स्कैन करके यह तसल्ली कर सके कि पैक्ड खाद्य पदार्थ सुरक्षित है।

विज्ञापन निर्माता एजेंसीज फूड प्रोडक्ट की मार्केटिंग के लिए चुनिंदा शब्दों का इस्तेमाल अस्पष्ट तरीके से करती हैं जिनके द्वारा उनका दावा संपूर्ण और सही प्रतीत हो सकता है और माननीय भी, क्योंकि क्यूआर कोड होने से ब्रांडेड फूड की मार्किट वैल्यू बढ़ती है, इस पर भरोसा करके और प्रयोग में लाने से ग्राहक को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी नहीं होगी, प्रोडक्ट में ग्राहक निष्ठा बढ़ेगी और 'ऑपरेशनल एफिशिएंसी' भी। फूड प्रोडक्ट निर्माता कंपनी के लिए 'ऑपरेशनल एफिशिएंसी' से क्या निहितार्थ हैं? यह शब्द-युग्म एक प्रभावशाली मुहावरा-भर नहीं है, बल्कि धंधे को आगे बढ़ाने का नुस्खा है। क्यूआर कोड से प्रोडक्ट के बारे में सभी तरह की कानूनन निर्धारित सूचनाएं सुलभ होती हैं जिससे प्रोडक्ट की ताजगी और इसकी कम्पोजीशन से लेकर जरूरी सूचना भी शामिल रहती है। यह भी कि प्रोडक्ट 'वेज़' है या 'नॉन-वेज़'। भारत में पैकेज्ड फ़ूड की मांग पिछले एक दशक में बढ़ी है जिसकी इस्तेमाल से भारतीयों में तेजी से असंचारी रोग (डायबिटीज, हृदवाहिकीय विकार और कैंसर) से प्रभावित लोगों की संख्या में उछाल आया है। पैक्ड फूड का ग्लोबल मार्किट साइज सन् 2019 में 303.26 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आंका गया था।

फ़ूड प्रोडक्शन, पैकिंग, गुणवत्ता मापन, मार्केटिंग, कस्टमर डीलिंग, स्टॉक-इनटेक और खुदरा सेल पॉइंट से लेकर ऑनलाइन आर्डर तक के मामले में टेक्नोलॉजी का हमारे आहार के क्षेत्र में दखल बढ़ा है और अगले 25 वर्षों में पैक्ड-आहार हमारी 80 प्रतिशत आबादी को लपेट ही लेगा ऐसा अनुमान है। इस स्थिति में आबादी में निरक्षर और मामूली शिक्षित या घुमंतू समुदायों के लिए यह बड़ी मुश्किलें जरूर पैदा करेगा। फूड पैकेट्स और लेबलिंग पर प्रिंटेड सूचना के प्रति लापरवाह रवैय्या पढ़े-लिखे और टेक-सैव्वी वर्ग में भी आमतौर से व्यापक है। सन् 2020 में प्रस्तावित फूड लेबलिंग के नियम कठोर बनाए गए जिन्हें लागू कर दिया गया है, लेकिन इसके लिहाज से व्यापक अर्थ में 'ब्लेंडिंग' और 'फोर्टीफिकेशन' की क्या हम मिलावट से तुलना करने के लिए स्वतंत्र हैं? सुना है कि तैलीय इंडस्ट्रियल अपशिष्ट को खाद्य तेलों और शुद्ध कहकर बेचे जाने वाले घी निर्माण के समय मिलाया जाता है जिसे अब कानूनी रूप से चुनौती नहीं दी जा सकती। लेबल्स, फूड स्टैंडर्ड्स और सेफ्टी से जुड़े हुए मुद्दे संवेदनशील और महत्वपूर्ण इसलिए हैं कि फूड इंडस्ट्री और तेज गति वाली परिवहन व्यवस्था की सुलभता ने 'स्थानीय बने और स्थानीय तौर से ही खपे' वाली सनातन समझ को ध्वस्त कर दिया। साठेक साल पहले खाने-पीने की वस्तुओं की पैकेजिंग और ट्रांसपोर्ट की अधिक आवश्यकता न थी। कपड़ों की पोटली बांधकर और धातु के बर्तन में डालकर अर्द्ध-शुष्क खाद्य पदार्थ लाए-ले जाए जा सकते थे। जानकार लोगों से खाद्य सामग्री ली जाती थीं। मुहल्लेदारी के चलते दूकानदार घटिया या असुरक्षित खाद्य पदार्थ बेचने की हिम्मत नहीं कर सकता था।

पैक किया हुआ खाद्य-पदार्थ स्रोत औद्योगिक इकाई से 5000 किलोमीटर दूर ले जाकर भी बरता जाता है। संभव है यह बीस स्तरों से गुजरता हुआ ग्राहक तक पहुंचे। अगर कोई गड़बड़ इस बीच हुई है तो मालिक को पकड़ कर कानून की जद में लाया जा सकता है। इसीलिए पिछले दसेक साल से टेक्नोलॉजी और लेबलिंग की उन्नत प्रक्रियाओं को फूड प्रोडक्शन और सेफ्टी के मामले में अपनाया जाना जरूरी समझा गया है। एक तरह से यह 'प्रिमिटिव' जीवन-शैलियों से निकलकर हाइली इंडस्ट्रियलायिज्ड और अर्बनायिज्ड सोसाइटी की तरफ बढ़ने की कवायद तो जरूर प्रतीत होती है, परंतु इसे संबंधित कानून बारीकियों के लिहाज से अभी कदीमी ज्ञान-विज्ञान और परंपरा से हलके ही हैं। खासतौर से जब लेबल किया हुआ फूड प्रोडक्ट खुद ही सर्टिफाई किया हुआ है।

## प्रसंगवश

# आधुनिक अयोध्या के विक्रमादित्य

अयोध्या नगरी को कालचक्र ने कई बार खंडित किया है, परंतु आस्था के इस केंद्र को सनातनियों की आत्मा से कभी अलग नहीं कर पाए। 21 वीं सदी की अयोध्या अपनी विरासत को संजोते हुए विकास की नई राह पर गतिमान है, जहां महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट है, पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन है, कलेक्ट्रेट के निकट मल्टीलेवल पार्किंग है, श्रद्धालु भ्रमण पथ, भक्ति पथ, श्रीराम जन्म भूमि पथ, धर्म पथ, राम पथ जैसे भक्तिमय पथ है।



डॉ. शीलवंत सिंह
वरिष्ठ लेखक

इसके अतिरिक्त महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना, भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना, अंतर्राष्ट्रीय अयोध्या रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान का निर्माण, मकर संक्रांति व बसंत पंचमी मेले का प्रांतीयकरण, पुराणों में उल्लिखित तीस कुंडों का विकास, 147 किमी लंबा राम वन गमन पथ, चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास जैसे अनगिनत ऐसे प्रयास है जिसने रामनगरी अयोध्या को विकास के क्षिजित पर दीप्तिमान कर दिया है। वर्तमान की अयोध्या हवाई-रेलवे-सड़क के साथ-साथ जल मार्ग से भी जुड़ रही है। सरयू नदी में जल पर्यटन हेतु जटायु व गरुड़ नामक क्रूज की व्यवस्था की गई है। द्रुत गति की वंदेभारत और अमृत भारत ट्रेने यहां के आवागमन के लिए सुलभ हो गई हैं। यहां प्रस्तावित ग्रीन फील्ड टाउनशिप पहली सौर ऊर्जा से संचालित उपनगरी है।

नई अयोध्या की बात हो और लता मंगेशकर चौक का जिक्र न हो तो कुछ अधूरा सा लगता है। अयोध्या नगर की साज-सज्जा के साथ ही सफाई-स्वच्छता के लिए सीवर लाइन, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, कूड़ा निस्तारण की इकाई जैसी परियोजनाओं को सफलतापूर्वक स्थापित किया जा चुका है।

साथ ही अयोध्या को औद्योनिक साज-सज्जा से जीवंत किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपेक्षित-तिरस्कृत अयोध्या को जिस प्रकार वैश्विक मानचित्र पर जो सम्मान दिलाया है, उसके लिए वे आधुनिक नगरी अयोध्या के विक्रमादित्य हैं।

# बंदउं नाम राम रघुबर को



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

> चारों युगों में, तीनों कालों में और तीनों लोकों में लोग नाम को जपकर शोकरहित हुए हैं। वेद पुराण और संतों का मत यही है कि समस्त पुण्यों का फल राम नाम में प्रेम होना है।

भगवान ने अवतार ग्रहण करके शिशु रूप धारण किया। नामकरण का अवसर आने पर मुनि वशिष्ठ ने विचार करके "जो आनंद सिंधु सुखराशी", जो आनंद के समुद्र और सुख की राशि हैं, ऐसे जिस समुद्र की एक बूंद से तीनों लोक सुखी होते हैं। दशरथ के उस सबसे बड़े पुत्र का नाम "राम" रखा, जो सुख का भवन और संपूर्ण लोकों को शांति देने वाला है।

तुलसीदास जी कहते हैं कि मेरी यह रचना रामचरित मानस सभी गुणों से रहित है, गुणहीन है। इसमें बस जगत प्रसिद्ध एक गुण है- वह यह कि इसमें श्री रघुनाथ जी का नाम है, जो मंगल भवन अमंगल हारी है, अत्यंत पवित्र वेद, पुराणों का सार है, जिसे पार्वती सहित भगवान शिव जी सदा जपते रहते हैं। सभी देवताओं, संत असंत आदि की वंदना के पश्चात तुलसीदास जी श्रीराम के चरित्र के वर्णन के पूर्व उनके नाम की वंदना करते हैं। रामनाम रूपी महामंत्र का जप भगवान शिव सहित सभी देवता करते हैं। आदि कवि वाल्मीकि उल्टा नाम जप करके भी इसी नाम के प्रताप से पवित्र हो गए। श्री रघुनाथजी की भक्तिरूपी वर्षा ऋतु के लिए राम नाम रूपी दो सुंदर अक्षर सावन भादों के महीनों के समान हैं।

दोनों अक्षर मधुर और मनोहर हैं। ये जीव और ब्रह्म के समान स्वभाव से ही साथ रहने वाले, सदा एकरस-एकरूप हैं। यह दोनों अक्षर नर-नारायण के समान सुंदर भाई हैं, जगत का पालन और विशेष रूप से भक्तों की रक्षा करने वाले हैं। जिह्वा रूपी यशोदा के लिए यह दोनों अक्षर श्री कृष्ण और बलराम जी के समान आनंद देने वाले हैं। तुलसीदास जी कहते हैं कि वैसे तो समझने के लिए नाम और नामी दोनों एक से है, किंतु दोनों परस्पर स्वामी और सेवक के समान हैं। जैसे स्वामी के पीछे सेवक चलता है, उसी प्रकार नाम के पीछे नामी चलते हैं। भगवान अपने नाम का ही अनुगमन करते हैं, नाम लेते ही वहां आ जाते हैं। यों तो चारों युगों मे नाम का प्रभाव है, परंतु कलियुग में विशेष रूप से नाम को छोड़कर दूसरा कोई उपाय है ही नहीं।

निर्गुण और सगुण-ब्रह्म के दो स्वरूप हैं, दोनों ही अकथनीय और अनुपम हैं। तुलसीदास जी कहते हैं कि मेरी समझ में "नाम" इन दोनों से बड़ा है जिसने अपने बल से दोनों को अपने वश में कर रखा है। निर्गुण और सगुण दोनों प्रकार के ब्रह्म का ज्ञान अग्नि के समान हैं। निर्गुण उस अप्रकट अग्नि के समान हैं, जो काठ के अंदर है, परंतु दिखती नहीं और सगुण उस प्रकट अग्नि के समान है, जो प्रत्यक्ष दिखती है। तत्वतः दोनों एक ही हैं, केवल प्रकट-अप्रकट के भेद से भिन्न मालूम होती है। इसी प्रकार निर्गुण और सगुण तत्व एक ही हैं।

दोनों ही जानने में बड़े कठिन हैं, परंतु नाम से दोनों सुगम हो जाते हैं। इसी से मैंने नाम को (निर्गुण) ब्रह्म और सगुण राम से बड़ा कहा है। इस प्रकार निर्गुण से नाम का प्रभाव अत्यंत बड़ा है, ब्रह्म व्यापक है, एक है, अविनाशी है, चैतन्य और आनंद की राशि है। नाम का श्रद्धापूर्वक जप करने से यही ब्रह्म ऐसे प्रकट हो जाता है, जैसे रत्न की पहचान से उसका मूल्य। तुलसीदास जी कहते हैं कि इस प्रकार निर्गुण से नाम का प्रभाव बड़ा है और नाम (सगुण) राम से भी बड़ा है। श्रीरामचंद्र जी ने भक्तों के हित के लिए मनुष्य शरीर धारण करके स्वयं कष्ट सहकर साधुओं को सुखी किया। श्रीराम ने एक अहल्या को तारा और ताड़का का वध किया, परंतु उनके नाम ने करोड़ों लोगों की बिगड़ी बुद्धि को सुधार दिया। श्रीराम ने राक्षसों के समूह को मारा, परंतु नाम तो कलियुग के सारे पापों की जड़ उखाड़ने वाला है। राम ने शबरी, जटायु आदि उत्तम सेवकों को ही मुक्ति दी, परंतु नाम ने अनगिनत दुष्टों का उद्धार किया।

श्रीराम ने सुग्रीव और विभीषण दोनों को ही अपनी शरण में रखा, परंतु नाम ने अनेकों गरीबों पर कृपा की है। श्रीराम ने कुटुंबसहित रावण को युद्ध में मारा, तब सीता सहित उन्होंने अपने नगर अयोध्या में प्रवेश किया- राजा हुए, परंतु सेवकगण भक्तिपूर्वक नाम के स्मरण मात्र से बिना परिश्रम किए मोह की प्रबल सेना को जीतकर प्रेम में मग्न हुए अपने ही सुख मे विचरते हैं। नाम के प्रसाद से उन्हें सपने में भी कोई चिंता नहीं सताती। नाम की बड़ाई कहां तक कही जाए, स्वयं श्रीराम भी नाम के गुणों को नहीं गा सकते।

चारों युगों में, तीनों कालों में और तीनों लोकों में लोग नाम को जपकर शोकरहित हुए हैं। वेद पुराण और संतों का मत यही है कि समस्त पुण्यों का फल राम नाम में प्रेम होना है। कराल कलियुग में तो नाम ही कल्पवृक्ष है, जो स्मरण करते ही संसार के सब जंजालों का नाश कर देने वाला है। कलियुग में न कर्म है, न भक्ति है, न ज्ञान ही है। राम नाम ही एकमात्र आधार है।

## सोशल फोरम

# ईश्वर एक सहज व्यवस्था

> हर इंसान ईश्वर के रूप में पैदा होता है, लेकिन उम्र बढने के साथ-साथ उसे धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक प्राणी बनने की होड़ में झोंक दिया जाता है।

आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

तीर्थयात्रा करने वालों, धर्म स्थानों पर नियमित हाजिरी लगाने वालों, धार्मिक उत्सवों और आयोजनों में हिस्सा लेने वालों तथा धार्मिक कर्मकांडो को सम्पन्न करने वालों की तादाद लगातार बढ रही है। फिर भी ईश्वर इन्सानों के लिए अबूझ पहेली बनकर रह जाता है। ईश्वर की असंख्य व्याख्याएं खुद को इंसानी दिमाग पर थोपने की कोशिश में लगी हैं। सारे धर्म उदारता, संयम, सत्यनिष्ठा, सदाचार की दुहाई और सीख देते-देते खुद ही कट्टरता, असहनशीलता और हिंसा के कम या अधिक स्रोत बन जाते हैं। सारे दोष अंत में इंसानी स्वभाव के मत्थे मढ़ दिए जाते हैं। सारे इंसान निर्दोष और निरपेक्ष शिशु के रूप में पैदा होते हैं। सवाल यह उठता है कि एक नादान और मासूम बच्चा एक क्रूर, बेरहम, लालची, क्रोधी और निष्ठुर इंसान में कैसे तब्दील हो जाता है?

हर इंसान ईश्वर के रूप में पैदा होता है, लेकिन उम्र बढने के साथ-साथ उसे धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक प्राणी बनने की होड़ में झोंक दिया जाता है। इस रस्साकशी में हर इंसान का मूल ईश्वरत्व हाशिए पर चला जाता है। सभ्य और संस्कारी बनाने की कोशिशों का नतीजा ऐसे इंसानी यंत्रों के रूप में सामने आता है, जो खुद को सारे जीवों की तुलना में सबसे काबिल मानते हैं। ये इंसानी मशीनें धर्म, नस्ल, राष्ट्र और सभ्यता के नाम पर असंख्य इंसानों और जीवों का खून बहाने के बाद भी जगत के कल्याण का दावा करती हैं। ये सिलसिला तब तक चलता रहेगा, जब तक हर इंसान अपने ईश्वरत्व का अहसास न कर ले। ईश्वर तो धर्म, राष्ट्र, समाज या सभ्यता के बिना भी मौजूद था और इनके बिना भी वजूद में रहेगा, लेकिन कोई धर्म, राष्ट्र, समाज या सभ्यता ईश्वर की निरंतर उपेक्षा करके अपनी पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकती। क्योंकि ईश्वर एक सहज व्यवस्था है जबकि बाकी सब कृत्रिम हैं।

-फेसबुक वॉल से

# अयोध्या और राजधानी के राम मंदिरों का रिश्ता



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के स्वागत में राजधानी के बिड़ला मंदिर, तुगलक रोड के सिद्ध हनुमान मंदिर और शेष सभी मंदिरों में में कीर्तन और भंडारे के कार्यक्रम चलेंगे।

श्रीराम जयराम जय-जयराम...' का पाठ आपको काफी दूर से सुनाई देने लगता है, जब आप राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अशोक विहार क्षेत्र के राम मंदिर की तरफ बढ़ रहे होते हैं। आपको जानकार हैरानी हो सकती है कि इस श्रीराम मंदिर का अयोध्या के राम लला के मंदिर से करीब का संबंध है। इनका दोनों मंदिरों के आर्किटेक्ट सीबी सोमपुरा ही हैं। सोमपुरा जी को विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल अयोध्या लेकर गए थे ताकि वे राम लला के मंदिर का डिजाइन बनाएं। इसकी मैनेजमेंट से जुड़े हुए अशोक बंसल बताते हैं कि फिर सोमपुरा जी ने ही अयोध्या के राम मंदिर का डिजाइन बनाया। हालांकि अशोक विहार के श्रीराम मंदिर की स्थापना तो 1975 में हो गई थी, पर इसका विस्तार आगे भी होता रहा। इसकी अयोध्या के राम मंदिर से एक समानता यह भी है कि यहां भी राजस्थान के बंसीपुर का लाल संगमरमर का गुलाबी पत्थर लगा है। हां, दोनों में सिर्फ इतना अंतर है कि अशोक विहार का श्रीराम मंदिर छोटा है।जब आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा होगा, तब अशोक विहार के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही सुंदर कांड और भजन के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को यहां करीब एक लाख भक्त पहुंचेंगे। इस मंदिर मैनेजमेंट की इच्छा है कि भविष्य में यहां पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पधारें। इस बीच अगर बात दिल्ली के सबसे प्राचीन राम मंदिर की करें तो यह चांदनी चौक में भगीरथ पैलेस साइकिल मार्केट में है। यह लगभग 150 साल पुराना बताया जाता है। यह कोई बहुत भव्य तो नहीं है, पर खाटी पुरानी दिल्ली वाले यहां कभी न कभी किसी पर्व या सत्यनारायण की कथा में भाग लेने अवश्य आए होते हैं। इसके महंत राम कृष्ण शर्मा बताते हैं कि हमारा परिवार रामलीला मैदान की रामलीला का भी महंत है। पुरानी दिल्ली में एक करीब सवा सौ साल पुराना राम मंदिर छिपीवाड़ा में भी है। इन दोनों में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपोत्सव किया जाएगा। राजधानी में राम या श्रीराम मंदिर नाम से मंदिर कम ही हैं। कम से कम हनुमान या शिव मंदिरों की तुलना में। हालांकि श्रीराम परिवार की मूर्तियां तो हरेक मंदिर में मिलेंगी। हां, हरेक हनुमान मंदिर अपने आप में राम मंदिर ही है। राम के बिना हनुमान कहां और हनुमान के बिना राम कहा। 22 जनवरी को कश्मीरी गेट, जिसे दिल्ली मरघट वाले बाबा का मंदिर भी कहती है, में पूजा-अर्चना और भंडारे का कार्यक्रम रहेगा।

ईस्ट दिल्ली के विवेक विहार में श्रीराम मंदिर में भगवान राम की छह फीट ऊंची मूर्ति लंबे समय से भक्तों के आकर्षण का केन्द्र रही है। इधर भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन कीर्तन, राम कथा, सुंदर कांड और भंडारे के कार्यक्रम चलेंगे। माना जा सकता है कि यमुनापार का यह पहला श्रीराम मंदिर है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने विवेक विहार के लिए प्लाट काटकर देने की प्रक्रिया 1967 में चालू की थी। इसके बाद यहां पर लोगों ने अपने प्लाटों पर घर बनाने शुरू किए। एक बार घर बन गए तो उन्होंने श्रीराम मंदिर की स्थापना 1972 में की। फिर इसका विकास और विस्तार होता रहा। यहां पर राम दरबार, शिव परिवार, सरस्वती, हनुमान जी वगैरह की सुंदर मूर्तियां स्थापित हैं। विवेक विहार से सटे आनंद विहार में भी एक श्रीराम मंदिर हैं। इस बीच कनॉट प्लेस के प्राचीन मंदिर में 22 जनवरी को सुबह से रात तक सुंदर कांड का पाठ होगा। इधर 1 अगस्त, 1964 से 'श्रीराम जयराम जय-जयराम' मंत्र का जाप आरंभ हुआ था। इस बीच, कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से तीन-चार किलोमीटर दूर करोल बाग और झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के बीच में स्थित हनुमान मंदिर में 22 जनवरी को अखंड रामायण और हनुमान चालीसा समवेत स्वर में सुना जा सकता है। झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के पास संकट मोचन की 108 फीट ऊंची प्रतिमा को मेट्रो में सफर करते हुए देखना अपने आप में एक रोमांचकारी अनुभव होता है।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के स्वागत में राजधानी के बिड़ला मंदिर, तुगलक रोड के सिद्ध हनुमान मंदिर और शेष सभी मंदिरों में में कीर्तन और भंडारे के कार्यक्रम चलेंगे। अब आइए चलें साउथ दिल्ली के भीष्म पितामाह मार्ग। इसे राजधानी का दूसरा मंदिर मार्ग कह सकते हैं। पहला मंदिर मार्ग गोल मार्कट में है। इस सड़क का नाम भी मंदिर मार्ग होना चाहिए। अगर आप जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम की तरफ से आते हुए लोधी एस्टेट का रुख कर रहे हैं, तब आपको सबसे पहले शिरडी साईं मंदिर, नामदेव मंदिर, फिर श्री रामायण विद्यापीठ और अंत में श्रीराम मंदिर मिलेंगे। श्रीरामायण विद्यापीठ अपने आप में मंदिर के साथ-साथ रामायण तथा वेदों के गहन अध्ययन के केन्द्र के रूप में स्थापित है।

# राम का ब्राह्मण प्रेम

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यों तो श्रीराम परात्पर ब्रह्म और भगवान विष्णु के सप्तम अवतार होकर यावत चराचर के स्वामी और हितैषी हैं, किंतु वर्ण व्यवस्था के अनुसार वे ब्राह्मण वर्ण को वरीयता देते रहे और विशेष हितैषी रहे। जब दो वर्गों के हितकारी कहे गए तब भी ब्राह्मण नहीं छूटे। अलबत्ता गऊ माता इसमें शामिल रहीं। राक्षसों से त्रस्त देवताओं द्वारा भगवान विष्णु से अवतार लेने हेतु प्रार्थना करने पर उन्हें "गो द्विज हितकारी जय असुरारी सिंधुसुता प्रिया कंता' कहा गया'। तब उन्होंने रामावतार लेने की घोषणा की। बाद में इस संवर्ग में देवता भी जुड़ गए, क्योंकि उन्हीं की प्रार्थना पर वे अवतरित हुए थे। तब वे 'जय सुर धेनु विप्र हितकारी'बने। चूंकि वे'परित्राणाय साधूनां' भी आते हैं, अतःउनके कृपा पात्रों में चौथा नाम संतों का भी जुड़ा और वे 'विप्र धेनु सुर संत हित लीन मनुज अवतार'बखाने गए। तात्पर्य यह है कि विप्र कभी नहीं छूटे। उन्होंने स्वयं कहा कि यद्यपि सब मुझे प्रिय और मेरे द्वारा उत्पन्न किए गए हैं, किंतु मनुष्य ज्यादा प्रिय हैं। उनमें ब्राह्मण और ब्राह्मणों में वेदपाठी। 'सब मोहिं प्रिय सब मम उपजाये। सब ते अधिक मनुज मोहि भाये।। तिन मह द्विज द्विज मह स्रुतिधारी। तिन्ह मह निगम धरम अनुसारी'।। परशुराम जी से वार्ता करते समय भी उन्होंने साफ कहा कि 'देवता, ब्राह्मण, भगवान के भक्त और गाय पर हम पराक्रम नहीं दिखाते 'उन्होंने आगे कहा कि 'मेरे पास तो एक गुण है, किंतु आपके पास पवित्र नौ गुण हैं। हम सब प्रकार आप से हारे हैं'। 'सब प्रकार हम तुम सन हारे। छमहु विप्र अपराध हमारे'। रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापना का जब उन्होंने निश्चय किया और चाहा कि सबसे बड़े शिव भक्त ब्राह्मण से वे यह यह कार्य कराए तो उन्हें बताया गया कि ये शर्तें तो रावण पूरी करते हैं। 'इरामावतारम्'शीर्षक कंबन रामायण के अनुसार, तब उन्होंने जामवंत को भेजकर रावण को सादर आमंत्रित किया और उनसे स्थापना करवाई, जो द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मालूम हो कि महापंडित रावण यह पौरोहित्य कार्य सविधि करने के लिए सीता जी को साथ लाए थे, क्योंकि विवाहित राम का धर्मानुष्ठान पत्नी के बिना अपूर्ण रहता। अंत में पुरोहित रावण ने यजमान राम को विजय का आशीर्वाद दिया और दक्षिणा स्वरूप मांगा कि 'जब मैं मृत्यु शैया पर होऊ तब यजमान हमारे सामने उपस्थित हों', जिसे राम ने स्वीकार किया। राम का राज तिलक भी पहले ब्रह्मर्षि बसिष्ठ ने किया, फिर अन्य ब्राह्मणों को वैसा ही करने को कहा।

# प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व राममय हुआ अयोध्या हाईवे

**तैयारी**

▸▸ श्रद्धालुओं को अयोध्या के करीब होने का अहसास कराने में जुटा प्रशासन, स्वागत को आतुर होटल व पंप संचालक

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

लगाए गए राम ध्वज व रोशनी से नहाया हाईवे का रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंप की दीवार पर बनाया गया मंदिर का चित्र। अमृत विचार

**अमृत विचार:** साकेत ही नहीं, पूर्वांचल का द्वार कहे जाने वाला बाराबंकी रामनगरी जाने वाले मेहमानों के स्वागत को तैयार हो रहा है। राजधानी से अयोध्या को जोड़ने वाला रामपथ राम के रंग में रंग गया है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में आने वाले मेहमानों का स्वागत ही नहीं हाईवे की सजावट अयोध्या के करीब होने का एहसास भी कराएगी। इसके लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। हाईवे को भी साफ-सफाई कर चमकाया जा रहा है।

अयोध्या में बनकर तैयार श्रीराम मंदिर में रामलला के बिग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी को होगा। इसको लेकर अयोध्या ही नहीं, रामनगरी के प्रवेश द्वार बाराबंकी में भी मेहमानों के स्वागत की तैयारियां जोरों पर है। एक तरफ जहां सुरक्षा व डायर्वजन के साथ खाकी को मेहमान नवाजी के टिप्स दिए गए। वहीं अयोध्या जाने वाले नेशनल हाईवे को भी आस्था के रंग में रंग कर राममय किया जा रहा है। सुरक्षा संकेतकों के साथ रामनगरी की दूरी को प्रदर्शित करने वाले साइन बोर्ड लगाए जा रहे है। वहीं एनएचएआई भी हाईवे के डिवाइडर, ओवरब्रिज को नए सिरे से रंग-रोगन कर चमकाने में जुटा हुआ है। हाईवे किनारे के गड्ढे भरने के साथ मिट्टी पाटकर व झाड़ू लगा रामनगरी के मार्ग को चमकाया जा रहा है। इस कार्य को अंतिम रूप देने के लिए युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है।

### हाईवे पर सेल्फी लेने के लिए जुट रहे युवा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अयोध्या आने वाले मेहमानों के स्वागत को लेकर संवर रहा हाईवे युवाओं को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। रामधुन के बीच हाईवे पर सेल्फी लेकर युवक उसे अपने मोबाइल की डीपी व स्टेटस पर भी लगा रहे हैं।

# रामनगरी पहुंचे डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी किया मरीजों का उपचार

▸▸ ब्रज प्रांत से चयनित होने वाले बरेली के इकलौते चिकित्सक हैं डॉ. प्रमेंद्र

अयोध्या कार्यालय

चिकित्सा शिविर में मरीजों का उपचार करते डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी।

**अमृत विचार :** श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश-दुनिया से आने वाले भक्तों की सेवा करने के लिए बुधवार को बरेली के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी अयोध्या पहुंचे। उन्होंने चिकित्सा शिविर में आए मरीजों का उपचार कर अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दी है।

श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बीते दिनों देशभर के चिकित्सकों से प्राणप्रतिष्ठा समारोह में स्वेच्छा से अपनी सेवाएं देने के लिए गूगल फॉर्म से आवेदान मांगे थे। रामनगरी पहुंचे डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने अमृत विचार से हुई वार्ता में बताया कि वह तीन दिनों तक बाग बिगेसी स्थित तीर्थक्षेत्रपुरम में बनी टेंट सिटी के चिकित्सा शिविर में मरीजों का इलाज करेंगे। उन्होंने बताया कि वो इकलौते ऐसे चिकित्सक हैं, जिन्हें ब्रज प्रांत के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के चिकित्सकों के लिए छह प्रांत बनाए गए हैं। जिसमें उनका चयन ब्रज प्रांत के लिए हुआ है। उन्होंने बुधवार को 32 मरीजों का इलाज किया। जि बताया कि गूगल फॉर्म के जरिए देश भर के 700 चिकित्सकों ने स्वेच्छा से अपनी सेवा देने की इच्छा जताई थी। यहां 15 जनवरी से 15 फरवरी तक चिकित्सक मरीजों का इलाज करेंगे। हर एक चिकित्सक को तीन दिन तक अपनी सेवाएं देनी है। उनकी सेवाएं 19 जनवरी तक रहेगी।

# नशे में पत्नी को पीटा व दुधमुंही बच्ची को पटककर मार डाला

## कानपुर देहात में दो बीघे जमीन को लेकर होता था विवाद

संवाददाता, मंगलपुर कानपुर देहात

घायल पूजा।

बच्ची की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के चंदकुरा गांव में एक नशेबाज युवक ने देर रात नशे में पत्नी की जमकर पिटाई की। इसके साथ ही उसने चार माह की पुत्री को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद पति फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची का शव कब्जे में लेकर मॉर्चयूरी में रखवा दिया।

चंदकुरा निवासी दीपक कमल शराब पीने का आदी है। बुधवार देर रात वह नशे की हालत में अपने घर आया। पत्नी पूजा से विवाद के बाद उसने मारपीट शुरू कर दी। पूजा को पीटकर मरणासन्न करने के बाद उसने वहां सो रही अपनी चार माह की मासूम बच्ची नव्या को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा पूछताछ के बाद घायल पूजा को उपचार के लिए भेजा। इसके साथ ही बच्ची के शव को कब्जे में लेकर मॉर्चयूरी में रखवा दिया। इंस्पेक्टर मंगलपुर ने बताया कि नशे में युवक द्वारा पत्नी को पीटने के साथ बच्ची को पटकने की बात प्राथमिक छानबीन में सामने आई है। घायल पत्नी पूजा के माता-पिता की मृत्यु 7-8 वर्ष हो चुकी है तथा उसका विवाह स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से लगभग 5 वर्ष पूर्व हुआ था।

### नाले की जमीन बेचने वाले पर मुकदमा दर्ज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जमुरिया नाले की जमीन पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के बाद अब जिला प्रशासन ने उन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है जिन्होंने नाले की जमीन बेची थी। इसी परिप्रेक्ष्य में बुधवार को एक मुकदमा नगर कोतवाली में दर्ज किया गया। 2 दिन पहले डीएम ने नाले पर बने मकान का निरीक्षण किया था। नल की जमीन पर प्लाटिंग देखकर उन्होंने नाराजगी जताई थी। यह जमीन ऊसर में दर्ज है। लोक संपत्ति क्षेत्र निवारण अधिनियम के तहत प्लाटिंग करने वाले पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ क्षेत्रीय लेखपाल धीरज कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले में जब अवैध निर्माण ध्वस्त करने के आदेश दिए गए तो याचिका कर्ता महंत बीपी दास ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही जबकि खरीदने वालों के मकान ध्वस्त करने के आदेश हो चुके हैं।

# माघ मेला क्षेत्र में रामोत्सव मनाएंगे संत

**लिया निर्णय**

▸▸ प्राण प्रतिष्ठा से पहले मेला अधिकारी व संतों की हुई बैठक

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बुधवार को माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद की अध्यक्षता व अपर माघ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने माघ मेले में आए सभी प्रमुख संतों एवं संस्थाओं के साथ विशेष बैठक की। जिसमें सभी संत महात्माओं ने 22 जनवरी को माघ मेला क्षेत्र में दिव्य एवं भव्य रामोत्सव मनाने पर सहमति जताई।

माघ मेले में आयोजित बैठक में मेला अधिकारी के सामने सभी संतो ने उस दिन मेला क्षेत्र को सहमति जताई है। इसके अलावा रामधुनी से रमने की इच्छा जताते हुए जगह-जगह दीपोत्सव कार्यक्रम, अखंड रामायण पाठ एवं सुंदरकांड पाठ तथा शाम को एक भव्य गंगा आरती करने की बात कही। इस अवसर पर मेला प्रशासन भी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण करेगा तथा पूरे मेला क्षेत्र में एक विशेष सफाई अभियान चलाते हुए पूर्णतः स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में आए महात्माओं में से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी ने अपने यहां विशेष कार्यक्रम करने की बात कहते हुए अपने पूरे परिसर को दीपों से सजाने की बात की। वही खाक चौक के अध्यक्ष ने सबको साथ लेते हुए रामोत्सव मनाने तथा खाक चौक के अन्य संन्यासियों ने 22 को सुंदरकांड पाठ करने तथा कई स्थानों पर 21 से ही अखंड रामायण का पाठ शुरू करने की बात कही। खाक चौक के कुछ अन्य संन्यासियों ने 22 जनवरी को दीपावली की तरह दीपोत्सव मनाते हुए खाक चौक के 341 कैपों में से हर कैंप के सामने 108 दीप जलाने की बात कही। आचार्य बाडा के महामंत्री ने 22 तारीख को राम लला की एक भव्य शोभा यात्रा निकालने का भी प्रस्ताव दिया। साथ ही माघ मेला क्षेत्र में रह रहे कल्पवासीयों एवं श्रद्धालुओं तथा नगर वासियों से इस कार्यक्रम की भव्यता बढाने के दृष्टिगत हर घर आरती, दीपोत्सव एवं दीपों की रंगोली बनाकर राम लला का स्वागत करने की भी अपील की।

### घर में घुसकर महिला और बच्चों को पीटा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खेल के दौरान बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद के बाद एक पक्ष के लोगो ने घर में घुसकर महिलाओं एवं बच्चों को बुरी तरह पीट दिया। इस दौरान महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस कप्तान के निर्देश पर विपक्षियों के खिलाफ रामनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस कप्तान दिनेश कुमार सिंह को दिए गए प्रार्थना पत्र में थाना रामनगर के ग्राम धौखरिया निवासी सुलोचना पत्नी राम मनोहर ने कहा है कि 11 जनवरी को उसके बच्चे गांव के ही निवासी किशोर के बच्चों के साथ खेल रहे थे। इस दौरान बच्चों में आपस में झगड़ा हो गया। शाम को किशोर उनकी पत्नी बेटे आदि लोग घर में घुसकर उसे मारने पीटने लगे चीखने चिल्लाने और शोर शराबा उसकी देवरानी एव बेटा बचाने दौड़ा तो उन्हें भी मारा पीटा देवरानी के बाल पड़कर जमीन पर पटक दिया वह जान बचाकर घर में भागी तो भी उसके साथ मारपीट की।

# बाराबंकी में कांग्रेस ने किया सत्याग्रह

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

गांधी प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह करते कांग्रेस के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामलला के दर्शन को अयोध्या धाम गए कांग्रेसियों के साथ हुई मारपीट को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। इसे लेकर बुधवार को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांधी प्रतिमा के समक्ष रामधुन गाकर विरोध जताया।

कांग्रेस द्वारा कहा गया है कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय, कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के साथ गए। कांग्रेस के ध्वज वाहक अनोखे लाल तिवारी के साथ भाजपा एवं संघ के अराजकतत्वों द्वारा की गई मारपीट एवं पार्टी ध्वज को अपमानित करने के विरोध में कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहसिन की अगुवाई में गांधी प्रतिमा के सामने भाजपा एवं संघ की सद्बुद्धि आये और देश में भाईचारा बना रहे इसके लिये रामधुन गाकर प्रार्थना की। महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने रामधुन गाने वालों में नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, शबनम वारिस, इरफान कुरैशी, इजहार सिद्दीकी, अजीत, शिव बहादुर, केसी श्रीवास्तव, रामहरख रावत, अमित मिश्रा, अखिलेश वर्मा, आरिफ, रमेश, सुरेन्द्र, प्रीति, विजयपाल, तस्लीमन, संजीव, कौशल किशोर आदि रहे।

# प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर जीतेगी भाजपा

**दावा**

▸▸ राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने महादेवा में की सफाई

**रामनगर,बाराबंकी अमृत विचार :** अयोध्या धाम में श्री रामलहा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने महादेवा मंदिर पहुंचकर महादेव का जलाभिषेक कर मानव कल्याण की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर में झाड़ू लगायी। दावा किया कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी सीटों पर भाजपा जीतेगी।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संसदीय कार्य, शिक्षा चिकित्सा परिवार कल्याण एवं मातृ शिशु कल्याण राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि की कहावत इन पर सही साबित हो रही है।भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार पुनः बनाएगी। आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। इस दौरान ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महादेवा में रात्रकालीन चिकित्सक तैनात किए जाने का पत्र दिया।

## सार-संक्षेप

### ड्रोन के जरिए नैनो उर्वरक का खेतों में किया गया छिड़काव

बहरेला में ड्रोन द्वारा नैनो उर्वरक के छिड़काव की तैयारी करते किसान।

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के बहरेला गांव में बड़े ड्रोन द्वारा नैनों उर्वरकों का खेतों में छिड़काव कर किसानों को जानकारी दी गई। बुधवार को इफ्को बाराबंकी द्वारा एग्रोनामिस्ट कन्हैया मौर्या के नेतृत्व में बहरेला गांव में नैनो उर्वरकों का छिड़काव किया गया। किसान नेता परमेन्द्र विक्रम सिंह बाबा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प योजना के तहत खेत मे नैनो यूरिया नैनो डीएपी व सागरिका का छिड़काव किया गया। कृषि विशेषज्ञ कन्हैया मौर्या ने बताया कि एक एकड़ के खेत मे छिड़काव करने में केवल सात मिनट का समय लगता है। इस प्रक्रिया में एक बड़े ड्रोन में उर्वरकों को लगा दिया जाता है। उड़ने पर मशीन द्वारा अपने आप छिड़काव किया जाता है। इससे समय, संसाधन व पैसे की भी बचत होगी। गांव में रमेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र विक्रम, अश्वेन्द्र विक्रम, अभिनेन्द्र विक्रम के खेत मे भी छिड़काव किया गया।

### लूट और आर्म्स एक्ट के अलग-अलग मामलों में कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** छह वर्ष पहले बाइक व नगदी लूटने तथा आर्म्स एक्ट के अलग-अलग मामलों में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अभियुक्त को दोषी करार दिया। इसके साथ लूट के मामले में छह साल 16 दिन के साधारण कारावास व एक हजार रुपये अर्थदंड तथा आर्म्स एक्ट के मामले में तीन वर्ष के साधारण कारावास व पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। थाना व कस्बा कोठी निवासी कमल कश्यप पर जैदपुर थाना क्षेत्र लूट व देवा कोतवाली में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज था। जैदपुर थाने में नगर कोतवाली के राजपुरम् कॉलोनी निवासी अजय तिवारी ने 12 अक्टूबर 2017 को जैदपुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अज्ञात बदमाशों ने उससे एक लाख रुपये की नकदी व दो बाइक व कूपन लूटकर फरार हो गए है। इस पर पुलिस ने लूट का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। इसके बाद तत्कालीन विवेचक ने साक्ष्यों के संकलन के साथ अभियुक्त थाना व कस्बा कोठी निवासी कमल कश्यप को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसके बाद अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। वहीं देवा कोतवाली पुलिस ने 20 नवबंर 2017 को अभियुक्त कमल कश्यप को तमंचे के साथ पकड़कर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। इन दोनों मामलों की सुनवाई कर रही अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने अभियुक्त कमल कश्यप को दोषी मानते हुए लूट के मामले में छह साल 16 दिन के साधारण कारावास व एक हजार रुपये अर्थदंड तथा आर्म्स एक्ट के मामले में तीन वर्ष के साधारण कारावास व पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### जमुरिया किनारे बने आवासों के ध्वस्तीकरण आदेश पर उठे सवाल

**बाराबंकी अमृत विचार :** जमुरिया नाले के किनारे अवैध रूप से बनाए गए मकान और प्रतिष्ठानों के ध्वस्तीकरण आदेश पर ही अब सवाल उठने लगे हैं। शहर के तीन लोगों ने इस संदर्भ में उप जिला अधिकारी को प्रत्यावेदन देकर बड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। कहा है कि ऐसे लोगों के खिलाफ सिर्फ नोटिस देकर कार्रवाई की इतिश्री कर दी गई है जबकि गरीब और साधारण लोगों के मकान के गिराने के आदेश कर दिए गए हैं। शहर के निवासी पुनीत मिश्रा, अजीत झा और आलोक रंजन पांडे द्वारा दिए गए प्रतिवेदन में कहा गया है कि जमुरिया नाले के किनारे अवैध रूप से कई शॉपिंग कंपलेक्स, नर्सिंग होम, होटल, स्कूल व अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बना लिए गए हैं। इनके खिलाफ ध्वस्तीकरण आदेश नहीं किया गया है। अभी तक यह तय नहीं किया जा सका कि जमुरिया नाले की लंबाई चौड़ाई कितनी है। उसके दोनों और कितनी हरित पट्टि का छोड़ी गई है। महंत बीपी दास द्वारा दाखिल किए गए याचिका के क्रम में उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में जिन घरों को गिराने का आदेश हुआ है। उनमें से कई ऐसे भी घर हैं जिन्होंने बाकायदा बैनामा करा कर नक्शा पास कराया और उसके बाद ही निर्माण कार्य किया। प्रार्थना पत्र देने वालों ने इस बात के भी जांच की आवश्यकता जताई है कि यदि अवैध रूप से जमुरिया नाले के किनारे निर्माण हो रहा था तो किस प्रकार प्रधानमंत्री आवास के निर्माण के लिए आवंटन किया गया। सवाल उठाया गया है कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होने देने के लिए कौन-कौन से अधिकारी और कर्मचारी दोषी रहे हैं।

### 12 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस के अभियान में बुधवार को सात वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं विभिन्न मामलों में थाने लाए गए 12 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई कर पाबंद किया गया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम ने तय की जिम्मेदारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इसे लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों को चुनाव की कमान सौंपते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करने की बात कही है।

जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार झा ने सीडीओ एकता सिंह को मुख्य जिम्मेदारी दी है। वह मतदान, मतगणना कार्मिक और माइक्रो आब्जर्वर व्यवस्था देखेंगी। सहायक के रूप में डीडीओ, पीडी, डीपीओ, बीएसए और जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को लगाया है। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी एडीएम अरुण कुमार सिंह को दी गई है। अपर प्रभारी के तौर पर समस्त एसडीएम व सीओ रहेंगे। चुनाव में हल्के और भारी वाहनों के प्रबंध व ईंधन की व्यवस्था के प्रभारी अपर जिलाधिकारी न्यायिक होंगे। अपर प्रभारी एआरटीओ अंकिता शुक्ला, एआरटीओ प्रवर्तन, डीएसओ, एआरएम को बनाया गया है। इसी तरह मतपत्र व्यवस्था का प्रभारी उप चकबंदी अधिकारी तो अपर प्रभारी बंदोबस्त अधिकारी होंगे। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सीडीओ को दी गई है। सहायक में डीडीओ, उपायुक्त मनरेगा, बीएसए, जिला सेवायोजन अधिकारी व प्रवक्ता रहेंगे। टेंट, फर्नीचर, बैरिकेडिंग, साउंड एवं विद्युत व्यवस्था में अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण खंड तीन आदि हैं।

### बाइक की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ग्राम प्रधान के बाबा को तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने मंगलवार को टक्कर मार दी थी थी जिससे वह वह घायल हो गए थे। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई। कोतवाली राम सनेही घाट के दिलोना के महिला प्रधान अंशू तिवारी के बाबा धारानाथ तिवारी मंगलवार को घर जा रहे थे ।तभी एक बाइक ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में एम्बुलेंस की मदद से ट्रामा सेंटर लखनऊ इलाज के लिये ले जाया गया। इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

# सिटी लेबल फेडरेशन का करें गठनः डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

जिलाधिकारी के साथ स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी ने बुधवार को जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा नव गठित किए गए शहरी स्वयं सहायता समूहों के साथ बैठक की। जिसमें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने समूहों की महिलाओं से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों, स्वरोजगार और भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की।

समूहों की महिलाओं द्वारा जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को अपने कार्यों और समूह बनाकर काम करने के संबंध में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने समूहों की महिलाओं को जिले स्तर पर अधिक से अधिक सशक्त बनाने के लिए परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिलास्तर सिटी लेबल फेडरेशन का शीघ्र गठन करें। इसके अलावा कलेक्ट्रेट, तहसील और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर समूहों के माध्यम से कैंटीन का संचालन शुरु कराएं। इसके अलावा समूहों द्वारा आरओ प्लांट लगाकर जिलेस्तर पर अन्य महत्वपूर्ण स्थान पर होने वाले शासकीय वअशासकीय बैठकों में समूहोंं के माध्यम से पैकेज्ड पानी की बोतल कराने के साथ दोना पत्तल की मशीन लगाकर स्वरोजगार के अवसर पैदा करें। बैठक में एडीएम अरुण कुमार, शहर मिशन प्रबंधक विकास धर दूबे, मेघा गुप्ता, अतुल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**विनोद हत्याकांड** | घोड़े पर बैठ काले कपड़े पहन कर घूमता था, फिल्म के गाने गाकर करता था वारदात

# बाजीगर का शाहरुख बन लूट करता था काले खान

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचारः** शातिर अपराधी काले खां फिल्म स्टार शाहरुख खान की फिल्म बाजीगर वाले वेश में घोड़े पर बैठकर और काले कपड़े व काली गोल टोपी लगाकर लूटपाट करता था। बाजीगर मैं, बाजीगर गाना गाते हुये जुआ खेलने वालों के रुपये छीनकर भाग जाता था। दबंगई के चलते कोई उसका विरोध नहीं करता था।

यदि कोई विरोध करता भी था तो काले उसे पीटकर मरणासन्न कर देता था। दो दशकों से क्षेत्र में उसका आतंक था। मूलरूप से कासगंज के ढाई गांव में रहने वाला मो. हसन अपने परिवार के साथ दशकों पूर्व गंगाघाट क्षेत्र के गोताखोर मोहल्ले में रहने पहुंचा था। जहां झोपड़ी बनाकर वह परिवार के साथ रहने लगा। उसका बड़ा बेटा काले खान क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम करने के लिये 20 साल पहले क्षेत्र के कुछ युवकों को अपने साथ लेकर गैंग बना लिया। जिसके बाद घोड़े में बैठकर गंगा की रेती व आसपास होने वाले जुआ की फड़ पर जाकर लूटपाट शुरू की। इस दौरान कई बार विवाद भी हुआ। वर्ष-2013 में कोतवाली में तैनात एक दरोगा को उसने उठाकर पटक दिया। जिससे दरोगा का हाथ टूट गया। पुलिस ने उसके विरुद्ध गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर समेत 15 गंभीर धाराओं में मामले दर्ज किये, लेकिन उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं की जिस वजह से वह बड़े-बड़े अपराध करता चला गया। बीते दिनों उसने क्षेत्र के किसान नेता की जय श्री राम का नारा लगाने पर हत्या कर दी।

### दहशत के साये में मृतक का परिवार

भाकियू नेता विनोद की हत्या में काले खां के घर की महिलाएं भी शामिल थी। वह भी घर की छत से ईंट पत्थर चला रही थी। पुलिस ने आश्वासन दिया था कि उन पर भी कार्यवाही की जायेगी लेकिन चार दिन बीतने के बाद अभी तक किसी भी महिला की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इतना ही नहीं मृतक विनोद के साले को काले खा के करीबी धमकी भी दे रहे हैं। जिससे परिवार के सदस्यों में दहशत है। मोहल्ले वालों की माने तो पुलिस सुरक्षा हटते ही फिर कोई घटना हो सकती है। इसके अलावा जिस समय काले खां भाई को कमरे में बंद कर पीट रहा था, उस समय पत्नी प्रीती व अन्य महिलाएं थाने पहुंचकर पुलिस से घटना पर पहुंचने की गुहार लगाती रही लेकिन पुलिस प्रार्थनापत्र लिखकर शिकायत करने की बात कहती रही। इस दौरान विनोद की हत्या हो गई। ऐसे पुलिस कर्मियों पर भी अब तक कार्यवाही नहीं हुई है।

# एग्रीमेंट बताकर 5 हजार में कराया जमीन का बैनामा

**हैदरगढ़, बाराबंकी अमृत विचार :** एग्रीमेंट बताकर एक अशिक्षित किसान से मात्र पांच हजार रुपए में उसकी भूमि का बैनामा करा लेने का मामला प्रकाश में आया है।

कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के रुकनुद्दीनपुर गांव निवासी आनंद कुमार सिंह ने यह आरोप लगाते हुए बताया कि रुकनुद्दीनपुर गांव में ही उसके पास दस बिस्वा भूमि है।यही भूमि उसकी जीविका का साधन है। पीड़ित ने बताया कि उसे किसी कार्यवश अचानक पांच हजार रुपए की आवश्यकता पड़ गई। उसके पड़ोस के बेहटा गांव निवासी दीनानाथ मिश्रा ने पांच हजार रुपए देकर भूमि कि एग्रीमेंट करने की बात की। दोनों में यह तय हुआ था कि पीड़ित जब उधार ली गयी धनराशि लौटा देगा तो एग्रीमेंट निरस्त करा दिया जाएगा। इसके बाद बीती 12 जनवरी को दोनों पक्षों में उपनिबंधक कार्यालय हैदरगढ़ में इस मामले की लिखापढ़ी करायी। पीड़ित किसान ने बताया कि मंगलवार की सुबह गांव में उसे पता चला कि उसकी भूमि का एग्रीमेंट के बहाने बैनामा करा लिया गया है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री को मिलने वाले उपहारों की होगी नीलामी

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पदचिह्नों पर चलने के प्रयास में लगे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनकी तरह एक अभिनव पहल शुरू करने का निश्चय किया है। धामी को विभिन्न कार्यक्रमों में मिलने वाले उपहारों की अब सार्वजनिक नीलामी होगी। जिससे प्राप्त धनराशि राज्य के जनहितकारी कार्यों में व्यय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अपने सचिव और गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय को बुधवार निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रमों में उन्हें, जो विभिन्न उपहार मिलते हैं, उनका मूल्यांकन कर, नीलामी की जाए और इससे मिलने वाली रकम को जनहित के कार्यों में प्रयोग किया जाए।

### हल्द्वानी में रिश्वत लेते धरा आरपीएफ दरोगा

**हल्द्वानी।** देहरादून से आई सीबीआई की टीम ने बुधवार को हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर छापा मारकर आरपीएफ के चौकी प्रभारी को टैक्सी चालक से दो हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में हिरासत में ले लिया। करीब 6 घंटे तक आरपीएफ चौकी में पूछताछ के बाद टीम आरोपी को देहरादून ले गई, जहां गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। आजादनगर लाइन नंबर 17 बनभूलपुरा निवासी टैक्सी चालक इरशाद पुत्र जमील ने सीबीआई देहरादून से शिकायत की थी।

### साइबर ठगी के शिकार लोगों के खातों में वापस कराए 85 हजार

**टनकपुर।** जनपद चम्पावत के विभिन्न क्षेत्रों में साइबर ठगों ने तीन लोगों से 85 हजार की ऑनलाइन ठगी की। साइबर सेल चम्पावत की ओर से सूचना मिलते ही आवेदक से लेनदेन का पूर्ण विवरण प्राप्त कर सम्बन्धित यूपीआई तथा बैंक नोडल से सम्पर्क कर आवेदक के खाते से निकाली गयी धनराशि को आवेदको के खातो में वापस करा दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विजय कुमार निवासी टनकपुर को अज्ञात व्यक्ति ने आर्मी का अफसर बनकर लोहे का गेट बनाने के नाम पर खाते से 60 हजार रुपये की धनराशी की ठगी की गयी थी।

# दूर होगा बिजली संकट, सीएम ने मांगा कोल ब्लॉक आवंटन

संवाददाता, देहरादून

- राज्य में प्रस्तावित है पिट-हेड थर्मल पावर प्लांट की स्थापना
- 125 मिलियन टन भंडारण क्षमता का हो कोल ब्लॉक

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने न्यूनतम 1000 मेगावाट के पिट-हेड थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने के लिए उत्तराखंड राज्य को करीब 125 मिलियन टन भंडारण क्षमता के कोल ब्लॉक का आवंटन प्राथमिकता पर करने का केंद्र से अनुरोध किया है।

बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी से भेंट में मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकूल औद्योगिक नीति के कारण राज्य में द्रुत गति से औद्योगिक विकास हुआ है, जिसके फलस्वरूप विद्युत की मांग में निरन्तर वृद्धि हुई है। सर्दियों के मौसम में बिजली की कमी गंभीर हो जाती है क्योंकि ठंडे तापमान के कारण नदियों में पानी का बहाव कम हो जाता है। राज्य में बिजली की मांग प्रतिवर्ष 4 से 5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और लीन सीजन की अवधि में प्रतिदिन लगभग 4 से 5 मिलियन यूनिट की औसत कमी होती है। औद्योगिकीरण बढ़ने के कारण आने वाले वर्षों में विद्युत की मांग और बढ़ने की सम्भावना है।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह से वार्ता करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### संयुक्त उपक्रम हो चुका है गठित

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय की संस्तुति के दृष्टिगत राज्य में विद्युत परियोजनाओं का तेजी से विकास करने के लिए उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) और टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (टीएचडीसी) इंडिया लि. के बीच एक संयुक्त उपक्रम (टीएचडीसीआईएल-यूजेवीएनएल एनर्जी कंपनी लि.) का गठन किया गया है। टीएचडीसी की तापीय विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में भी अनुभव को ध्यान में रखते हुए राज्य की विद्युत मांग की आपूर्ति हेतु इस नए संयुक्त उपक्रम के माध्यम से एक पिट-हेड थर्मल पावर प्लांट स्थापित करना प्रस्तावित है। उत्तराखंड उन कुछ राज्य में से एक है, जहां कोई भी थर्मल पावर स्टेशन संचालित नहीं है। मुख्यमंत्री के अनुरोध पर केंद्रीय मंत्री ने यथासंभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

# उत्तराखंड से निकलेगा विश्व को भूस्खलन से बचाने का रास्ता

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** हिमालय विश्व के सबसे नए एवं ऊंचे पर्वतों में से एक है और भूस्खलन की दृष्टि से हिमालय के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में उत्तराखंड है। ऐसे में यहां भूस्खलन से सम्बन्धित शोध, अध्ययन के साथ ही उपचार के लिए बना डेडीकेटेड सेंटर अब विश्वस्तरीय बनेगा ताकि राज्य के साथ ही देश और अन्य देशों, जो कि भूस्खलन जैसी आपदा से ग्रस्त हैं, उन्हें तकनीकी सहायता मिल सके।

मुख्य सचिव (सीएस) डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में उत्तराखंड लैंडस्लाइड मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर (यूएलएमएमसी) के अगले 5 सालों की कार्ययोजना पर वैज्ञानिकों और यूएलएमएमसी के अधिकारियों के साथ चर्चा कर इसका खाका खींचा।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यों से जुड़े विश्व के अन्य संस्थानों के साथ सहभागिता कर अपनी-अपनी तकनीक और शोध डाटा का आदान-प्रदान कर भूस्खलन न्यूनीकरण और प्रबंधन की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। साथ ही, वानिकी अनुसंधान संस्थान (एफआरआई), वन विभाग और यूएलएमएमसी के बीच आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया जाए ताकि एफआरआई के सहयोग से ऐसे पौधों की प्रजातियों के उगाने में सहयोग लिया जा सके, जो भूस्खलन रोकने में सक्षम हैं।

सचिवालय में बैठक करते मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु। ● अमृत विचार

- भूस्खलन के शोध व उपचार को विश्वस्तरीय डेडीकेटेड सेंटर बनेगा

### इन्टर्नशिप का रखें प्राविधान

सीएस ने कहा कि भूस्खलन की शिक्षा और शोध कार्यों से जुड़े संस्थानों के छात्रों को अपने संस्थान में इन्टर्नशिप का प्राविधान रखा जाए। उन्होंने सेंटर द्वारा किए गए अध्ययनों का डाटा पोर्टल के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ओपन सोर्स में रखे जाने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी इससे अपनी आवश्यकता के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सके।

### शीर्ष वैश्विक संस्थानों के साथ एमओयू

मुख्य सचिव ने कहा कि विश्व के टॉप लेवल के ऐसे संस्थान, जो पहले से इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, उनके साथ शीघ्र से शीघ्र एमओयू किए जाएं। जो संस्थान ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं, उनके साथ प्राथमिकता के आधार पर सहयोग लिया जाए। यूएलएमएमसी ने जो अभी तक के अध्ययन किए हैं, उनका डिजीटल मैप तैयार किया जाए। अगले 5 वर्षों की योजना के प्रत्येक एक्टिविटी की टाइम लाइन निर्धारित कर तय समय में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए।

## खेल-खेल में खौलते पानी की बाल्टी में गिरा बच्चा, हुई मौत

**हल्द्वानी।** खेल-खेल में तीन साल का बच्चा पानी की खौलती बाल्टी में गिरकर बुरी तरह झुलस गया। उसे फौरन ही बेस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

मूलरूप से पाटी चम्पावत निवासी लाल सिंह पाटनी दिल्ली स्थित एक बेकरी में काम करता है। जबकि पत्नी नीतू अपने बच्चों बबली (11वर्ष), लक्की (10वर्ष) और तनुज (3वर्ष) के साथ लाखनमंडी चोरगलिया में किराए के मकान में रहती है। लाल सिंह ने बताया कि बीते मंगलवार को पत्नी नीतू ने बर्तन धुलना था। पानी बेहद ठंडा होने की वजह से उसने बर्तन धुलने के लिए बाल्टी में इमर्शन रॉड लगाई थी। जिसके बाद वह दूसरे कामों में व्यस्त हो गई। इसी बीच खेलते-खेलते तनुज बाल्टी के पास पहुंच गया और उसी में गिर गया।

खौलते पानी में गिरते ही वह तेज आवाज में रोने लगा। आवाज सुनकर दौड़ी नीतू ने बच्चे को देखा तो उसके होश फाख्ता हो गए। आनन-फानन में उसने बच्चे को बाल्टी से निकाला और ऊपरी तल में रहने वाले भाई को सूचना दी।

# स्वास्थ्य विभाग में 11 हजार नियुक्तियां

संवाददाता, चम्पावत

- स्वास्थ्य मंत्री ने सौंपे 58 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र
- 10 हजार शिक्षकों की नियुक्ति करने की चल रही कवायद

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही नर्सिंग, वार्ड ब्वॉय, तकनीशियन सहित विभिन्न पदों पर 11 हजार से अधिक नियुक्तियां की जाएंगी। अभी प्रदेश में लगभग 3 हजार अभ्यर्थियों को नर्सिंग अधिकारियों के पद पर नियुक्ति दी जा रही है और इसमें विशेष बात यह है कि सभी नियुक्त अधिकारी उत्तराखंड के मूल निवासी हैं।

यह बात चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को चम्पावत के राजकीय ऑडिटोरियम में आयोजित रोजगार नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कही। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने 58 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कल्पना के अनुरूप चम्पावत जनपद को आदर्श जनपद बनाने के लिए राज्य सरकार स्थानीय निवासियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है।

जिसके अनुरूप चम्पावत में 111 डॉक्टरों के सापेक्ष 113 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। चिकित्सा के साथ ही शैक्षिक क्षेत्र पर भी सरकार का फोकस है। अध्यापकों की कमी पूरी करने के लिए प्रदेश में 10 हजार अध्यापकों की नियुक्ति करने की भी कवायद चल रही है।

नियुक्ति पत्र प्रदान करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

### जलौनी लकड़ी की तलाश में निकली महिलाओं पर हमलावर हुआ गुलदार

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे गांवों में गुलदार आंतक का पर्याय बन चुका है। गांव के समीप जलौनी लकड़ी लेने पहुंची दो महिलाओं पर गुलदार हमलावर हो गया। महिलाओं ने बामुश्किल भाग कर जान बचाई। हो हल्ला होने से बडा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने बयेडी गांव के समीप पिंजरा लगा गुलदार के बढ़ते आंतकी से निजात दिलाए जाने की मांग वन विभाग से की है।

गांवो में गुलदार का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा। आए दिन मवेशियों को निवाला बनाए जाने से गांवों में पशुपालन का कार्य भी चौपट होने के कगार पर पहुंच चुका है। वहीं अब गुलदार इंसानों पर भी हमलावर होने लगे हैं काकड़ीघाट क्षेत्र में सड़का गांव के युवक को मार डालने के बाद से दहशत का माहौल बना हुआ है। बयेडी.गांव की मंजू व लीला देवी गांव के समीप ही जलौनी लकड़ी इकट्ठा कर रही थी की तभी घात लगाए गुलदार ने महिलाओं पर हमला बोल दिया। गनीमत रही की महिलाएं गुलदार के हमले से बाल बाल बच गई। दो गांव की और दौड़ी ग्रामीणों ने भी हो हल्ला मचाया तो गुलदार जंगल की ओर भाग गया। घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

## विविध

# व्यस्त सड़क पर दूल्हे को महंगी पड़ी ऊंट की सवारी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

कन्नूर (केरल) एजेंसी

ऊंट पर सवार दूल्हे और उसके साथ जा रहे 25 लोगों के कारण उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में व्यस्त सड़क पर जाम लग गया, जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने उनके खिलाफ यातायात में व्यवधान पैदा करने का मामला दर्ज किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वलपट्टनम के मूल निवासी दूल्हे रिसवान और उसके साथियों पर इस सप्ताह की शुरुआत में अपने विवाह स्थल पर ऊंट के साथ यात्रा के बाद चक्करक्कल पुलिस ने मामला दर्ज किया। पटाखे फोड़ने और बैंड बाजा बजाये जाने के साथ ऊंट पर यात्रा के कारण व्यस्त सड़क पर यातायात जाम हो गया। इस वजह से हवाई अड्डे की ओर जाने वाले वाहन और एक एम्बुलेंस फंस गए। स्थानीय लोगों की शिकायतों पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात में व्यवधान पैदा करने वालों को वहां से हटाया। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद दूल्हा समेत 26 लोगों के खिलाफ गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने और यातायात में व्यवधान के आरोप में मामला दर्ज किया गया। ऊंट की सवारी के दृश्य विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आए हैं।

# जिंदा रहते हुए 700 लोगों को दावत दे मनायी तेरहवीं, दो दिन बाद मौत

संवाददाता, एटा

- अविवाहित थे 55 वर्षीय मुंशीनगर के हाकिम
- उन्हें लगा कि मरने के बाद भाई या भतीजे नहीं करेंगे सभी संस्कार

**अमृत विचार :** जिंदा रहते हुए 55 वर्षीय मुंशीनगर के हाकिम ने आधा बीघा जमीन बेचकर गांव के 700 लोगों को दावत देकर पहले अपनी तेरहवीं का कार्यक्रम कराया, उसके बाद पिंडदान भी किया लेकिन यह कार्यक्रम कराने के दो दिन बाद उनकी मौत हो गई। तेरहवीं मनाने के दौरान कुछ लोगों ने हाकिम से पूछा, तब उन्होंने तर्क दिया कि वह अविवाहित हैं। मरने के बाद कहीं परिवार के अन्य लोगों ने तेरहवीं समेत अन्य संस्कार किए या नहीं, इसलिए उन्होंने पहले ही तेरहवीं मना ली। हाकिम की अचानक मौत ने ग्रामीणों को सकते में डाल दिया है। वह एक दुकान में मृत मिले थे। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

सकीट क्षेत्र के मोहल्ला मुंशीनगर निवासी हाकिम सिंह (55) वहीं के दयाराम सिंह फौजी की दुकानों में रहते थे। दो दिन पहले उन्होंने आधा बीघा जमीन बेची थी। उस धनराशि से गांव में भव्य कार्यक्रम किया और जिंदा रहते हुए अपना तेरहवीं संस्कार किया। जिसमें करीब 700 लोगों को भोजन कराया था। तेरहवीं संस्कार के दौरान उन्होंने अपना पिंडदान भी किया। हाकिम सिंह का कहना था कि उन्होंने शादी नहीं की थी। इसलिए संतान नहीं है। परिवार में जो लोग हैं, उन पर उन्हें भरोसा नहीं है। मरने के बाद परिवार के लोग उनकी तेरहवीं करेंगे या नहीं, इसलिए उन्होंने जीते तेरहवीं संस्कार कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक रोज की तरह हाकिम मंगलवार की रात दुकानों में को सोए थे, लेकिन बुधवार की सुबह नहीं उठे। लोगों ने जाकर देखा तो चारपाई पर हाकिम मृत अवस्था में मिले। इसकी जानकारी होने पर लोग एकत्र हो गए। इसका पता लगने पर उनके भाई-भतीजे भी वहां पहुंच गए और बिना पुलिस को सूचना दिए शव अपने घर पर ले गए। परिवार के लोग अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमृतसर में गुरु गोबिंद सिंह की जयंती के अवसर पर भक्तों ने स्वर्ण मंदिर में दीये जलाए। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने सिख धर्म के लिए कई नियम बनाए, जिसका पालन आज भी किया जाता है। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को गुरु के रूप में स्थापित किया किया और सामाजिक समानता का पुरजोर समर्थन किया। (फोटो : एजेंसी)

# बीसीआई ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन छुट्टी का किया अनुरोध

नयी दिल्ली, एजेंसी

**प्रधान न्यायाधीश को लिखा पत्र**

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर देश भर की सभी अदालतों में छुट्टी घोषित करने का अनुरोध किया है।

बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा द्वारा लिखे गए पत्र में आयोजन के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। पत्र में कहा गया है कि छुट्टी के कारण कानूनी बिरादरी के सदस्यों और अदालत के कर्मचारियों को अयोध्या और अन्यत्र संबंधित समारोहों में भाग लेने का मौका मिलेगा। प्रधान न्यायाधीश को पत्र में लिखा गया है कि यह आयोजन देश भर के लाखों लोगों के लिए अत्यधिक धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। पत्र में कहा गया, इस आयोजन के धार्मिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के आलोक में, मैं आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि 22 जनवरी 2024 को पूरे भारत में उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, जिला अदालतों और अन्य अदालतों में छुट्टी घोषित करने पर विचार करें।

## आज कानून से ऊपर कोई नहीं है : उपराष्ट्रपति

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कुछ लोग समझते हैं कि वह कानून से ऊपर हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठान लिया है कि देश में प्रजातांत्रिक मूल्यों का राज रहेगा और कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश की तरक्की देखकर कुछ लोगों का 'हाजमा' गड़बड़ा गया है। राजस्थान के टोंक जिले के निवाई स्थित वनस्थली विद्यापीठ के 40वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, यदि कुछ लोग समझते हैं कि वे कानून से ऊपर हैं, जब कोई अपने आप को कानून से ऊपर समझता है तो बाकी लोग हताश हो जाते हैं कि ये हमसे अलग क्यों हैं। हमारे बराबर क्यों नहीं है? उन्होंने कहा, "प्रजातांत्रिक व्यवस्था में तो सभी बराबर होते हैं। सभी को कानून के सामने हिसाब देना होता है।

# अयोध्या नहीं जाएंगे लालू, सीट बंटवारे को लेकर कोई जल्दी नहीं

पटना, एजेंसी

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के बीच सीट बंटवारा जल्द करने के जनत दल-यूनाइटेड (जदयू) के आग्रह के प्रति बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने असहमति जताई। सीट बंटवारे में देरी के सवाल पर उन्होंने कहा कि चीजें इतनी जल्दी नहीं होतीं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जदयू के अध्यक्ष हैं। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि उनकी अयोध्या जाने की इच्छा नहीं है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में अगले सप्ताह राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह का आयोजन निर्धारित है। लालू प्रसाद ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा के तत्कालीन कद्दावर नेता लाल कृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार करवाकर 'राम रथ यात्रा' को रास्ते में ही रोक दिया था।

### प्रकाश आंबेडकर ने राम मंदिर कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकराया

मुंबई। वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने 22 जनवरी को अयोध्या में नए राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राम मंदिर ट्रस्ट के निमंत्रण को बुधवार को अस्वीकार कर दिया। ट्रस्ट को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि इस आयोजन को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने हथिया लिया है।

## प्रधानमंत्री फिर करेंगे दक्षिणी राज्यों का दौरा

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक महीने में तीसरी बार दक्षिणी राज्यों का दौरा करेंगे और अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से पहले महाराष्ट्र भी जाएंगे। इस यात्रा के दौरान वह हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास के साथ ही कई कार्यक्रमों की शुरुआत भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी। पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया है, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 जनवरी को महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु का दौरा करेंगे।" बयान में कहा गया है कि वह सुबह लगभग 10:45 बजे महाराष्ट्र के सोलापुर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे।

# नक्सली शिविर को किया ध्वस्त, चार गिरफ्तार

कांकेर, एजेंसी

**अभियान 'सूर्य-शक्ति'**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर, नारायणपुर तथा पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिले में सुरक्षाबलों ने अभियान 'सूर्य-शक्ति' चलाकर नक्सली शिविरों को ध्वस्त कर दिया तथा चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि माड़ एवं उत्तर बस्तर मंडल के माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर तथा महाराष्ट्र के गडचिरोली जिले के सीमावर्ती क्षेत्र के उरचापाल, परैधी, पांगुर, टेकामेटा, मुसपर्से, कुकुर आदि गांवों के जंगल में 12 से 16 जनवरी के दौरान अभियान 'सूर्य-शक्ति' चलाया गया। उनके मुताबिक, इस अभियान में एसटीएफ, कांकेर डीआरजी, सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कई स्थानों पर पुलिस की नक्सली के साथ मुठभेड़ हुई और सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में नक्सलियों द्वारा फेंके गए सामान को बरामद किया। इस अभियान में नक्सलियों के लिए बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) बनाने के कारखाने को ध्वस्त किया गया तथा कारखाने से ड्रिलिंग मशीन व पंचिंग मशीन आदि बरामद की गई।

## दिव्या पाहूजा की हत्या में इस्तेमाल की गयी पिस्तौल बरामद

**गुरूग्राम।** गुरूग्राम में एक होटल के कमरे में पूर्व मॉडल दिव्या आहूजा की गोली मारकर हत्या करने में इस्तेमाल की गयी पिस्तौल को बुधवार को 'ओल्ड दिल्ली रोड' से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि गुरूग्राम नगर निगम के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाये जाने के बाद यह पिस्तौल बरामद हुई। दिव्या का शव हरियाणा के फतेहाबाद जिले में एक नहर से 13 जनवरी को बरामद किया गया था। उससे 11 दिन पहले यहां होटल 'सिटी प्वाइंट' में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

# कांग्रेस से हमारा विवाद खत्म : अखिलेश

**कहा- 'इंडिया' के घटकों के बीच सीट बंटवारे की बातचीत में नहीं होगी कोई गड़बड़ी**

जबलपुर, एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को विश्वास जताया कि विपक्ष दलों के गठबंधन 'इंडिया' के घटकों के बीच सीट बंटवारे की बातचीत में कोई गड़बड़ी नहीं होगी। यादव ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय उनकी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुआ विवाद अब अतीत की बात है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने निजी यात्रा के दौरान यहां पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत करेगी।

उन्होंने कहा, कांग्रेस और सपा के बीच आज इस बात पर चर्चा हुई कि 'इंडिया' गठबंधन में कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। मुझे विश्वास है कि सीटों का बंटवारा उचित होगा। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और हमारे सहयोगी मिलकर उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराएंगे। मध्य प्रदेश में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस व सपा के बीच समझौता नहीं हो पाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, वह खत्म हो गया है। यह पुरानी बात है और हमें इस पर चर्चा नहीं करनी चाहिए। हम आगे बढ़ रहे हैं और आगे की सोच रहे हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के नतीजे (जिसमें भाजपा ने कांग्रेस को हराकर सत्ता बरकरार रखी) अप्रत्याशित थे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह बसपा सुप्रीमो मायावती से नाराज हैं, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं किसी व्यक्ति से नाराज नहीं हूं।उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा यह है कि "पीडीए" (पिछड़ा, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग) को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, "सच्चा 'राम राज्य' तभी आएगा जब पीडीए के लोगों का सम्मान किया जाएगा।

## आप पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटें जीतेगी

**नयी दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटें जीतेगी। हालांकि उनकी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन के बारे में उन्होंने सीधा जवाब नहीं दिया। पत्रकारों ने मान से यहां जब पूछा कि क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आप और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था के पक्ष में हैं। इस पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया, लेकिन दावा किया कि उनकी पार्टी पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा, ''मैंने कई बार कहा है कि पंजाब नायक बनकर उभरेगा और आप सभी 13 (लोकसभा) सीटें जीतेगी।

## एक नजर

### रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में प्रोटोकॉल राइटिंग और एथिक्स पर वर्कशॉप

**बरेली।** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में बुधवार को प्रोटोकॉल राइटिंग एवं एथिक्स के संबंध में वर्कशॉप का आयोजन हुआ। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. शरद सेठ और वक्ताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। एथिक्स कमेटी और वरिष्ठ चिकित्सकों ने 2023 के पीजी बैच को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर थीसिस लेखन एवं एथिक्स पर व्याख्यान दिए। एथिक्स कमेटी के सदस्य एवं सचिव डॉ. पीसी श्रीवास्तव, वरिष्ठ आर्थोपेडिक्स एवं स्पाइन सर्जन डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. नितेश मोहन, डॉ. निहारिका अरोड़ा, डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. शालिनी चन्द्रा, डॉ. रश्मि कत्याल, डॉ. शोभा मुखर्जी, डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने वक्ताओं के रूप में भाग लिया। इस दौरान मरीजों की देखभाल संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला गया। डॉ. मंजुल मोहन, डॉ. रुबीना शकील, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. मोहिद रजा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि मौजूद रहे।

### तालाब में ट्रक पलटने से चालक की दबकर मौत

**मंडी धनौरा(अमरोहा)।** थाना क्षेत्र के गांव चुचैला कला में सड़क किनारे तालाब में ट्रक पलटने से चालक उसके नीचे दब गया। ग्रामीणों ने किसी तरह चालक को तालाब से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

बिजनौर के चांदपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव हीमपुर निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ पप्पू 55 वर्ष पुत्र वहीद सिद्दीकी ट्रक चलाता था। मोहम्मद अहमद की गांव में मरहूम खुदाबख्श के यहां ससुराल थी। बुधवार को सुबह लगभग 10 बजे वह ट्रक लेकर ससुराल आया था। कुछ देर रुकने के बाद वापस ट्रक लेकर घर लौट रहा था। तालाब किनारे ट्रक पीछे करते वक्त अचानक ट्रक तालाब में पलट गया।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद मामले में न्यायमित्र नियुक्त

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष ने 16 जनवरी को पारित सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि उच्च न्यायालय के समक्ष कार्यवाही जारी रहेगी। हालांकि सुनवाई की अगली तारीख तक आयोग का निष्पादन नहीं किया जाएगा।

हाईकोर्ट के समक्ष मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं को समेकित कर दिया गया है और श्री कृष्ण विराजमान कटरा केशव देव को मूल वाद बनाया गया है। संबंधित मुकदमों से जुड़े कई आवेदन विचार के लिए लंबित हैं, जिस कारण कोर्ट ने न्यायालय की सहायता के लिए न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) की आवश्यकता महसूस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल को न्यायमित्र के रूप में नियुक्त किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने दिया। वर्तमान सुनवाई के दौरान वादी के अधिवक्ता आशुतोष पांडेय ने कोर्ट को बताया कि वर्तमान कार्यवाही में हिस्सा न लेने के लिए उन्हें बार-बार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सबूत के तौर पर उन्होंने एक पेन ड्राइव भी संलग्न किया, साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा को उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश देने की मांग की है। इस पर कोर्ट ने उन्हें अपनी शिकायत के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने सीपीसी की धारा 151 के साथ पठित आदेश XXVI नियम 9 और 10 के तहत रेवेन्यू सर्वे के लिए एक अर्जी दाखिल की है। जबकि मुस्लिम पक्ष की ओर से पुनर्विचार अर्जी दाखिल कर विवाद से जुड़े मामलों की एक साथ सुनवाई करने के आदेश पर आपत्ति उठाते हुए पुनर्विचार करने की मांग की गई है। कोर्ट द्वारा अर्जियों पर पक्षकारों को आपत्ति दाखिल करने का समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को दोपहर 2 बजे सुनिश्चित की गई है।

### कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में सुनवाई टली

**प्रयागराज।** मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को सुनवाई टाल दी और इस मामले की पोषणीयता को लेकर मुस्लिम पक्ष की ओर से दाखिल आवेदन पर जवाब देने के लिए हिंदू पक्ष को समय दिया है। इस मामले में बुधवार को जब सुनवाई शुरू हुई, तो अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर, 2023 के आदेश पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाने के आदेश की प्रति इस अदालत में पेश की गई। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने कहा कि वाद की पोषणीयता के संबंध में एक आवेदन दाखिल किया जाना है। अदालत ने कहा कि एक औपचारिक आदेश उनके चैंबर में दाखिल किया जाना है जिसमें सुनवाई की अगली तारीख तय की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 14 दिसंबर, 2023 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए अदालत की निगरानी में अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति करने की मांग वाली अर्जी स्वीकार कर ली थी। इससे पूर्व, अदालत ने इस विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को समेकित करने का निर्देश दिया था। अदालत ने कहा था कि इन मुकदमों की प्रकृति एक समान है।

# प्रेमी के घर के बाहर धरने पर बैठी प्रेमिका, शादी की जिद पर अड़ी

## प्रेमी ने नहीं उठाया युवती का फोन तो रात में ही उसके घर पहुंची

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पुलिस ने मामले में प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

**अमृत विचार :** कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान रजबपुर की रहने वाली युवती को युवक ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का झांसा दिया। लेकिन बाद में प्रेमी मुकर गया। जिससे नाराज प्रेमिका मंगलवार रात प्रेमी के घर पहुंच गई और हंगामा किया। पुलिस ने मामले में प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रेमिका के हंगामे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह प्रेमी पर जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगा रही है।

थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव निवासी युवती जोया स्थित कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। इसी कोचिंग सेंटर में डिडौली का रहने वाला युवक अरुण चिकारा भी पढ़ता है। युवती का आरोप है कि अरुण ने नजदीकी बढ़ाते हुए पहले उसके साथ दोस्ती की और फिर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। बताया कि वह दोनों एक ही जाति है। शादी करने का वादा भी कर लिया। लगभग एक साल तक युवती के करीब रहने के बाद बीते लगभग एक महीने से अरूण ने उससे बात करना बंद कर दिया है उसे नजर अंदाज कर रहा है। पिछले एक सप्ताह से अरुण ने उससे बात करनी बंद कर दी है और उसका फोन भी नहीं उठा रहा था। प्रेमिका ने मैसेज भी किए, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। प्रेमी की अनदेखी से नाराज युवती मंगलवार रात उसके घर पहुंच गई। युवती को देख प्रेमी के परिजनों ने अंदर से घर का दरवाजा बंद कर लिया तो युवती ने वहीं बैठकर हंगामा शुरू कर दिया। वह जिंदगी बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए प्रेमी संग शादी की जिद पर अड़ गई। हंगामा होते देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। इसी बीच भीड़ में शामिल किसी शख्स ने मोबाइल से युवती का वीडियो बना लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, युवती को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। बाद में पुलिस ने युवती के परिजनों को भी मौके पर बुला लिया और युवती को समझाकर कोतवाली लेकर पहुंचे। छात्रा ने प्रेमी के परिजनों पर मारपीट करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने उपचार के लिए युवती को जोया सीएचसी भेज दिया। वहीं प्रेमी व उसके परिजन गांव से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया युवती की तहरीर पर डिडौली निवासी अरूण चिकारा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इस मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संपत्ति की नीलामी से पहले ऋणी को नोटिस जारी करना आवश्यक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बैंक द्वारा ऋण वसूली मामले में कहा कि लोन वसूली में संपत्ति की नीलामी से पहले ऋणी को भुगतान करने का विकल्प दिया जाना चाहिए। नीलामी की पूर्व सूचना दिया जाना अनिवार्य है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिज़वी की खंडपीठ ने प्रयागराज की शार्प इंडस्ट्रीज की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया है। दरअसल बैंक ऑफ महाराष्ट्र से लिए गए ऋण के भुगतान में याची ने चूक कर दी, जिस पर सरफेसी एक्ट की धारा 13 (2) के तहत संपत्ति की नीलामी के लिए याची को दो नोटिस जारी की गई। इसके खिलाफ याची द्वारा दाखिल अर्जी पर सक्षम न्यायाधिकरण ने नीलामी की कार्यवाही को रद्द कर दिया। न्यायाधिकरण के इस आदेश को बैंक द्वारा चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने न्यायाधिकरण के आदेश को सही नहीं माना और रद्द करते हुए कहा कि याची को नीलामी की सूचना पहले से ही थी। याची ने एकलपीठ के आदेश को खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी और कोर्ट को बताया कि उसका पता बदल गया था। उसने प्रतिवादी बैंक को इसकी सूचना ई-मेल से भेज दी थी। इसके बावजूद बैंक द्वारा उसके पुराने पते पर ही नोटिस जारी की गई। फलस्वरूप उसे संपत्ति की नीलामी की सूचना नहीं मिल सकी। अतः कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए याची को ऋण राशि के भुगतान के लिए एक महीने का समय दिया।

### अयोध्या के लिए ट्रायल पर चलाई बसों को नहीं मिले यात्री

**बरेली।** अयोध्या के लिए ट्रायल के तौर पर चलाई गई रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या बेहद कम रही रही है। इसका कारण भीषण ठंड माना जा रहा है। बहरहाल गुरुवार को सेटेलाइट बस अड्डे पर कैंट विधायक अयोध्या जाने वाली बसों को विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रदेश के सभी रीजन से अयोध्या तक बसों का संचालन करने की व्यवस्था की गई है। बरेली रीजन से तीन दिन तक ट्रायल के तौर पर बसों का संचालन किया गया। इन बसों में यात्रियों की संख्या काफी कम रही। माना जा रहा है कि ठंड के कारण यात्री पर्याप्त संख्या में नहीं मिले। प्राणप्रतिष्ठा का दिन नजदीक आ रहा है तो यात्री बढ़ेंगे।

# भड़काऊ भाषण मामले में 23 को आएगा फैसला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- आजम खां की सजा की अपील पर दोनों पक्षों की बहस पूरी

**अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के भड़काऊ भाषण मामले में सजा पर अपील को लेकर बुधवार को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस पूरी हो गई। अब इस मामले में 23 जनवरी को फैसला आएगा। हालांकि आजम खां इस समय दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में सीतापुर जेल में सजा काट रहे हैं।

शहजादनगर थाने में आजम खां के खिलाफ लोकसभा चुनाव के दौरान वर्ष 2019 में नफरती भाषण देने का मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। सुनवाई के बाद एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट ट्रायल ने आजम खां को 15 जुलाई को इस मामले में दोषी ठहराया था। उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। ढाई हजार रुपये का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया था। निचली अदालत के फैसले के खिलाफ आजम खां ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी। इस पर सुनवाई चल रही है। बुधवार को इस मामले में अधिवक्ताओं की बहस पूरी हो गई।

# प्रधानमंत्री समावेशी विकास के बने ग्लोबल ब्रांड

## मोदी सरकार देश की धाक-धमक, विकास-विश्वास और सुशासन-समृद्धि के लिए जरूरी: नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शहर में दीवारों पर किया नारा लेखन कमल के फूल की पेंटिंग बनाई, लोकसभा चुनाव प्रचार पर दिया जोर

दीवार पर कमल का चित्र बनाते पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी।

**अमृत विचार:** शहजादनगर में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुशासन और समावेशी विकास के ग्लोबल ब्रांड बन गए हैं। मोदी सरकार देश की धाक-धमक, विकास-विश्वास, सुशासन-समृद्धि के लिए जरुरी है। हमें फिर इस बार मोदी सरकार के संकल्प को साकार करने के लिए जनता के बीच अपने काम के लेखे जोखे के साथ जाना चाहिए।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी शहजादनगर में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए दीवार लेखन कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने इस बार मोदी सरकार हिंदी और उर्दू में नारा लेखन किया। उन्होंने दीवार पर कमल के फूल की पेंटिंग बनाई। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर भरोसा जताया। दीवार पर लिखा- फिर इस बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि हमारे काम की गिनती और लोगों के विश्वास का गणित फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार को जनादेश देगी। कहा कि मोदी सरकार भारत के सम्मान, सुरक्षा, समृद्धि की गारंटी है। जनता पीएम मोदी की जीत की हैट्रिक की ठान चुकी है। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, अभय गुप्ता, राकेश मिश्रा, ज्वाला प्रसाद गंगवार, कपिल आर्य, जागेश्वर दयाल दीक्षित, मोहनलाल सैनी, चंद्र प्रकाश शर्मा, महासिंह राजपूत, जगपाल यादव, दिलीप अरोड़ा, मोहन लोधी, महेश मौर्या, नरेंद्र गंगवार, दीक्षा गंगवार, टेकचंद गंगवार, देवेंद्र सैनी, भूकन प्रधान, सोनू लोधी आदि उपस्थित रहे।

### अलाव से झोपड़ी में लगी आग, बुजुर्ग महिला की जलकर मौत

**कासगंज।** ढोलना इलाके के गांव रहीमनगर में भीषण ठंड से बचने के लिए 80 वर्षीया बुजुर्ग महिला ने अपनी झोपड़ी में अलाव जलाया तो उस अलाव से उठी चिंगारी ने झोपड़ी में ऐसी आग लगाई कि उसमें जिंदा जलकर बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। एसडीएम ने राजस्व टीम के साथ मौका मुआयना किया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। यह घटना मंगलवार शाम करीब 5 बजे की है। गांव रहीम नगर निवासी 80 वर्षीया दीप कुमारी घर में अकेली चारपाई पर लेटी थीं। उन्होंने ठंड से बचने के लिए झोपड़ी के अंदर ही अलाव जला रखा था। परिवार के अन्य लोग खेत पर गए थे। इसी बीच अलाव से उठी चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई।

### आगरा की जामा मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका

**आगरा।** ताजनगरी आगरा स्थित शाही जामा मस्जिद की सीढ़ियों में केशव देव मंदिर के श्रीकृष्ण विग्रह दबे होने के मामले में बुधवार को मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। मुस्लिम पक्ष की ओर से क्षेत्राधिकार को लेकर दी गई चुनौती को न्यायालय ने खारिज कर दिया। अब इस मामले में अगली सुनवाई दो फरवरी को होगी। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्म भूमि संरक्षित सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज पांडेय ने आगरा की शाही जामा मस्जिद के बारे में वाद दायर किया था। वादी पक्ष का दावा है कि जामा मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे केशवदेव मंदिर के श्रीकृष्ण के विग्रह दबे हैं। श्रीकृष्ण जन्म स्थान, सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ और इंतजामिया कमेटी शाही जामा मस्जिद आदि को प्रतिवादी बनाया गया।

# डोमिसाइल सर्टिफिकेट की गलत जानकारी के आधार पर चयन रद करना अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अधिवास प्रमाण पत्र (डोमिसाइल सर्टिफिकेट) के अस्वीकरण के मामले में कहा कि केवल इस आधार पर चयन और संबंधित प्रमाण पत्र रद नहीं किया जा सकता है कि दस्तावेज चयन के बाद जमा किए गए हैं।

न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेर की एकलपीठ ने पार्वती गुप्ता की याचिका को स्वीकार करते हुए उसकी सेवा नियमित रखने का निर्देश दिया।

दरअसल याची ने अधिवास प्रमाण पत्र चयन के समय न देकर चयन के बाद जमा किया और उक्त प्रमाण पत्र में उसके आवास के बारे में गलत जानकारी पाई गई। याची का विवाह बस्ती जिले में रहने वाले व्यक्ति के साथ हुआ था और प्रमाण पत्र में उसके मायके का पता गांव सेहुड़ा, संत कबीर नगर अंकित था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने बताया कि याची कुछ विवादों के कारण अपने माता-पिता के साथ रह रही थी, इसलिए उसके प्रमाण पत्र में मायके का पता अंकित है। याची उक्त जिले के एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के रूप में नियुक्त थी। एक कथित शिकायत के आधार पर उसके द्वारा 13 दिसंबर 2005 को प्रस्तुत अधिवास प्रमाण पत्र को सत्यापित करने के लिए एक जांच शुरू की गई। इस न्यायालय के पूर्व पारित आदेश के अनुसार जिला कलेक्टर, संत कबीर नगर ने उसके मामले पर विचार किया और माना कि अधिवास प्रमाण पत्र गलत तरीके से जारी किया गया था, साथ ही चयन की प्रक्रिया में भी कुछ विसंगतियों का संकेत मिला, जिसके कारण 27 अक्टूबर 2006 के आदेश द्वारा याची का चयन रद कर दिया गया। उपरोक्त आदेश को वर्तमान याचिका द्वारा चुनौती दी गई, जिसमें एक अंतरिम आदेश पारित कर कोर्ट ने उक्त विवादित आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने यह भी पाया कि याची पिछले 17 वर्षों से कार्यरत है और कोर्ट के अंतरिम आदेश का लाभ उठा रही है, इसलिए उसकी आजीविका को परेशान करना न्याय के हित में नहीं होगा।

## वर्ग पहेली-316

**बाएं से दाएं**

1.1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।

5.1. बादल, मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।

8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक, पनहरा।

10.1. मुद्राचलन, प्रचलित मुद्रा, सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।

11.1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियां या बंद लगे होते थे 2. अंगिया, चोली।

**ऊपर से नीचे**

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।

3. राक्षस, असुर, दानव।

4.1. आंख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आंखें चौंधिया जाती हैं और कभी अंधेरा

6.1. आटे का पतला हलवा, लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।

7.1. समाप्त होना, बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।

9.1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।



### वर्ग पहेली - 315 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 धों | | 2 अ | | 3 थे |
| धा | 4 अ | नु | रा | ग |
| 5 नि | | भ | | ली |
| 6 शि | ला | व | त | |
| | | ही | | 7 म |
| 8 ज् | ञा | न | यो | ग |
| | | ता | | ही |

## सुडोकू-33

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 7 | 5 | | | 4 |
| | | | 1 | | | 8 | | |
| 9 | | | 3 | 8 | | 5 | | 6 |
| | | 6 | | 2 | | | 3 | |
| | 4 | | 8 | | 1 | | 7 | |
| | 5 | | | 9 | | 1 | | |
| 6 | | 1 | | 5 | 8 | | | 9 |
| | | 7 | | | 4 | | | |
| 4 | | | 7 | 3 | | 2 | | |

### सुडोकू - 32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जनवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 20.44 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.55-12.38 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.30-11.13, 14.46-15.29 तक।
दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 19 जनवरी 02.58 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए काफी लाभप्रद सिद्ध होने वाली है। दिखावे के चक्कर में आपका नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज व्यवसाय में हुए नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी प्लानिंग अच्छी तरह से कर लेनी चाहिए। अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रदर्शन से आप नाखुश रहेंगे। धन की उधारी करने से बचना चाहिए।

**मिथुन** — आज सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। यदि किसी इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको शानदार सफलता मिल सकती है। आपका सामाजिक वर्चस्व बढ़ने की संभावना बन रही है। विदेश में रह रहे अप्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

**कर्क** — आज आपको बोलते समय शब्दों पर नियंत्रण रखना चाहिए। अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं। आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**सिंह** — आज आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। धन संबंधित मामलों को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों को धन उधार देने से बचें। अति आत्मविश्वास के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** — आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं, लेकिन आप चतुराई से आप अपना काम निकाल लेंगे। कानूनी विवादों के उलझने की संभावना बन रही है। छात्रों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखने की आवश्यकता है।

**तुला** — आज आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही रहेगी। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर रुके हुए प्रोजेक्ट दोबारा शुरू हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज गलतफहमी को लेकर रिश्तों में अनबन हो सकती है। भावनाओं में बहकर महत्वपूर्ण बातों को सभी के सामने शेयर न करें। कारोबार को लेकर आपको बड़े बदलाव करने से बचना चाहिए। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है।

**धनु** — आज सरकारी जॉब कर रहे लोग छुट्टी के लिए विचार कर सकते हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर मामले अटकने की संभावना है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बाहर आ सकते हैं। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**मकर** — आज घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। किसी दोस्त के घर मिलने जा सकते हैं। सर्वाइकल के दर्द से जूझना पड़ सकता है।

**कुंभ** — आज व्यवसाय में लाभ तो होगा, लेकिन तनाव भी बढ़ेगा। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिये। आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिंता रहेगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**मीन** — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रशंसा होगी। प्रतिद्वंदी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। सीनियर्स से आपको काफी अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
जमाना दीवाना — सुबह : 11.00
मेला — रात : 07.00

**SONY MAX**
क्रिश 3 — सुबह : 10.32
साला खड़ूस — रात : 09.06

**SONY PIX**
जुमांजी — सुबह : 11.06
जर्नी 2 — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
प्रोवोक्ड — सुबह : 10.30
वेलकम बैक — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
भागम भाग — सुबह : 10.00
द रिटर्न ऑफ रेबल — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- सुनो जी, जब हमारी नई-नई शादी हुई थी। तब मैं खाना बनाकर लाती थी तो तुम खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
पत्नी- तो अब ऐसा क्यों नहीं करते हो?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो।

पत्नी- पूजा किया कीजिए
पति- क्यों ?
पत्नी- बालाएं टल जाती हैं।
पति- तुम्हारे पिता ने तो खूब की होगी तभी तो उनकी टल गई और मेरे पल्ले आ पड़ गई।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,500.76 | 21,571.95 |
| नुकसान | 1,628.01 | 460.35 |
| प्रतिशत में | 2.23 | 2.09 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 18 जनवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1175 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# अमीर किसानों पर आयकर लगाने के बारे में सोच सकती है सरकार: आशिमा

## मौद्रिक नीति समिति की सदस्य बोलीं-कराधान ढांचे में निष्पक्षता लाने के लिए है जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा है कि गरीब किसानों के खातों में पैसे भेजकर उनकी देखभाल करने के बाद सरकार कराधान ढांचे में 'निष्पक्षता' लाने के लिए अमीर किसानों पर आयकर लगाने के बारे में सोच सकती है। यह कदम किसानों के हित में लिए जाने के विषय में ही है।

गोयल ने कहा-किसानों को सरकार से धन का हस्तांतरण एक नकारात्मक आयकर की तरह है। इसके साथ ही अमीर किसानों के लिए एक सकारात्मक आयकर लागू किया जा सकता है जो कम कर-दरों और न्यूनतम छूट वाली डेटा-समृद्ध प्रणाली की तरफ बढ़ने का हिस्सा है।'' उन्होंने भारत में कृषि आय पर कर लगाए जाने के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने आर्थिक वृद्धि के लिहाज से गठबंधन सरकारों या एक-दलीय शासन में से बेहतर प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर कहा-वृद्धि दर कई चीजों पर निर्भर करती है, लेकिन किसी सरकार के आकलन में देखना होता है कि उन्हें विरासत में किस तरह की वृद्धि दर मिली और वह देश के लिए क्या छोड़कर गई। कहा-गठबंधन सरकारों को आम सहमति बनाने की दिशा में काम करना होता है जो एक अच्छी बात है।

### आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 7% रहने का अनुमान

**दावोस।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगले वित्त वर्ष 2024-25 में 7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। साथ ही महंगाई में नरमी जारी रहने की उम्मीद है। दास ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकार ने जो संरचनात्मक सुधार किए, उनसे भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम, दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं को बल मिला। चुनौतीपूर्ण वैश्विक व्यापक आर्थिक माहौल के बीच, भारत वृद्धि और स्थिरता की मिसाल पेश कर रहा है। उन्होंने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दौरान 'उच्च वृद्धि, कम जोखिम: भारत की कहानी' विषय पर आयोजित सीआईआई सत्र में कहा कि वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर मुद्रास्फीति में गिरावट हुई है, लेकिन वृद्धि दर कम बनी हुई है। दास ने कहा कि बाजारों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, हालांकि अंतरराष्ट्रीय जोखिम और जलवायु जोखिम बने हुए हैं।

## ओयो ने अयोध्या में 65 होम स्टे, होटल खोले

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन होटल मंच ओयो ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले 65 'होम स्टे' (घरों में ठहरने की व्यवस्था) और होटल खोले हैं। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि शहर में जो होटल खोले गये हैं, उसमें 51 ओयो होम स्टे और 14 होटल शामिल हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के बाद आगंतुकों की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। बयान के अनुसार-सुचारू और समय पर संचालन सुनिश्चित करने के लिए ओयो ने अयोध्या विकास प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के साथ साझेदारी की है। इनका उद्घाटन संयुक्त रूप से उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बी एल संतोष, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया।

## यूपीआई भुगतान के सीमापार विस्तार के लिए गूगल पे ने किया करार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **भारतीय यात्री अब अन्य देशों में भी कर सकेंगे भुगतान**




गूगल इंडिया डिजिटल सर्विसेज और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने यूपीआई भुगतान का भारत के बाहर विस्तार करने के लिए एक समझौता किया है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत भारतीय यात्री अब अन्य देशों में गूगल पे के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। इस सुविधा से नकदी ले जाने या अंतर्राष्ट्रीय भुगतान गेटवे का सहारा लेने की जरूरत खत्म हो जाएगी।

गूगल पे ने बयान में कहा-एमओयू के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं। सबसे पहले, यह भारत के बाहर यात्रियों के लिए यूपीआई भुगतान के उपयोग को व्यापक बनाना चाहता है, जिससे वे विदेश में आसानी से लेनदेन कर सकें। दूसरा, एमओयू का उद्देश्य अन्य देशों में यूपीआई जैसी डिजिटल भुगतान प्रणाली स्थापित करने में सहायता करना है, जो निर्बाध वित्तीय लेनदेन के लिए एक मॉडल प्रदान करेगा। अंत में, यह यूपीआई बुनियादी ढांचे का उपयोग करके देशों के बीच प्रेषण की प्रक्रिया को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे सीमापार वित्तीय लेनदेन सरल हो जाता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,875 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,550-47,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,400 |
| चांदी पक्की | 729 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,650 |
| चांदी आभूषण | 73,250। |

## सहारा से लोगों को 241 करोड़ रुपये वापस मिले: अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सहारा ने अब तक लगभग 2.5 लाख छोटे निवेशकों को 241 करोड़ रुपये वापस कर दिए हैं। इन निवेशकों ने सहारा समूह की कंपनियों से जुड़ी चार सहकारी समितियों में निवेश किए थे।

उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल मार्च में सहारा-सेबी रिफंड खाते से 5,000 करोड़ रुपये सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया था। सहकारिता मंत्रालय ने जुलाई में सहारा समूह की चार सहकारी समितियों - सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी के जमाकर्ताओं से वैध दावे लेने के लिए एक पोर्टल शुरू किया था। शाह ने यहां वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 41,000 वर्ग फुट में फैले सीआरसीएस के नए कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित किया।

## मुंबई हवाई अड्डा मामले में इंडिगो पर 1.20 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन सुरक्षा नियामक बीसीएएस ने बुधवार को हवाई पट्टी के पास यात्रियों के खाना खाने की घटना पर इंडिगो और मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (एमआईएएल) पर कुल 1.80 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के आदेश के अनुसार, इंडिगो पर 1.20 करोड़ रुपये जबकि एमआईएएल पर 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रविवार को गोवा से दिल्ली जा रहे विमान को मुंबई में उतारते ही कई यात्री इंडिगो के विमान से बाहर निकल आए और हवाई पट्टी पर बैठ उन्हें खाना खाते हुए भी देखा गया।

## पीएलआई योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ का वितरण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **अधिकारी ने चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर माह तक के बारे में किया खुलासा**

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर तक आठ क्षेत्रों को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत 4,415 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में पीएलआई योजनाओं के तहत 2,900 करोड़ रुपये का वितरण किया गया था। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के अतिरिक्त सचिव राजीव सिंह ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा-इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, आईटी हार्डवेयर, थोक दवाएं, चिकित्सा उपकरण, फार्मास्युटिकल्स, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण और ड्रोन और ड्रोन कलपुर्जों सहित आठ क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत लगभग 4,415 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई है। सरकार ने 2021 में दूरसंचार, बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन विज्ञान सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मा जैसे 14 क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएलआई योजनाओं की घोषणा की थी।

### कर्नाटक ने 7 कंपनियों के साथ किया समझौता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की दावोस में चल रही वार्षिक बैठक के दौरान सात कंपनियों के साथ 22,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को लेकर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कर्नाटक के बड़े और मझोले उद्योग तथा अवसंरचना विकास मंत्री एम बी पाटिल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मंगलवार को इन एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### महाराष्ट्र: विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को असली राजनीतिक दल घोषित करने के विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुनवाई 22 जनवरी तक के लिए टाल दी। ठाकरे गुट की ओर से सोमवार को दायर की गई याचिका शीर्ष अदालत रजिस्ट्री द्वारा प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष 19 जनवरी के लिए सूचीबद्ध की गई थी। ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि सुनवाई इस शुक्रवार के बजाय अगले सप्ताह सोमवार को की जाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा-हम इस पर सोमवार को सुनवाई करेंगे।

### पांच लोगों की कार के खड्ड में गिरने से मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में रोड शो में शामिल होने जा रहे पांच लोगों की बुधवार को उस समय मौत हो गई जब उनकी कार 600 मीटर गहरे खड्ड में गिर गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा जिला मुख्यालय रिकांगपिओ से करीब पांच किलोमीटर दूर शिलटी रोड पर हुआ। पुलिस के मुताबिक अब तक दो शवों को बरामद कर लिया गया है और कार एवं अन्य शवों को खड्ड से निकालने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसने बताया कि मृतकों की पहचान किन्नौर जिला निवासी अरुण सिंह, अभिषेक, उपेंद्र, तनुज कुमार और समीर के तौर पर की गई है।

### हत्यारोपी निहंग को भेजा गया पुलिस रिमांड पर

**फगवाड़ा (पंजाब)।** यहां एक गुरुद्वारा परिसर में एक युवक की हत्या करने के आरोपी सिखों के निहंग संप्रदाय के एक व्यक्ति को स्थानीय अदालत ने बुधवार को एक सप्ताह के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया। घटना के बाद निहंग रमनदीप सिंह ने दावा किया कि अज्ञात पीड़ित ऐतिहासिक गुरुद्वारा छेवीं पादशाही चौरा खूह में बेअदबी के कृत्य को अंजाम देने आया था। युवक के शव की अब तक किसी ने भी शिनाख्त नहीं की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गुरुद्वारे में बेअदबी की कोई घटना नहीं हुई।

# भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ा: मोदी

## प्रधानमंत्री ने केरल में 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया

**कोच्चि, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 10 वर्ष पहले तक जहाजों को बंदरगाहों पर काफी लंबा इंतजार करना पड़ता था और सामान उतारने में बहुत लंबा समय लगता था लेकिन आज स्थिति बदल गई है और जहाज 'टर्नअराउंड' समय के मामले में भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में प्रमुख रणनीतिक पहलों सहित 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि इनसे देश के दक्षिणी क्षेत्र के विकास को गति देने में मदद मिलेगी। मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के संबंध में किए गए समझौतों पर प्रकाश डालते हुए कहा-दुनिया वैश्विक व्यापार में भारत की क्षमता और स्थिति को पहचान रही है। उन्होंने कहा कि यह गलियारा भारत की तटीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर विकसित भारत के निर्माण को और मजबूत बनाएगा। अतीत को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा-10 वर्ष पहले तक जहाजों को बंदरगाहों पर काफी लंबा इंतजार करना पड़ता था और सामान उतारने में बहुत लंबा समय लगता था। उन्होंने कहा-लेकि आज स्थिति बदल गई है।

**केरल( त्रिशूर) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोडशो के दौरान अपने स्वागत के लिए एकत्र हुए लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। ● एजेंसी

### बूथ स्तर पर मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित करें

केरल में अब तक कोई बड़ी सियासी जमीन तैयार नहीं कर पाई भाजपा के कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मतदाताओं के दिल जीतने के गुर दिए। प्रधानमंत्री ने यहां मरीन ड्राइव पर 'शक्ति केंद्रों' के लगभग 6,000 प्रभारियों की एक पार्टी बैठक में कहा कि केरल में यह प्रभावित करने की क्षमता है कि दिल्ली में सत्ता में कौन होगा। एक 'शक्ति केंद्र' में दो से तीन बूथ स्तरीय क्षेत्र शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से उनके बूथों पर जीत के लिए ध्यान केंद्रित करने को कहा।

## प्राण प्रतिष्ठा से दूरी बनाने वालों का बहिष्कार कर सकते हैं लोग: अनुराग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाने वाली कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अन्य घटक दलों पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि लोग इस फैसले के कारण उनका फिर से बहिष्कार कर सकते हैं। ठाकुर ने अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'स्वच्छता सेवा' कार्यक्रम के तहत भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के साथ यहां वाल्मीकि मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। भाजपा नेता ने कहा-उन्होंने नए संसद भवन और प्रधानमंत्री के संबोधन का बहिष्कार किया तो लोगों ने उनका बहिष्कार कर दिया था।

## लोकसेवक को हर चूक पर संरक्षण प्रदान नहीं करती सीआरपीसी की धारा 197

**नई दिल्ली,एजेंसी**

**सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि न्यायाधीशों और लोक सेवकों के खिलाफ मुकदमा चलाने से संबंधित दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 197 सेवा के दौरान लोक सेवक के प्रत्येक कार्य या चूक पर उन्हें संरक्षण नहीं प्रदान करती है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह सुरक्षा केवल उन कृत्यों या चूक तक ही सीमित है जो लोक सेवकों द्वारा अपने आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में होते हैं। पीठ ने धारा 197 की उप-धारा (1) का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि जब कोई व्यक्ति जो न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट या लोक सेवक है या था, उसे सरकार द्वारा या उसकी मंजूरी से कार्यालय से नहीं हटाया जा सकता है, जब उस पर ऐसे किसी कथित अपराध का आरोप लगाया गया हो जो उसने अपने आधिकारिक कर्तव्य के निर्वहन में कार्य करते समय किया हो, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के बिना कोई भी अदालत ऐसे अपराध का संज्ञान नहीं लेगी। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद कर दिया, जिसने एक सरकारी अधिकारी के खिलाफ दायर एक आपराधिक शिकायत और आरोप पत्र को रद कर दिया था। उसने कहा कि सीआरपीसी की धारा 197 के दायरे, विस्तार और प्रभाव पर शीर्ष अदालत ने काफी ध्यान दिया है।

पीठ ने शीर्ष अदालत के कुछ पिछले फैसलों का जिक्र करते हुए कहा-इस प्रकार, यह अदालत इस बात पर कायम रही है कि सीआरपीसी की धारा 197 सेवा के दौरान एक लोक सेवक के प्रत्येक कार्य या चूक के लिए संरक्षण का विस्तार नहीं करती है। यह केवल उन कार्यों या चूक तक ही सीमित है जो लोक सेवकों द्वारा आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में किए जाते हैं। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के नवंबर 2020 के आदेश को चुनौती देने वाली शिकायतकर्ता द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय के आदेश में माना गया था कि चूंकि आरोपी, जो कि एक ग्राम लेखाकार के रूप में काम कर रहा था, पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दी गई थी, आपराधिक अपराधों के लिए उसके खिलाफ मुकदमा जारी नहीं रखा जा सकता है।

## सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। शीर्ष अदालत ने 14 दिसंबर 2023 को मामले में आप सरकार के पूर्व मंत्री जैन को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत आठ जनवरी तक बढ़ा दी थी। उच्चतम न्यायालय ने 26 मई, 2023 को चिकित्सा आधार पर जैन को अंतरिम जमानत दी थी।

## सीबीआई ने 5 आरोपियों के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**मणिपुर में हथियार लूट मामला**

मणिपुर में जातीय संघर्ष से संबंधित मामलों की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मई 2023 में पुलिस कर्मियों से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में पांच लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पिछले साल तीन मई को पर्वतीय जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के बाद मणिपुर में भड़की हिंसा में 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर की आबादी में मेइती लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, आदिवासी नगा और कुकी की आबादी 40 प्रतिशत है और वे ज्यादातर पर्वतीय जिलों में रहते हैं।

## कांग्रेस की लोगों से सुझाव मांगने के लिए वेबसाइट-ईमेल आईडी जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने बुधवार को एक वेबसाइट और ई-मेल आईडी जारी कर इस साल के लोकसभा चुनाव के वास्ते अपने घोषणापत्र के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं। पार्टी की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी अपने घोषणापत्र के लिए संवाद कर रही है तथा लोगों से सुझाव मांग रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का यह घोषणापत्र 'जन घोषणापत्र' होगा।

उन्होंने कहा-यह कवायद लोगों से सुझाव प्राप्त करने के लिए है। यह जन घोषणापत्र होगा। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास अभी जो कुछ हफ्ते बचे हैं, उनमें यथासंभव सुझाव लिए जाएं।

चिदंबरम ने कहा-हम घोषणापत्र बनाने में लोगों को शामिल करना चाहते हैं। हमें आशा है कि सभी तबकों के लोग अपनी राय देंगे। हम आपसे अपील करते हैं और आपको निमंत्रण देते हैं कि आप जो सुझाव इस घोषणापत्र में शामिल कराना चाहते हैं, वे दें, ताकि यह जन घोषणापत्र बने। पूर्व केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने कहा कि हर राज्य में कम से कम एक संवाद कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा-विचार यह है कि हर राज्य में कम से कम एक संवाद कार्यक्रम हो। कुछ राज्यों में एक से अधिक जन संवाद हो सकते हैं।

## खिचड़ी घोटाले में आदित्य ठाकरे का करीबी नेता गिरफ्तार

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को शिव सेना (यूबीटी) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण को कोविड -19 के दौरान प्रवासियों को 'खिचड़ी' के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया। एजेंसी के कार्यालय में पूछताछ के बाद चव्हाण को देर शाम धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में ले लिया गया। उम्मीद है कि उसे गुरुवार को यहां एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। चव्हाण को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे का करीबी बताया जाता है।

# मोदी ने नगा राजनीतिक मुद्दे के लिए कुछ नहीं किया

▸▸ **राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान भाजपा सरकार पर बोला हमला**

**कोहिमा, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला बोलते हुए उन पर 2015 में प्रारूप समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद नौ साल तक नगा राजनीतिक मुद्दे का समाधान निकालने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। नगालैंड के मोकोकचुंग शहर में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि नगा लोगों के विश्वास के बिना और उनके साथ चर्चा के बिना समस्या का समाधान नहीं निकाला जा सकता।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को नागालैंड के मोकोकचुंग जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान समर्थकों के साथ। ● एजेंसी

उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा-अगर आपके पास समाधान नहीं है तो आपको झूठ नहीं बोलना चाहिए और नहीं कहना चाहिए कि आपके पास समाधान है। आप कह सकते हैं कि हमें समाधान की दिशा में काम करना होगा और हम समाधान की दिशा में काम करेंगे लेकिन आपको नगा लोगों से झूठ नहीं बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समझती है कि मामला गंभीर है और इसका समाधान जरूरी है। प्रारूप समझौते का जिक्र करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा-प्रधानमंत्री ने नौ साल पहले जो वादा किया था वह नगा लोगों के लिए खोखला वादा था। चिफोबोजू में संवाददाता सम्मेलन के दौरान गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी दशकों पुराने नगा राजनीतिक मुद्दे के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। नगा विद्रोह 1947 में शुरू हुआ था। दशकों पुरानी समस्या का समाधान तलाशने के लिए, केंद्र 1997 से एनएससीएन-आईएम और 2017 से कम से कम सात समूहों के नगा नेशनल पॉलिटिकल ग्रुप (एनएनपीजी) की कार्य समिति के साथ अलग-अलग बातचीत कर रहा है।

# प्रज्ञाननंदा ने विश्व चैंपियन लीरेन को हराया

## आनंद को पीछे छोड़कर बने नंबर एक, विश्व चैंपियन को हराने वाले दूसरे भारतीय

नीदरलैंड, एजेंसी

भारत के युवा शतरंज सुपरस्टार आर प्रज्ञाननंदा ने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लीरेन को हरा दिया है, जिससे वह विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर भारत के सर्वाधिक रेटिंग वाले खिलाड़ी बन गए है। मंगलवार रात दर्ज की गई इस जीत से 18 वर्षीय प्रज्ञाननंदा के 2748.3 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो फिडे लाइव रेटिंग में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के 2748 अंकों से अधिक है। प्रज्ञाननंदा ने

काले मोहरों से खेलते हुए 62 चाल में जीत दर्ज की। वह आनंद के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराया।

### प्रज्ञाननंदा पिछले साल भी हरा चुके हैं लीरेन को

प्रज्ञाननंदा ने इससे पहले 2023 में टाटा स्टील टूर्नामेंट में भी लीरेन हराया था। प्रज्ञाननंदा ने मैच के बाद कहा कि यह बहुत अच्छा एहसास है। वह शुरू से ही उस पर दबाव बना रहे थे। उन्होंने शुरू में ही एक प्यादा हासिल किया और बिना किसी जोखिम के आगे बढ़ते रहे जो काले मोहरों से खेलने का फायदा होता है। प्रज्ञाननंदा ने कहा कि अभी उनका ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है। यह बेहद कड़ा टूर्नामेंट है। अमूमन कोई भी टूर्नामेंट नौ दौर का होता है लेकिन यह टूर्नामेंट 13 दौर का है इसलिए यह एक और टूर्नामेंट में खेलने जैसा है। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और देखते हैं कि आगे क्या होता है।

### मास्टर्स ग्रुप अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे

प्रज्ञाननंदा के मास्टर्स ग्रुप में अब 2.5 अंक हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर हैं। यह युवा ग्रैंडमास्टर अभी अच्छी फॉर्म में है। उन्होंने पिछले साल विश्व कप में मैग्नस कार्लसन के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। मास्टर्स ग्रुप में नीदरलैंड के अनीश गिरी 3.5 अंक लेकर पहले स्थान पर हैं। उन्होंने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को हराया। अलीरेजा फिरोजा के तीन अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। भारत के विदित गुजराती ने जॉर्डन वान फॉरीस्ट के साथ बाजी ड्रॉ कराई। गुजराती के चार दौर के बाद दो अंक हैं।

# आईसीसी की पहली महिला तटस्थ अंपायर बनीं रेडफर्न

**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी-20 श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की सू रेडफर्न को महिला तटस्थ अंपायर नियुक्त किया है। सभी आईसीसी महिला चैंपियनशिप और टी-20 मैच के लिए एक तटस्थ अंपायर के फैसले के बाद उनकी नियुक्ति की गई है। वह आईसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन गई हैं। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा कि तटस्थ नियुक्तियों से महिला अंपायरों को विभिन्न परिस्थितियों के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी और उनके साथ अंपायरिंग करने वाली स्थानीय महिला अंपायरों को सीखने और विकास में मदद मिलेगी।

# फिन एलन ने टी-20 में जड़े 16 छक्के

डुनेडिन, एजेंसी

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते 62 गेंदों में 137 रन की शतकीय पारी में 16 छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। एलन अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस पारी में 137 रन बनाते हुए ब्रेंडन मैकुलम के 123 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने 16 छक्के जड़ते हुए एक पारी में सबसे अधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई ने 16 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं और अब फिन एलन भी उनकी बराबरी पर पहुंच गए हैं। हजरतुल्लाह जजई ने फरवरी 2019 में

**पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 62 गेंदों में 137 रन की धमाकेदार पारी खेली, विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की**

आयरलैंड के खिलाफ मैच में 62 गेंद में 162 रन बनाए थे। इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 16 छक्के लगाए थे। अब फिन एलन ने इतनी ही गेंदों में 137 रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और 16 छक्के लगाए।

# रोमांचक मैच में सुपर ओवर में जीता भारत

## 212 रन का स्कोर बराबर होने पर डाले गए दो सुपर ओवर, दूसरे में भारत ने 3-0 से जीती टी-20 श्रृंखला

बेंगलुरु, एजेंसी

गुलबदीन नईब के नाबाद 55 रन, रहमानउल्लाह गुरबाज और कप्तान इब्राहिम जदरान की 50-50 रनों की पारी रोहित शर्मा के शतक पर भारी रही। अफगानिस्तान ने तीसरे टी-20 मैच में 212 बनाकर रोमांचक मुकाबले को टाई करा दिया। सुपर ओवर में दोनों टीमों की ओर से एक-एक विकेट पर 16-16 रन बनाए गए और यह भी टाई रहा। इसके बाद दूसरे सुपर ओवर में भारत ने अफगानिस्तान को हराकर टी-20 श्रृंखला 3-0 से जीत ली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने 22 के स्कोर पर अपने 4 विकेट गंवा दिए। यशस्वी जायसवाल 4, विराट कोहली शून्य, शिवम दुबे एक और संजू सैमसन शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने रिंकू सिंह के साथ पारी को संभाला और दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 190 रन की तूफानी साझेदारी की। रोहित ने 11 चौके और 8 छक्कों की मदद से 69 गेंदों में नाबाद 121 रन बनाए। रिंकू सिंह ने दो चौके और छह छक्कों की मदद से 39 गेंदों में नाबाद 69 रनों की पारी खेली। भारत ने 20 ओवरों में 212 का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान के फरीद अहमद ने 3 और अजमतउल्लाह उमरजई ने एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान के रहमानउल्लाह गुरबाज और कप्तान इब्राहिम जदरान ने पहले विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की। दोनों ने 50-50 रन बनाए। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका। गुलबदीन नईब 55 रन पर नाबाद रहे।

**121** रन रोहित ने नाबाद बनाए 69 गेंदों पर

**190** रन की साझेदारी की रोहित- रिंकू ने

### दूसरे सुपर ओवर में हुआ मैच का फैसला

पहले सुपर ओवर में मुकेश कुमार गेंदबाजी करने आए, जिसमें अफगानिस्तान ने एक विकेट पर 16 रन बनाए। भारत ने रोहित के दो छक्कों से एक विकेट गंवाकर 16 रन बना लिए और स्कोर फिर टाई हो गया, इससे फिर दूसरा सुपर ओवर खेला गया। इसमें रोहित पांचवीं गेंद पर रिटायर्ड हो गए। दूसरे सुपर ओवर में भारतीय टीम ने रोहित के एक छक्के और एक चौके से 5 गेंद में दो विकेट गंवाकर 11 रन बनाए। इसमें रोहित रन आउट हुए और फरीद अहमद ने रिंकू सिंह को आउट किया। रवि बिश्नोई दूसरा सुपर करने उतरे और उनकी 3 गेंद में अफगानिस्तान ने एक रन पर दो विकेट गंवा दिए, जिससे भारत मैच जीत गया।

### जनत के एक ओवर में जड़े 36 रन

अफगानिस्तान के लिए 20वां ओवर डालने आए करीम जनत की रोहित और रिंकू सिंह ने जमकर पिटाई की। अंतिम ओवर में दोनों ने जनत की गेंदों पर 36 रन जड़े, इसमें पांच छक्के और एक चौका भी शामिल है।

# अक्षर और यशस्वी आईसीसी टी-20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में

**दुबई, एजेंसी।** अफगानिस्तान के खिलाफ दो मैच में अपने प्रदर्शन की बदौलत अक्षर पटेल बुधवार को जारी आईसीसी टी-20 रैंकिंग में कॅरिअर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए है, जबकि यशस्वी जायसवाल भी छठे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। शिवम दूबे 265वें स्थान से उछलकर 58वें स्थान पर काबिज हो गए। शुभमन गिल सात पायदान के लाभ से 60वें स्थान, जबकि तिलक वर्मा तीन पायदान के फायदे से संयुक्त 61वें स्थान पर बने हुए हैं।

तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चार पायदान के उछाल से 21वें स्थान पर पहुंच गए। अफगानिस्तान के नजीबुल्लाह जदरान और मोहम्मद नबी को बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ। न्यूजीलैंड के फिन एलन 16वें स्थान पर हैं। टिम साउदी गेंदबाजी सूची में आठ पायदान ऊपर 18वें नंबर पर है। पाकिस्तान के बाबर आजम चौथे स्थान पर काबिज हैं।

## खेल डायरी

### तदर्थ पैनल की चैंपियनशिप ही होगी मान्य

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने का अधिकार केवल राष्ट्रीय महासंघ के पास होने के निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के दावे के एक दिन बाद तदर्थ पैनल ने कहा कि उसके द्वारा कराए जाने वाले टूर्नामेंट को ही वास्तविक माना जाएगा। तदर्थ पैनल ने यह भी स्पष्ट किया कि उसके द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता से ही पहलवानों को फायदा मिलेगा। डब्ल्यूएफआई ने चुनाव के बाद अपनी पहली कार्यकारी समिति की बैठक के बाद मंगलवार को घोषणा की थी कि वह 29 जनवरी से पुणे में राष्ट्रीय प्रतियोगिता कराएगा। डब्ल्यूएफआई ने कहा था कि उसके संविधान के अनुसार केवल महासंघ के पास ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन का अधिकार है और तदर्थ पैनल के पास कोई अधिकार नहीं है। खेल मंत्रालय ने कहा कि डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित टूर्नामेंट को मान्यता नहीं दी जाएगी।

### अवनी शीर्ष 10 में, वरुण ने कट में जगह बनाई

**मेलबर्न।** भारत की गोल्फर अवनी प्रशांत ने बुधवार को दूसरे दौर में दो ओवर 75 का कार्ड खेलने के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के शीर्ष 10 में अपना स्थान बरकरार रखा। भारत की हिना कांग ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला और वह कट से चूक गई। पुरुष वर्ग में वरुण मुथप्पा कीजबोरो कोर्स में कुल पांच ओवर 147 के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहे। उन्होंने दूसरे दिन एक ओवर 73 का स्कोर किया। अवनी का दूसरे दिन का खेल उतार चढ़ाव भरा रहा, जिससे वह संयुक्त दसवें स्थान पर खिसक गई। वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया की अमेलिया हैरिस और जापान की आइना फुजीमोटो से अभी पांच स्ट्रोक पीछे हैं।

### महान खिलाड़ी अरांत्जा धोखाधड़ी की दोषी

**बार्सिलोना (स्पेन)।** स्पेन की महान टेनिस खिलाड़ी अरांत्जा सांचेज विकारियो और उनके पूर्व पति को धोखाधड़ी का दोषी पाया गया है। स्पेन की एक अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने पाया कि अरांत्जा और उनके पूर्व पति ने कई मिलियन यूरो का कर्ज चुकाने से बचने के लिए अपनी संपत्ति छुपाई थी। चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता अरांत्जा को दो साल जेल की सजा सुनाई गई लेकिन वह जेल जाने से बच गईं क्योंकि अदालत ने उन्हें पहली बार अपराध करने के लिए उनकी सजा माफ कर दी। उनके पूर्व पति जोसफ सांटाकाना को तीन साल और तीन महीने जेल की सजा सुनाई गई। इन दोनों को 66 लाख यूरो (71 लाख डॉलर) का जुर्माना भी देना होगा।

### ब्रिसन फर्नांडिज के गोल से गोवा की दूसरी जीत

**भुवनेश्वर।** ब्रिसन फर्नांडिज के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत एफसी गोवा ने बुधवार को सुपर कप के ग्रुप डी मैच में बेंगलुरु एफसी को 1-0 से शिकस्त देकर प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस हार से पिछले सत्र के फाइनल में पहुंची बेंगलुरु की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है, जबकि गोवा दो मैच में छह अंक से तालिका में मजबूत स्थिति में है।

### इंग्लैंड ने पहले दिन 3 विकेट पर 382 रन बनाए

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड लायंस ने सलामी बल्लेबाज कीटोन जेनिंग्स की अगुवाई में बाजबॉल तरीके से खेलते हुए भारत 'ए' के गेंदबाजों के खिलाफ टेस्ट के पहले दिन महज 82 ओवर में 3 विकेट पर 382 रन बना दिए। जेनिंग्स ने 188 गेंद में 20 चौके और दो छक्के की मदद से 154 रन जड़े और एलेक्स लीस 91 गेंद में 73 रन के साथ पहले विकेट के लिए 157 रन और फिर कप्तान जोश बोहानन (नाबाद 93 रन) के साथ 127 रन की भागीदारी निभाई। जेनिंग्स ने पांच साल पहले इंग्लैंड के लिए अंतिम टेस्ट मैच खेला था। उन्होंने भारत के घरेलू गेंदबाजों की बखिया उधेड़ी। नवदीप सैनी ने विकेट के दोनों ओर से रन गंवाए और नई गेंद के साथी गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा की मेहनत पर पानी भी फेर दिया। तीसरे तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे सबसे खर्चीले रहे। उन्होंने 14 ओवर में 79 रन लुटा दिए। स्पिनर सुथार ने 18 ओवर में 85 रन देकर तीन विकेट झटके। ऑफ स्पिनर नारंग ने 21 ओवर में 97 रन लुटाए। इन दोनों स्पिनरों ने 182 रन लुटाए और वे एक भी मेडन ओवर नहीं डाल सके।

# सात्विक और चिराग जीते, अश्विनी-तनीषा हारे

नई दिल्ली, एजेंसी

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बुधवार को कड़े मुकाबले में जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो को महिला युगल में शिकस्त झेलनी पड़ी।

एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विक और चिराग की जोड़ी को पहले दौर में फैंग चीह ली और फैंग जेन ली की चीनी ताइपे की दुनिया की 24वें नंबर की जोड़ी को एक घंटे और 18 मिनट में 21-15, 19-21, 21-16 से हराने में काफी पसीना बहाना पड़ा। दूसरे

**इंडिया ओपन**

दौर में भारतीय जोड़ी की भिड़ंत बेन लेन और सीन वैंडी की इंग्लैंड की जोड़ी तथा ल्यू चियांग याओ और यैंग पो हैन की चीनी ताइपे की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगी। अश्विनी और तनीषा की दुनिया की 20वें नंबर की जोड़ी को जोंगकोलफान किटिथराकुल और राविंडा प्राजोंजाई की थाईलैंड की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 5-21, 21-18, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में अश्विनी भट के और शिखा गौतम की भारतीय जोड़ी को किम सो यिओंग और कोंग ही योंग की कोरिया की तीसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 12-21, 3-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इसके साथ ही महिला युगल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक की जोड़ी को भी केन्या मित्सुहासी और हिरोकी ओकामुरा की जापान की जोड़ी ने सीधे गेम में 21-14, 21-11 से हराया।

# कोको तीसरे दौर में, जाबेउर और वोज्नियाकी बाहर

मेलबर्न, एजेंसी

कोको गॉफ ने पहले सेट में संघर्ष करने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन छठी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी बुधवार को रूस की दो युवा खिलाड़ियों से हारकर बाहर हो गईं।

गॉफ ने हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी कैरोलिन डोलेहाइड को 7-6 (6), 6-2 से हराया। उनका अगला मुकाबला अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी एलिसिया पार्क्स से होगा, जिन्होंने 32वीं रैंकिंग की

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन**

खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पर 7-5, 6-4 से जीत दर्ज करके पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया।सुबह बारिश के कारण बाहरी कोर्ट पर होने वाले कई मैच समय पर शुरू नहीं हो पाए। केवल उन्हीं कोर्ट पर मैच शुरू हो पाए जिनमें छत है।

पुरुष वर्ग में मार्गरेट कोर्ट एरेना में खेले गए मैच में चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने जेस्पर डी जोंग को 6-2, 6-2, 6-2 से हराया। ऑस्ट्रेलिया के 10वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने माटेओ अर्नाल्डी को 6-3, 6-0, 6-3 से पराजित किया। डी मिनौर का अगला मुकाबला इटली के क्वालीफायर फ्लेवियो कोबोली से होगा, जिन्होंने पावेल कोटोव को 7-5, 6-3, 5-7, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग से तीसरे दौर में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज भी शामिल हैं।

# बॉलीवुड हलचल

## फिल्म दो और दो प्यार मार्च में होगी रिलीज

विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार 29 मार्च को रिलीज होगी। इसमें विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डीक्रूज और सेंथिल राममूर्ति नजर आएंगे। इस फिल्म को शीर्ष गुहा ठाकुरता ने निर्देशित किया है। बतौर निर्देशक यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म होगी। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के तहत बनी फिल्म दो और दो प्यार को अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत कर रहा हैं।

### 79 साल के हुए शायर और गीतकार जावेद अख्तर

शायर और गीतकार जावेद अख्तर बुधवार को 79 वर्ष के हो गए। 17 जनवरी 1945 को शायर-गीतकार जां निसार अख्तर के घर जब एक लड़के ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा गया जादू। यह नाम जां निसार अख्तर के ही एक शेर की एक पंक्ति लंबा लंबा किसी जादू का फसाना होगा से लिया गया है। बाद में जां निसार के यही पुत्र जादू जावेद अख्तर के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में विख्यात हुए। बचपन से ही शायरी से जावेद अख्तर का गहरा रिश्ता रहा। उनके घर शेरो-शायरी की महफिलें सजा करती थी, जिन्हें वह बड़े चाव से सुना करते थे। उन्होंने जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बहुत करीब से देखा था इसलिए उनकी शायरी में जिंदगी के फसाने को बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। जावेद अख्तर के गीतों की यह खूबी रही है कि वह अपनी बात बड़ी आसानी से दूसरों को समझाते हैं।

# इंशाअल्लाह में सलमान की जगह शाहरुख खान की एंट्री

डायरेक्टर संजय लीला भंसाली अपनी अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी से एक बार फिर लोगों के दिलों को जीतने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी यह वेब सीरीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इसी बीच वह अपनी एक पुरानी फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। संजय लीला भंसाली और सलमान खान काफी समय से साथ में फिल्म इंशाअल्लाह को लाने की तैयारी कर रहे हैं। इस को लेकर अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि फिल्म इंशाअल्लाह से सलमान खान को रिप्लेस कर दिया है और उनकी जगह शाहरुख को फिल्म में लिया है। पहले इस फिल्म के साथ सलमान खान और आलिया भट्ट का नाम जोड़ा जा रहा है लेकिन इसी बीच स्टारकास्ट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग इसी साल से शुरू हो सकती है। इस फिल्म से सलमान खान का पत्ता कट गया है और शाहरुख खान की एंट्री हो सकती है। दरअसल काफी समय से संजय लीला भंसाली और सलमान खान के बीच मनमुटाव की खबरें भी सामने आ रही थी। इन खबरों के बाद इंशाअल्लाह के मेकर्स फाइनल स्टार कास्ट को लेकर कब खुलासा करते हैं।

# सलमान के साथ फिल्म करने जा रहे अनुपम खेर

सलमान खान की साल 2023 में रिलीज हुई टाइगर 3 ने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कमाई की थी लेकिन फिल्म वो धमाका नहीं कर पाई जिसका फैंस को इंतजार था। टाइगर 3 के बाद से सलमान खान के फैंस उनकी अगली फिल्म का इंतजार में हैं। सलमान खान का नाम कई फिल्मों से जुड़ रहा है। इसी बीच सलमान खान की अनुपम खेर के साथ फोटो सामने आई है। इस फोटो को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा हो रही है। फैंस सलमान खान से उनकी अगली फिल्म को लेकर सवाल करते दिखे।

अनुपम खेर ने भी सलमान खान के साथ फोटो शेयर कर के सोशल मीडिया पर नई चर्चा शुरू कर दी है। सलमान खान और अनुपम खेर की तस्वीर देखने के बाद लोगों उनकी अगली फिल्म को लेकर कयासबाजी लगा रहे हैं लेकिन अधिकारिक तौर पर सलमान खान और अनुपम खेर की जोड़ी वाली फिल्म को लेकर कोई खबर नहीं आई है। अनुपम खेर ने इस तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

### ट्विंकल खन्ना ने लंदन से हासिल की मास्टर्स डिग्री

अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने लंदन की गोल्ड स्मिथ्स यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया है। ट्विंकल ने इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटो शेयर किया हैं, जिसमें उन्होंने लिखा है कि और यह रहा ग्रेजुएशन डे। गोल्ड स्मिथ्स में मेरा पहला दिन ऐसा लगता है जैसे कल या कई साल पहले की बात हो। ट्विंकल के पति अभिनेता अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर उनके साथ ग्रेजुएशन डे की एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि दो साल पहले जब आपने मुझसे कहा था कि आप फिर से पढ़ाई करना चाहती हैं तो मुझे आश्चर्य हुआ लेकिन जिस दिन आपको इतनी मेहनत करते और घर, कॅरिअर, अपने और बच्चों के साथ-साथ एक पूर्ण छात्र जीवन को मैनेज करते हुए देखा तो पता चला कि मैंने एक सुपर वुमन से शादी की है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# तारों के निर्माण की नई जानकारी सामने आई

## ब्राइटेस्ट क्लस्टर गैलेक्सीज़ (बीसीजी) के अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया

अमृत विचार, नैनीताल

तारे क्यों, कब और कैसे बनते हैं। नए अध्ययन में रोचक जानकारी सामने आई है। ब्राइटेस्ट क्लस्टर गैलेक्सीज़ (बीसीजी) के अध्ययन से इसका खुलासा हुआ है। ब्राइटेस्ट क्लस्टर गैलेक्सीज़ (बीसीजी) सबसे बड़े और सबसे चमकीले आकाशगंगा का एक समूह हैं। खास बात यह है कि हम आकाशगंगाओं के इस समूह को देख सकते हैं।

वैज्ञानिकों की एक टीम ने दक्षिणी ध्रुव टेलीस्कोप (एसपीटी) से पहचान कर इन गैलेक्सिज का अध्ययन किया है। दरअसल ब्रह्मांड की आयु 3.5 से 10 अरब साल की मानी जाती है। बीसीजी ब्रह्मांडीय समय का एक अच्छा हिस्सा है। इस आकाशगंगा समूह में समय के साथ किसी तारे का निर्माण के बदलने के समय का आसानी से पता लगाया जा सकता है। युवा अवस्था में रही इन आकाशगंगाओ के चारों ओर प्रचुर मात्रा में गैस और धूल भरी हुई थी।



बीसीजी आकाशगंगाओं के समूह की तस्वीर।

वैज्ञानिकों के अध्ययन से पता चला कि अकाशगंगा इन समूहों के भीतर अरबों वर्षों में तारों के निर्माण की उल्लेखनीय रूप से समुचित जानकारी मिलती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह एक महत्वपूर्ण परिणाम सामने आया है, जो दर्शाता है कि किसी आकाशगंगा के भीतर कितनी गैस और धूल है, या क्या यह पर्याप्त ठंडे तापमान पर है, इसका पता लगाने के बजाय, हमें केवल आकाशगंगा की एन्ट्रापी को मापने की आवश्यकता है। जब वह एन्ट्रॉपी बिल्कुल सही होगी, तो नए सितारे चमकेंगे।

### तारों के निर्माण की संपूर्ण जानकारी जरूरी

नैनीताल। इस शोध में शामिल नासा समेत कई वैज्ञानिकों का कहना है कि तारों की दुनिया का संसार रहस्यमय है। जिनका रहस्य समझने के लिए तारों की उत्पत्ति व निर्माण की संपूर्ण जानकारी बेहद जरूरी है। लिहाजा तारों के बारे में विस्तार से जानकारी बेहद जरूरी है।

# हूतियों की वैश्विक आतंकवादियों के रूप में दोबारा सूची बनेगी

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन जल्द ही यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को वैश्विक आतंकवादियों के रूप में दोबारा नामित करने के कदम की घोषणा करेगा। व्हाइट हाउस के निर्णय से परिचित दो लोगों और एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर दर्जनों हमले किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। विद्रोहियों के अनुसार, उन्होंने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद गाजा में इजराइल के सैन्य अभियानों के जवाब में जहाजों को निशाना बनाया। अधिकारी ने घोषणा से पहले अपना नाम गुप्त रखने का अनुरोध किया।

# भारत सफलता की असाधारण गाथा : ब्लिंकन

दावोस, एजेंसी

▸▸ डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- बाइडन-मोदी के रिश्ते बेहतरीन

भारत को सफलता की असाधारण गाथा बताते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां एवं कार्यक्रम भारत के लोगों के लिए बहुत लाभप्रद रहे हैं।विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक, 2024 में यहां उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन एवं प्रधानमंत्री मोदी के बीच बेहतरीन रिश्ते हैं तथा उनकी बातचीत में भारत-अमेरिका संबंध समेत सभी पहलू शामिल होते हैं।

दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार की सराहना करते हुए ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और भारत निरंतर संवाद में लगे रहते हैं तथा उसमें लोकतंत्र एवं मौलिक

अधिकारों समेत सभी पहलू शामिल रहते हैं।

उन्होंने कहा, सदैव हमारे बीच जो वास्तविक वार्ता होती रही है, यह उसी का हिस्सा है। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि मोदी के शासन में भारत के तीव्र आर्थिक विकास एवं बुनियादी ढांचा विनिर्माण के बाद भी क्या हिंदू राष्ट्रवाद का उभार देश के लिए चिंताजनक है।

### तेलंगाना सरकार ने किए अडानी समूह संग 36,500 करोड़ के समझौते

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में 36,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को लेकर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की उपस्थिति में राज्य सरकार के साथ अडाणी समूह और जेएसडब्ल्यू जैसे उद्योगपतियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। प्रदेश सरकार के बयान के अनुसार, अडाणी समूह ने राज्य में सीमेंट मिश्रण इकाई अडाणी एयरोस्पेस और डिफेंस पार्क में पंप भंडारण आधारित पनबिजली परियोजना, डेटा सेंटर, ड्रोन प्रतिरोधी तंत्र और मिसाइल विकास और विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के लिए 12,400 करोड़ के निवेश की घोषणा की है।

## एक नजर

### अधिकारियों पर हमलों की जांच के लिए एसआईटी गठित

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में 5 जनवरी को टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर के सामने ईडी के अधिकारियों और केंद्रीय बलों पर हमले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ ने एसआईटी द्वारा जांच करने का आदेश दिया, जिसमें सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस शामिल है।

### सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का एफसीआरए लाइसेंस निरस्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने नियमों के कथित उल्लंघन के लिए प्रमुख थिंक टैंक 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण रद कर दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा यह कदम एफसीआरए के तहत गैर-लाभकारी संस्था (एनजीओ) के पंजीकरण को निलंबित करने के लगभग एक साल बाद उठाया गया है। आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी के बाद से थिंक-टैंक जांच के दायरे में है। इससे पहले एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिनों के लिए निलंबित किया गया था। फिर निलंबन को और 180 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया।

### श्रीलंका ने 18 भारतीय मछुआरे किए गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने उसकी समुद्री सीमा में मछली पकड़ने पर 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली। भारतीय मछुआरों को श्रीलंका की जलसीमा में मछली पकड़ने की वजह से गिरफ्तार करने की यह तीसरी घटना है। श्रीलंका की नौसेना ने यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उत्तर पूर्व में मन्नार तट से सटे समुद्री क्षेत्र में मंगलवार को इन मछुआरों को गिरफ्तार किया गया।

### पाकिस्तानी जत्थे ने दरगाह शरीफ में पेश की चादर

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में चल रहे ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 812 वें सालाना उर्स के मौके पर पाकिस्तान से आए जायरीनों के जत्थे ने जुलूस के रूप गुरुवार को दरगाह शरीफ पहुंच कर गरीब नवाज की बारगाह में चादर पेश की एवं दोनों मुल्कों की बेहतरी तथा अच्छे सम्बंधों के लिये दुआ की। पाकिस्तानी हुकूमत की केसरिया-हरे रंग की मखमली सुनहरे काम की चादर लेकर पाकिस्तानी जत्था अपने समूह नेता परवेज इकबाल की अगुवाई में पुरानी मंडी स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से चादरों के जुलूस के रूप में रवाना हुआ। इस जुलूस में हुकूमत की चादर के साथ कई निजी चादरे भी रहीं।

### हिजबुल के आतंकी को न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जम्मू-कश्मीर में 11 आतंकी घटनाओं में शामिल हिजबुल मुजाहिदीन के एक संदिग्ध आतंकवादी को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया जबकि एक अन्य आरोपी को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। दिल्ली पुलिस ने जावेद अहमद मट्टू (32) को ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईशा सिंह के समक्ष पेश किया। उन्होंने दिल्ली पुलिस के आवेदन पर मट्टू को 31 जनवरी तक के लिए जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि 10 लाख के इनामी आरोपी को दिल्ली के निज़ामुद्दीन इलाके से गिरफ्तार किया गया।

### आतंकी मददगारों की पांच करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों के कुछ मददगारों की करीब पांच करोड़ रुपये की अचल संपत्ति और बैंक खातों में जमा राशि कुर्क कर ली है। ईडी ने बताया कि कुर्क संपत्ति अलगाववादी संगठन साल्वेशन फ्रंट के प्रमुख मोहम्मद अकबर भट, फातिमा शाह, काजी यासिर, मोहम्मद अब्दुल्लाह और इकबाल मीर की है।

# इमरान के वकील ने कदाचार के मामले में भारतीय कोर्ट के फैसले की दी दलील

## पाक के पूर्व प्रधानमंत्री के दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के मामले की सुनवाई

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के वकील ने आठ फरवरी के आम चुनाव से पहले दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए खान के नामांकन पत्रों को खारिज किए जाने के खिलाफ सुनवाई में भारत की अदालत के एक फैसले का उल्लेख किया। वकील ने अदालत को बताया कि भारतीय अदालत नैतिक आचरण में कदाचार के मामलों को कब वित्तीय भ्रष्टाचार के रूप में वर्णित करती है।

डॉन अखबार की खबर के मुताबिक पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील उजैर भंडारी ने यह तुलना तब की जब लाहौर उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने मंगलवार को खान के नामांकन पत्रों की अस्वीकृति के संबंध में दो याचिकाओं पर सुनवाई की। खबर में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। कई मामलों का सामना कर रहे खान (71) जेल में बंद हैं। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने पंजाब प्रांत के लाहौर (एनए-122) और मियांवाली (एनए-89) निर्वाचन क्षेत्रों से खान के नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया था।

डॉन के मुताबिक भंडारी ने तर्क दिया कि नैतिक कदाचार के आरोप में दोषसिद्धि अयोग्यता की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आती है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता की सजा को भ्रष्टाचार या अवैध संपत्ति जमा करने के लिए सजा के बराबर नहीं माना जा सकता।

उन्होंने कहा कि भारत की एक अदालत ने वित्तीय भ्रष्टाचार से जुड़े अपराध की तुलना में नैतिक कदाचार के अपराध को निचले स्तर पर सूचीबद्ध किया है।

पीठ ने हालांकि कहा कि पाकिस्तान में नैतिकता के मानक अन्य क्षेत्रों से अलग हैं। भंडारी ने दलील दी कि निर्वाचन अधिकारी के पास नैतिक कदाचार की सजा के आधार पर आदेश पारित करने का कोई अधिकार नहीं था। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय पहले ही याचिकाकर्ता की सजा निलंबित कर चुका है। निर्वाचन आयोग के एक वकील ने दलील दी कि याचिकाकर्ता की दोषसिद्धि अब भी लागू है और उन्हें उच्च न्यायालय द्वारा बरी नहीं किया गया था।

बीसीजी आकाशगंगाओं के समूह की तस्वीर।

### इसलिए खारिज हुए इमरान के नामांकन

निर्वाचन आयोग ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के आधार पर इमरान खान के नामांकन पत्र को खारिज कर दिया था। एनए-122 से उनका नामांकन पत्र इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि प्रस्तावक निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है। तोशाखाना मामले में खान पर नियमों का उल्लंघन करके राष्ट्रीय खजाने से महंगे वाहन लेने का आरोप है। विदेशी नेताओं द्वारा पाकिस्तानी शीर्ष नेताओं को उनकी यात्राओं के दौरान दिए गए सभी उपहार तोशाखाने में रखे जाते हैं।

# पाकिस्तान ने हवाई हमलों के बाद ईरान के साथ राजनयिक संबंध निलंबित किए

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ पाक विदेश मंत्रालय ने लगाया देश की संप्रभुता के उल्लंघन का आरोप, गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

ईरान द्वारा पाकिस्तान के अंदर एक आतंकवादी समूह के दो प्रमुख ठिकानों पर हवाई हमला किए जाने के बाद पाकिस्तान ने इसे अवैध कार्रवाई बताया और नाराजगी भरी प्रतिक्रिया देते हुए फारसी राष्ट्र के साथ सभी राजनयिक संबंधों को निलंबित करने की घोषणा की। साथ ही गंभीर परिणाम की चेतावनी दी।

ईरानी मीडिया ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवादी समूह जैश-अल-अदल के दो महत्वपूर्ण ठिकानों को मंगलवार रात मिसाइल और ड्रोन से नष्ट कर दिया गया। ईरान के प्रेस टीवी प्रसारक ने बताया कि ये हमले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा किए गए थे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय (एफओ) ने इन हमलों के तुरंत बाद एक बयान जारी किया, जिसमें ईरान द्वारा उसके हवाई क्षेत्र के उल्लंघनकी निंदा की गई और कहा गया कि हमले में दो बच्चे मारे गए और तीन लड़कियां घायल हो गईं।

एफओ ने बुधवार को एक और बयान जारी कर कहा कि इस्लामाबाद देश की संप्रभुता के उल्लंघन के बाद तेहरान के साथ सभी उच्च-स्तरीय राजनयिक आदान-प्रदान को निलंबित कर देगा और घोषणा की कि पाकिस्तान में ईरानी दूत, जो वर्तमान में ईरान गए हुए को देश में वापस आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### आतंकी संगठन के पाक में ठिकाने : ईरान

पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार जैश-अल-अदल 2012 में स्थापित एक आतंकवादी समूह है और ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत से काम कर रहा है। तेहरान का आरोप है कि इस समूह के पास सीमा पार पाकिस्तान में भी ठिकाने हैं। अपनी स्थापना के बाद से समूह ने ईरान के सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी ली है। दिलचस्प बात यह है कि मिसाइल और ड्रोन हमले उस दिन शुरू किए गए थे, जिस दिन पाकिस्तान के प्रधान मंत्री अनवारुल हक काकर ने स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के मौके पर ईरानी विदेश मंत्री से मुलाकात की थी।

### आत्मरक्षा की कार्रवाइयों को समझते हैं हम : भारत

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए ईरान के घातक मिसाइल हमले पर अपनी संयत एवं सधी हुई प्रतिक्रिया में भारत ने बुधवार को कहा कि वह देशों द्वारा अपनी आत्मरक्षा में की जाने वाली कार्रवाइयों को वह समझता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि यह ईरान और पाकिस्तान के बीच का मामला है। प्रवक्ता ने पाकिस्तान में ईरानी मिसाइल हमले पर मीडियाकर्मियों के सवालों के जवाब में कहा, जहां तक भारत का सवाल है, आतंकवाद के प्रति हमारी अब तक कत्तई बर्दाश्त नहीं करने की नीति रही है। देश अपनी रक्षा के लिए जो कार्रवाई करते हैं, उसे हम समझते हैं।

# कलाशिनकोव और नशीले पदार्थों ने पाक को बर्बाद किया

▸▸ पड़ोसी देश के प्रधान न्यायाधीश ने कहा-खत्म हो यह संस्कृति

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा ने बुधवार अफसोस जताते हुए कहा कि नशीले पदार्थों और कलाशिनकोव ने पाकिस्तान को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने देश से कलाशिनकोव संस्कृति को खत्म करने पर जोर दिया। उच्चतम न्यायालय ने देश भर के कई अधिकारियों को नोटिस जारी कर प्रतिबंधित हथियारों के लिए जारी किए गए लाइसेंस के बारे में जानकारी भी मांगी है। देश के शीर्ष न्यायाधीश ने कहा, मादक पदार्थों और कलाशिनकोव ने पाकिस्तान को तबाह कर दिया है। दुनिया भर में कहीं भी कोई काले शीशे वाली बड़ी कारों में कलाशिनकोव लेकर नहीं घूमता। सीजेपी इसा ने कहा कि उन्हें भी कलाशिनकोव का लाइसेंस लेने की पेशकश की गई थी। कलाशिनकोव का मतलब एके राइफल से है।

# जलीकट्टू में दो दर्शकों की मौत, 150 से ज्यादा घायल

शिवगंगा (तमिलनाडु), एजेंसी

तमिलनाडु में पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित किए जाने वाले जलीकट्टू और मंजूविरट्टू (बैल दौड़) कार्यक्रमों में सांड़ों की चपेट में आने से एक 12 वर्षीय लड़के सहित दो दर्शकों की मौत हो गई जबकि दर्शकों तथा सांडों को काबू करने वालों सहित 150 से अधिक लोग घायल हो गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शिवगंगा के मंजुविरट्टू अखाड़े में आए सांडों में से एक ने लड़के की जान ले ली जिसकी पहचान के वलायपट्टी गांव के रहने वाले भास्करन (12) उर्फ राहुल के रूप में हुई है। एक अन्य व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है जिसकी पहचान अभी तक कायम नहीं की जा सकी है, उसकी मृत्यु उस समय हो गई जब वह वह कार्यक्रम देख रहा था और एक क्रूर बैल ने उसे मार डाला। मामूली रूप से घायल लोगों का इलाज विशेष चिकित्सा टीमों द्वारा किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मदुरै के अलंगनल्लूर में जलीकट्टू कार्यक्रम में बैल को नियंत्रित करने की कोशिश करता एक व्यक्ति।

गौरतलब है कि पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में हर साल सिरावायल में मंजुविरट्टू का आयोजन किया जा रहा था। इसके लिए 80 सांड़ों को काबू करने वालों और 275 सांडों को पंजीकृत किया गया था लेकिन कई अपंजीकृत सांड़ों को भी मैदान में उतारा गया था। कार्यक्रम को देखने के लिए गांव में 50,000 से अधिक दर्शक एकत्र हुए। इससे पहले, तमिलनाडु के सहकारिता मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन ने कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई। नचियारपुरम पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी...

नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए रिहर्सल के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की एक महिला टुकड़ी ने अपने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों में देशभक्ति का जज्बा भरा। ● एजेंसी

### मणिपुर में हथियार लूट मामले में सीबीआई ने आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मई 2023 में मणिपुर पुलिस कर्मियों से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के मामले में बुधवार को पांच लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोप पत्र असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपॉलिटन) के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष दायर किया गया। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला चार मई, 2023 को मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) पांगेई परिसर में भीड़ के हमले और पूर्वोत्तर राज्य में एक जातीय संघर्ष के दौरान शस्त्रागार से भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद लूटे जाने से जुड़ा है।

### धनशोधन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से बुधवार को ईडी ने धनशोधन मामले में पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत हुड्डा का बयान दर्ज किया। वह छह घंटे से अधिक समय तक मध्य दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में रहे। यह पूछताछ गुरुग्राम में एक कथित भूमि घोटाले से जुड़ी धनशोधन जांच से संबंधित थी, जिसमें हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) शामिल था। इससे पहले ईडी ने 2004-07 के दौरान गुरुग्राम के मानेसर में भूमि अधिग्रहण में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के अन्य मामले में और फिर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रवर्तित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के खिलाफ एक मामले में उनसे पूछताछ की थी।

# 190 करोड़ रुपये की ठगी में कंपनी का निदेशक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने विभिन्न योजनाओं के तहत निवेशकों को उनके निवेश पर भारी रिटर्न का वादा करके 190 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी तथा 2020 से वांछित मुख्य आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी 59 वर्षीय जयंत संजीव शेट्टी को अपराध शाखा की इकाई 11 के अधिकारियों ने शाम को गोरेगांव (पश्चिम) से पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि शेट्टी मुख्य आरोपी है जो 2020 में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित था। शेट्टी श्री रामजेनिया लीजिंग एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों में से एक था। कंपनी ने 2012 से 2017 तक आकर्षक रिटर्न का वादा करते हुए विभिन्न निवेश योजनाओं की पेशकश की थी जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपना पैसा निवेश किया था। आरोप है कि कंपनी ने निवेशकों को कोई पैसा नहीं लौटाया।

# उच्चतम न्यायालय ने महिला की नजरबंदी को बताया अवैध

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ असंवेदशीलता के लिए कर्नाटक उच्च न्यायालय को लगाई फटकार

उच्चतम न्यायालय ने 25 वर्षीय एक महिला को उसके माता-पिता द्वारा नजरबंद रखने को अवैध करार देते हुए बुधवार को उसकी रिहाई का आदेश दिया। न्यायालय ने साथ ही मामले से निपटने में संवेदनशीलता की कमी के लिए कर्नाटक उच्च न्यायालय को फटकार भी लगाई। शीर्ष अदालत महिला के पुरुष मित्र की बंदी प्रत्यीक्षण याचिका को ठुकराये जाने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई कर रही थी।

याचिकाकर्ता ने महिला साथी को उसके माता-पिता द्वारा नजरबंद करने के लिए उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले के अजीबोगरीब तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्देश पारित करने से पहले महिला, उसके माता-पिता के साथ-साथ पुरुष के माता-पिता से भी बातचीत की। पीठ ने कहा कि महिला वयस्क होने के नाते अपने पुरुष साथी के माता-पिता के साथ जाने की इच्छा रखती है।

पीठ ने कहा, हमारा मानना है कि माता-पिता द्वारा प्रतिवादी (महिला) को लगातार नजरबंद रखना गैरकानूनी है। पीठ ने कहा, किसी भी मामले में, एक बालिग लड़की को उसकी इच्छा के खिलाफ कुछ करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। पीठ ने महिला के माता-पिता को 48 घंटे के भीतर उसका पासपोर्ट, अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज और निजी सामान सौंपने का निर्देश दिया।

समस्या | सांख्यिकी ब्यूरो ने बताया-देश की कुल जनसंख्या 1.4 अरब

# जनसंख्या वृद्धि पर चीन को मिली चुनौती

बीजिंग, एजेंसी

चीन में कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों को हटाए जाने के बाद मृत्यु दर बढ़ने और जन्म दर कम होने के कारण 2023 में जनसंख्या 20 लाख कम हो गई। चीन की जनसंख्या 2023 के अंत तक साल-दर-साल 20.80 लाख से कम होकर 1.409 अरब रह गई है।

चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से बुधवार को यह जानकारी दी गई। ब्यूरो की विज्ञप्ति के अनुसार आधुनिक चीन गंभीर जनसांख्यिकीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें लिंग असंतुलन और बढ़ती आबादी शामिल है, जो 1970 के दशक के अंत में शुरू की गई चीन की एक-परिवार-एक-बच्चा नीति द्वारा लाई गई थी। जिसके तहत शहरों में परिवारों को केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी और गांवों में यदि पहला बच्चा लड़की हो तो दो।

ब्यूरो ने बताया कि 2013 में बीजिंग ने इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिबंधों में ढील दी। उन जोड़ों को अनुमति दी, जहां परिवार में एकमात्र बच्चा है, उन्हें दूसरा बच्चा पैदा करने की अनुमति दी गई और संसोधन करते हुए 2016 में सभी जोड़ों को एक से अधिक बच्चे पैदा करने की अनुमति दी गई।

### कई वर्षों में धीरे-धीरे कम हो रही मृत्यु दर

चीन में जन्म दर पिछले कई वर्षों में धीरे-धीरे कम हो रही है, 2016 में 1.77 करोड़, 2017 में 1.72 करोड़, 2018 में 1.52 करोड़, 2019 में 1.46 करोड़, 2020 में 1.2 करोड़, 2021 में 1.06 करोड़ और 2022 में 95 .60 लाख दर्ज की गयी। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने पहले कहा था कि चीन ने 2022 में रिकॉर्ड-कम संख्या में विवाह दर्ज किए, केवल 68 .33 लाख जोड़ों ने अपने रिश्ते को औपचारिक रूप दिया, जो 37 वर्षों में सबसे कम है।

# मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद जाऊंगा अयोध्या: पवार

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि वह मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद श्रीराम की पूजा करने के लिए अयोध्या जाएंगे। पवार ने 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय को लिखे एक पत्र में कहा कि वह 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए मिले निमंत्रण को लेकर आभारी हैं, लेकिन वह उस दिन इसमें शामिल नहीं हो सकेंगे।

उन्होंने कहा, मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम, आस्था और भक्ति के प्रतीक हैं। बड़ी संख्या में रामभक्त समारोह में शामिल होंगे और उनके जरिये आनंद मुझ तक भी पहुंचेगा। 22 जनवरी के बाद रामलला के दर्शन सुगम हो जाएंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद परिवार के साथ जाऊंगा राम मंदिर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि वह 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद सपरिवार अयोध्या जायेंगे और वहां राममंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। दिल्ली सरकार की तीर्थाटन योजना के तहत यहां द्वारकाधीश के लिए रवाना हो रहे वृद्धों से मिलने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में केजरीवाल ने कहा मैं अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहता हूं।